
सुप्रभात
रांची, गुरुवार
01.08.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net सावन, कृष्ण पक्ष, द्वादशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 23

10 दीपिका डच प्रतिद्वंद्वी को हराकर 1/8 एलिमिनेशन राउंड में पहुंचीं

## न्यूज डायरी

### ऑटो और ई-रिक्शा चालकों का ड्रेस कोड

**रांची।** झारखंड परिवहन विभाग ने ऑटो और ई रिक्शा चालक वाहनों के लिए ड्रेस कोड लागू कर दिया है। अब जल्द ही ऑटो और ई-रिक्शा चालक यूनिफॉर्म में दिखेंगे। इस संबंध में राज्य के परिवहन विभाग की ओर से आदेश जारी किया गया है। ऑटो रिक्शा चालकों के लिए खाकी रंग और ई-रिक्शा चालकों के लिए नीले रंग का यूनिफॉर्म पहनना होगा।

### मूसलधार बारिश, कई घरों में घुसा पानी

**रांची।** राजधानी रांची समेत पलामू, गढ़वा, लोहरदगा समेत राज्य के कई इलाकों में बुधवार को पहली तेज बारिश हुई। बारिश से फायदा और नुकसान भी सामने आया है। शहरी क्षेत्र में बारिश के कारण सड़क एवं घरों में भारी जलभराव हो गया है। ग्रामीण क्षेत्र में किसानों के चेहरे पर मुस्कान लौट गयी है। चार घंटे की बारिश में जिले के करीब करीब खेतों में पानी भर जाने की खबर है। खेतों में पानी देखकर किसान एक बार फिर कृषि कार्य में जुट गये हैं। तमाम जिलों मे भारी बारिश से शहरों में हर जगह पानी लग गया। निचले इलाके के घरों में भी पानी घुस गया।

### धनबाद से नीट मामले में दो और हिरासत में

**धनबाद।** नीट यूजी 2024 पेपर लीक मामले में पटना की सीबीआइ टीम ने बुधवार की सुबह धनबाद में कई स्थानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। इस दौरान एक कार चालक दो लोगों को हिरासत में लिया है। पिछले दिनों तालाब से बरामद मोबाइल का डाटा कलेक्ट करने का प्रयास कर रही है। टूटा मोबाइल काफी दिनों तक पानी में रहने से इसके पार्ट्स प्रभावित हो सकते है। बरामद मोबाइल में दो आइफोन भी है।

### पूर्व मंत्री बच्चा सिंह पंचतत्व में विलीन

**रांची।** राज्य के पूर्व नगर विकास मंत्री बच्चा सिंह का अंतिम संस्कार मंगलवार को हिंदू रीति-रिवाज के साथ बनारस में मणिकर्णिका घाट पर किया गया। भतीजा अभिषेक सिंह उर्फ गुड्डू ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में पूर्व मंत्री के बड़े भाई व बलिया के पूर्व विधायक विक्रमा सिंह, भतीजा व पूर्व डिप्टी मेयर एकलव्य सिंह, हर्ष सिंह, आदर्श सिंह, जितेंद्र सिंह के अलावा जमसं (बच्चा गुट) के कई नेता मौजूद थे।

### कांवरियों से भरी बस पलटी, चार घायल

**गिरिडीह।** रांची-दुमका सड़क पर सरिया थाना क्षेत्र के बराकर पुल के समीप नीमाटांड़ गांव के पास सवारियों से भरी एक बस पलट गयी। राहत की बात यह रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। चार लोगों लोगों को चोटें आयीं। जानकारी के मुताबिक भागलपुर से रांची जाने वाली बुधवार की सुबह बराकर नदी पारकर के पास पलट गयी। चालक को नींद आने के कारण यह हादसा हुआ।


गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 65100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 87000 रु./प्रति किलो |





## कार्यवाही स्थगित होने के बाद अंधेरे में बैठे हैं एनडीए विधायक

# विधायकों से मिले सीएम, नहीं बनी बात

**सीएम से सभी मुद्दों पर बयान देने की कर रहे हैं मांग**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम पर वादाखिलाफी का आरोप और उनसे सभी जवालों के जावाब की मांग पर बुधवार को भाजपा के तमाम विधायक सदन स्थगित होने के बाद भी अंधेरे में ही वहीं वेल में डटे हैं। सदन की बिजली-पानी कनेक्शन भी काट दिया गया है। इस बीच सीएम हेमंत सोरेन भी भाजपा विधायकों से मुलाकात करने वेल पहुंचे। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी और अन्य नेताओं ने सीएम के समक्ष अपनी मांगें रखी। इस पर सीएम ने विधानसभा के नियम की बात कहते हुए कहा कि उनके जवाब को लेकर वे पहले विधानसभा के अध्यक्ष से बात करेंगे, उसके बाद ही सदन के अंदर किसी तरह का जवाब देंगे। भाजपा विधायकों से बात करके सीएम सदन से निकल गये। जानकारी के अनुसार भाजपा विधायकों का कहना है कि सीएम से बात पूरी नहीं हुई है, इसलिए रातभर वे सभी सदन में ही रुकेंगे। उधर नयी दिल्ली में झारखंड भाजपा के प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि झारखंड में उनके विधायकों को सदन में बंधक बना लिया गया है। (शेष 11 पर)




### विपक्षी सदस्यों का सीएम पर वादाखिलाफी का आरोप

विपक्षी सदस्यों ने सीएम हेमंत सोरेन पर नौकरियों के नाम पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया। सरकार ने झारखंड के युवाओं को पांच लाख नौकरी देने का वादा किया था। उसका क्या हुआ। सवाल का जवाब देते हुए हेमंत सोरेन ने भाजपा पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष उनका जवाब सुनने के लिये तैयार रहे। इस बीच, भाजपा विधायक अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करने लगे। वे नारेबाजी कर रहे थे कि सरकार की मनमानी नहीं चलेगी। आसन ने विपक्ष से आग्रह किया कि सदन शांतिपूर्ण तरीके से चलने दें। सदन नहीं चलेगा, तो इससे केवल विपक्ष को ही नहीं, बल्कि सबको नुकसान होगा। स्पीकर की भी अपील किसी ने नहीं सुनी। विपक्षी विधायकों के हंगामे के बीच सत्ता पक्ष के विधायक भी हंगामा करते हुए आसान के सामने पहुंच गये।

### विधायकों को बंधक बना लिया गया : वाजपेयी

बुधवार को झारखंड विधानसभा में एनडीए विधायकों के धरना का मामला राजनीतिक तूल पकड़ने लगा है। इसकी तपिश दिल्ली तक पहुंच गयी। झारखंड भाजपा के प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने एक बयान जारी कर आरोप लगाया है कि विधायकों को बंधक बना लिया गया है। बिजली काट दी गयी है। विधायकों को पानी तक नहीं दिया जा रहा है। उन्हें बाथरूम भी जाने नहीं दिया जा रहा है। चारों तरफ मार्शल लगा दिये गये हैं।

यह लोकतंत्र की हत्या है। उन्होंने कहा कि अमर बाउरी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अधूरे वादों पर जवाब की मांग की थी। इस पर स्पीकर ने कार्यवाही को स्थगित कर दिया। इससे आहत एनडीए विधायक सदन के भीतर वेल में धरना पर बैठ गये। उन्होंने सरकार से मांग की है कि धरना पर बैठे एनडीए विधायकों को सदन से बाहर आने दिया जाये। साथ ही अनुबंध कर्मियों की मांगों को अविलंब पूरा करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र का गला घोटने के समान है।

#### ये विधायक हैं सदन के अंदर

सुनीता चौधरी, पुष्पा देवी, नीरा यादव, अपर्णा सेनगुप्ता, अमर कुमार बाउरी, बिरंची नारायण, सी पी सिंह, नीलकंठ सिंह मुंडा, भानु प्रताप शाही, रणधीर सिंह, अमित मंडल, आलोक चौरसिया, नवीन जयसवाल, लंबोदर महतो, किशुन दास, कुशवाहा शशिभूषण मेहता, समरी लाल, अनंत ओझा, राज सिन्हा, रामचंद्र चंद्रवंशी, नारायण दास, केदार हाजरा और कोचे मुंडा।

## माहौल कांग्रेस के पक्ष में अति आत्मविश्वास से बचें

### मोदी सरकार ने झटके से भी सबक नहीं ली : सोनिया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सोनिया गांधी ने लोकसभा चुनाव के नतीजों का हवाला देते हुए बुधवार को पार्टी नेताओं से कहा कि देश में माहौल पार्टी के पक्ष में है, लेकिन अति आत्मविश्वास और आत्मसंतुष्टि नहीं होनी चाहिए तथा एकजुट होकर काम करना है। उन्होंने कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर तीखा प्रहार किया। साथ ही आरोप लगाया कि पीएम मोदी की सरकार लोकसभा चुनाव में लगे झटके से सबक लेने के बजाय अब विभाजन और डर फैलाने की अपनी नीति पर कायम है। सीपीपी की बैठक की शुरूआत में, केरल के वायनाड में भूस्खलन और दिल्ली के कोचिंग संस्थान में जान गंवानेवालों के सम्मान में कुछ देर मौन रखा गया।

#### भाजपा और संघ पर हमला

संसदीय दल के प्रमुख के तौर पर अपने भाषण में सोनिया गांधी ने मोदी सरकार, भाजपा एवं आरएसएस पर तीखे हमले किये। उन्होंने कहा, हमें लगता था कि मोदी सरकार लोकसभा चुनाव में लगे बड़े झटके से सही सबक लेगी। इसके बजाय, वह समुदायों को विभाजित करने तथा भय और शत्रुता फैलाने की अपनी नीति पर कायम है। उन्होंने दावा किया, नौकरशाही को आरएसएस की गतिविधियों में भाग लेने की

#### झारखंड चुनाव पर भी चर्चा

सोनिया गांधी ने महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव तथा जम्मू-कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव की संभावना के मद्देनजर चर्चा की। उन्होंने पार्टी नेताओं में जोश भरने का प्रयास किया। उन्होंने कहा, कुछ ही महीनों में चार राज्यों में चुनाव होने हैं। हमें लोकसभा चुनाव में बनी स्थिति को बरकरार रखना चाहिए। हमें आत्मसंतुष्ट और अति आत्मविश्वासी नहीं बनना चाहिए। माहौल हमारे पक्ष में है, लेकिन हमें लक्ष्य को ध्यान में रखने की भावना के साथ एकजुट होकर काम करना होगा। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि यदि कांग्रेस आगामी चुनावों में भी बेहतर प्रदर्शन करती है तो राष्ट्रीय राजनीति में बदलाव आयेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय बजट में किसानों और युवाओं की मांगों को नजरअंदाज किया गया है।

## राज्य में शीघ्र गठित होगा जल संसाधन आयोग : चंपई सोरेन

### अगस्त में केंद्र को भेजी जायेगी सुखाड़ पर रिपोर्ट : कृषि मंत्री

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन बुधवार को सदन में जल संसाधन मंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि झारखंड में जल्द ही जल संसाधन आयोग का गठन किया जायेगा। आयोग का गठन हो जाने के बाद राज्य में वृहद जलाशय का रोड मैप सरकार की ओर से तैयार किया जायेगा। वृहद जलाशय से केनाल या पाइप लाइन के जरिये खेतों तक पानी पहुंचाने का काम सरकार करेगी। इस योजना पर काम हो रहा है। जल्द इसका परमानेंट समाधान किया जायेगा। श्री सोरेन, विधायक प्रदीप यादव के एक सवाल के जवाब में बोल रहे थे। वहीं कृषि मंत्री ने कहा कि अगले माह अंत तक सुखाड़ पर रिपोर्ट भेज दी जायेगी। विधायक प्रदीप यादव ने ध्यानाकर्षण के जरिये राज्य में बन रही सुखाड़ की स्थिति का मामला उठाया था। उन्होंने कहा कि राज्य में सिर्फ 10 फीसदी धान की रोपनी ही हो सकी है। राज्य में फिर सुखाड़ की स्थिति बन गयी है। कृषि विभाग सिर्फ रूटीन वर्क ही कर रहा है। इसका स्थायी समाधान होना चाहिये। चंपई सोरेन ने कहा कि सुखाड़ से निबटने के लिए स्थायी समाधान की कार्य योजना भी तैयार की जायेगी।

#### सुखाड़ की स्थिति से निपटने की तैयारी



कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि कृषि विभाग सुखाड़ से निजात पाने की तैयारी कर रही है। आकस्मिक हालात से निपटने के लिए कंटेनजेंसी प्लान तैयार है। विभाग मॉनिटरिंग कर रही है। अगस्त के अंतिम में विभाग केंद्र सरकार को सुखाड़ की रिपोर्ट भेजेगा। वर्ष 2024-25 में विभाग ने मोटे अनाज के लिये 50 करोड़ निर्धारित किया है। इन दौरान भाजपा विधायक वेल में रहे और नारेबाजी की। इसके बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

#### अबुआ आवास में संशोधन का मामला

कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने अबुआ आवास योजना का मामला सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना के क्रियान्वयन के लिये राज्य सरकार ने प्रभावी एसओपी तैयार किया है। पर कार्यान्वयन में अनेक खामियां नजर आ रही है। इस पर ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि इसे दूर करने के लिये कमेटी बनायी जायेगी। इसमें डीसी और विधायक भी शामिल होंगे।

### इजरायल ने अपने दो दुश्मनों को मार गिराया

**नयी दिल्ली।** इजराइल ने 24 घंटे में दो दुश्मन देशों को बड़ा झटका दिया है। बेरूत पर एक अप्रत्याशित हमले के बाद एक हिज्बुल्लाह कमांडर को मार गिराने का दावा किया। इससे पहले ईरान के अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड' ने बताया कि इजराइल ने तेहरान में हमास नेता इस्माइल हनियेह की हत्या कर दी है। हिज्बुल्लाह कमांडर कथित तौर पर सप्ताहांत में इजराइल नियंत्रित गोलान हाइट्स में रॉकेट हमले के लिए जिम्मेदार था।

## सदन में विपक्ष पर सीएम हेमंत सोरेन ने साधा निशाना, कहा

# जब से जेल से निकला हूं, उन्हें कांटा चुभ रहा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन बुधवार को सदन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विपक्ष पर खुलकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब से मैं जेल से बाहर आया हूं, विपक्षियों को ज्यादा ही कांटा चुभ रहा है। विपक्षियों की बहुत सारी चिंताएं हैं। सीट पर बैठ नहीं पाते हैं। इनकी कुर्सी में कांटा है। झट से खड़े हो जाते हैं। विपक्षियों को भरपूर रूप से संतुष्ट करेंगे। इनका धरना-प्रदर्शन भी देखा, इनकी मंशा भी समझ लिया। सभी सवालों को नोट किया जा रहा है, इसका बिंदुवार जवाब दिया जायेगा। नौकरी से लेकर बाकी सारी इच्छाओं का भी इनको जवाब मिलेगा। आपलोग जरूर सुनियेगा।

#### साहेबगंज जलापूर्ति योजना पूरी करेंगे



मुख्यमंत्री सदन में अनंद ओझा के पेयजलापूर्ति से जुड़े एक सवाल के जवाब में खड़े हुए थे। इससे पहले अनंत ओझा और पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर के बीच साहेबगंज जलापूर्ति योजना को लेकर बहस चल रही थी। हेमंत सोरेन ने कहा कि अनंत ओझा हमारे जिले के साथी हैं। दो दिन पहले ही मैंनें जलापूर्ति योजना को देखा था। 2013-14 में मैंने ही इसकी आधारशिला रखी थी। वहां पर कई समस्याएं हैं। गंगा नदी सामान्य नदी नहीं है। गंगा नदी से पानी लेने की लंबी प्रक्रिया है। देश के एक बड़े व्यापारी अडानी का भी फोन आया था। इस प्रोजेक्ट के लिए काफी डायवर्जन करना पड़ा। कई अचड़ने आयी हैं। इस विषय पर मैं संज्ञान लेता हूं। इसको मैं खुद देखूंगा। जल्द से जल्द मिलजुल कर ये काम पूरा करेंगे।

## हेमंत के नेतृत्व में झारखंड खूब तरक्की करे : गंगवार

### 12वें राज्यपाल को एक्टिंग चीफ जस्टिस ने दिलायी शपथ



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के नव नियुक्त राज्यपाल संतोष गंगवार ने बुधवार को राज्य के 12वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली। झारखंड हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने राजभवन के बिरसा मंडप में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। इससे पूर्व मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने राज्यपाल की नियुक्ति संबंधी वारंट को पढ़ा। शपथ ग्रहण के बाद संतोष गंगवार ने जोहार के साथ अपना संबोधन शुरू किया। राज्यपाल ने पत्रकारों से कहा कि यह झारखंड प्रकृतिक और खनिज संपदा से परिपूर्ण है। हम उम्मीद करते हैं कि सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड काफी अच्छे ढंग से तरक्की करेगा। मौके पर मुख्यमंत्री, झारखंड विधानसभा अध्यक्ष, राज्य मंत्रिमंडल के सभी सदस्य, झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, सांसद, विधायक, तमाम आलाधिकारी व अन्य गणमान्य अतिथि भी मौजूद थे। शपथ लेने से पहले संतोष गंगवार ने बिरसा मुंडा स्मृति पार्क में बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित की। उन्हें नमन किया। (शेष 11 पर)

#### झारखंड को काफी लाभ मिलेगा : हेमंत

शपथ ग्रहण के बाद सीएम हेमंत सोरेन समेत कई मंत्रियों ने संतोष गंगवार को फूलों का गुलदस्ता देकर शुभकामनाएं और बधाई दी। इस मौके पर सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि पूरे झारखंड वासियों की ओर से नये राज्यपाल संतोष गंगवार जी का स्वागत करते हैं, राज्यपाल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इनका लंबा राजनीतिक अनुभव रहा है, जिसका लाभ झारखंड को मिलेगा, ऐसी उम्मीद करते हैं।

## आंगनबाड़ी केंद्रों को और विकसित करने की बनी योजना

# एक ही कैंपस में होंगे ओल्ड एज और चिल्ड्रेन होम

सुधीर

**रांची।** चाइल्ड इन कंफ्लिक्ट विद ला के लिये रांची जिले में 1107.23 लाख से 50 शैय्या वाले एक प्लेस आफ सेप्टी के निर्माण की योजना है। इसके तहत राज्य के तीन जिला दुमका, पलामू और लातेहार में ऐसे तीन होम तैयार किये जाने की योजना है, जिसमें एक ही कैंपस में ओल्ड एज होम और चिल्ड्रेन होम भी होंगे। महिला बाल विकास सचिव कृपानंद झा ने बताया कि राज्य में कुल 37 हजार 432 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 6850 केन्द्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र के रूप में विकसित किया जायेगा। साथ ही 29 हजार से ज्यादा सेविकाओं को स्मार्ट मोबाइल उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा 10 हजार से ज्यादा आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवन का निर्माण डीएमएफटी/ सीएसआर फंड के तहत कराने की योजना है। साथ ही केन्द्रों में एलपीजी सिलेंडर, वाटर प्यूरीफायर और स्मार्ट टीवी आदि जैसी सुविधा दी जायेगी। (शेष 11 पर)

#### सेवाओं को और प्रभावी बनाने का प्रयास



सेविकाओं और सहायिकाओं को सुविधा देने के साथ केन्द्रों में प्रदाय सेवाओं को ज्यादा प्रभावकारी बनाने का प्रयास भी विभाग की ओर से किया जा रहा है। मातृ किट वितरण की योजना सरकार ने शुरू की है। साथ ही सेनेटरी नैपकिन का भी वितरण किया जायेगा। राज्य में विधवा पुनर्विवाह पर सरकार की ओर से दो लाख रुपये की आर्थिक राशि उपलब्ध कराई जायेगी। चालू वित्तीय वर्ष में 11 हजार 880 कन्याओं को विवाह पर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गयी है। राज्य में 6 लाख गर्भवती महिलाओं को लाभान्वित करने के लिए योजना शीघ्र प्रारंभ करने की कार्यवाही की जा रही है। वहीं बाल कल्याण के तहत विषम परिस्थितियों में रह रहे बच्चों के संरक्षण और देखभाल के लिये बच्चों को 4 हजार रुपये प्रति बच्चा स्पॉन्सरशिप उपलब्ध कराया जा रहा है। अब तक यह लाभ 4 हजार 497 बच्चों को दिया जा चुका है। विधि के उल्लंघन में लिप्त बच्चों के मामलों के निपटारा हेतु सृजित किशोर न्याय बोर्ड को बढ़ाकर 26 किया गया है, ताकि ऐसे मामलों में उचित एवं त्वरित निपटान किया जा सके।

# एसपी अपने जिले में व्यवस्था की करें समीक्षा: अनुराग गुप्ता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के प्रभारी डीजीपी अनुराग गुप्ता अपराध नियंत्रण, विधि व्यवस्था को लेकर गहन समीक्षा करेंगे। इसको लेकर सभी जिलों के पुलिस कप्तान को समीक्षा का निर्देश दिया है। उन्होंने डीआईजी और आईजी को भी समीक्षा करने को कहा है। इसके बाद डीजीपी समीक्षा करेंगे।

### इन बिंदुओं पर होगी समीक्षा

1 जनवरी 2024 से अब तक राज्य के विभिन्न जिलों में रंगदारी, लेवी वसूलने के उद्देश्य से अपराधियों, उग्रवादियों द्वारा संपत्ति का नुकसान करने संबंधी कांड की समीक्षा, वर्दी के साथ नेम प्लेट पहनना, महिला थाना, साइबर और सामान्य थाना की समीक्षा, पुलिस कंट्रोल रूम, झारखंड ऑन लाइन प्राथमिकी की समीक्षा, 112 की समीक्षा, नक्सलियों एवं अपराधियों पर रिवार्ड घोषणा करना और ट्रैफिक व्यवस्था पर समीक्षा होगी।

OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI
5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001

RC/143/2022

NOTICE TO SHOW CAUSE WHY A WARRANT OF ARREST SHOULD NOT BE ISSUED

[UNDER RULE 73 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH SECTION, 29 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993]

BANK OF INDIA
Versus
BHAWANI ENTERPRISES

To
(CD1)BHAWANI ENTERPRISES
Near DAV School Siyari, Village Siyari
Sindoor PO Sudhar Vidyalayam PS Sadar
Hazaribagh-825301
(CD2)ANITA DEVI
Navadih Siyari Sindoor Sadar
Hazaribagh-825301

Whereas you have failed to pay the amount of arrears specified in the **OA/99/2020** drawn up by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI for recovery of **Rs. 2125681.00 (Rupees Twenty One Lakhs Twenty Five Thousands Six Hundred Eighty One Only)** along with interest plus cost payable by you as per certificate and it is proposed to execute the above Certificate by Arrest and Imprisonment of your persons.

You are hereby required to appear before the undersigned on **06/09/2024** and to show cause why you should not be arrested and committed to the CIVIL PRISON in execution of the said Certificate.

Given under my HAND and the SEAL of the Tribunal, on this date: **10/06/2024.**

Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI

पत्रांक–.................(ii)/खेल,
समाहरणालय सिमडेगा
(पर्यटन, कला-संस्कृति एवं खेलकूद, युवाकार्य शाखा)

एतत् द्वारा सर्वसधारण सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड रॉंची के पत्रांक– 361/ दिनांक– 23.07.2024 के द्वारा विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता/प्रतिभागी झारखण्ड राज्य के खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को उनकी उपलब्धि के आधार पर नकद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि) दिए जाने हेतु राशि एवं मानक पुनर्निधारित किए गये हैं। तदालोक में झारखण्ड राज्य के वैसे खिलाड़ी, जिन्होने दिनांक–01.04.2023 के बाद अन्तर्राष्ट्रीय/भारतीय ओलम्पिक संघ से मान्यता प्राप्त खेलों की विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं आदि में पदक प्राप्त किए हों अथवा भागीदारी की हो तथा विभागीय संकल्प संख्या– 03 दिनांक– 11.03.2023 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत पुरस्कार राशि (सम्मान राशि) प्राप्त करने की अहर्त्ता धारित करते हों उनसे नकद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि) हेतु विहित प्रपत्र में संबंधित जिला खेल पदाधिकारी के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया गया है।

विभागीय संकल्प में उल्लेखित प्रावधानों के तहत नकद पुरस्कार राशि/सम्मान राशि प्राप्त करने का अहर्त्ता रखते हों वैसे अहर्त्ताधारी खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षक अपना आवेदन विहित प्रपत्र में पूर्ण रुप से भरकर दिनांक– 05/08/2024 तक जिला खेल पदाधिकारी के कार्यालय, सिमडेगा में 3:30 बजे अपराह्न तक अनिवार्य रुप अपलब्ध करायें।

**नोट :**– आवेदन का प्रपत्र एवं इससे विस्तृत जानकारी simdega.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह०/–
जिला खेल पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR 331360 Simdega (24-25)_D

जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, खूँटी

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
संख्या – 06/2024–25

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 07.08.2024 को (अपराह्न 01:00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 08.08.2024 को (अपराह्न 03:00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 08.08.2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी का कार्यालय।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी का कार्यालय
7. कार्यो का विस्तृत विवरणी :

| क्र. | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्रा० राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | अड़की | खूँटी जिला के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द, अड़की में Block Public Health Unit (BPHU) की स्थापना। | 50,00,000.00 | 1,00,000.00 | 10000.00 | 06 माह |

नोट : 1. विस्तृत निविदा सूचना एवं शर्तें कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
2. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी

PR 331406 District (24-25)_D

कार्यालयः रॉंची नगर निगम, रॉंची
(न्यायालय कोषांग), कचहरी रोड, रॉंची, पिन – 834001
e-mail :- support@ranchimunicipal.com

पत्रांक :– 277 | कोर्ट नोटिस | दिनांक :–30.07.2024

व अदालत
प्रशासक,
रॉंची नगर निगम, रॉंची।
1 JA/Reg. Case No.–30/2023 श्री शशिधरी कुमार – वादी
2 JA/Reg. Case No.–31/2023 श्री सुरेन्द्र कुमार उपाध्याय – वादी
बनाम
1) M/s Ananya Construction – प्रतिवादी

नोटिस बनाम :–
01- अमित प्रणय पाण्डेय, शारदा भूषण प्रसाद, विनय भूषण प्रसाद एवं श्रीमती उर्मिला देवी,
पता– आर. जे. आर्केड, तीसरा तल्ला, कचहरी रोड, रॉंची।

बजरिये इस नोटिस के माध्यम से आपलोगों को सूचित किया जाता है कि उक्त वादी ने आपलोगों के विरुद्ध फ्लैट निबंधन से संबंधित केस दायर किया है। न्यायालय द्वारा रजिस्टर्ड/निबंधित डाक द्वारा नोटिस भेजा गया, इसके बावजुद भी आप न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहें है।

अतः आप लोगों को सूचित किया जाता है कि दिनांक : 03.09.2024 को दिन के 1:00 बजे स्वयं या अपने विद्वान अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय, प्रशासक के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें।

इसे सख्त ताकित जानें।
प्रशासक, रॉंची नगर निगम के आदेशानुसार।

ह०/–
अपर नगर आयुक्त, रॉंची नगर निगम, रॉंची

PR 331324 Ranchi Municipal Corporation(24-25).D

झारखंड शिक्षा परियोजना, रामगढ़
जिला स्तरीय कार्यालय, राजकीय बुनियादी विद्यालय परिसर
गोला रोड, रामगढ़ कैंट
ई मेल :- ssa_ramgarh@rediffmail.com फोन नं0/फैक्स नं० – 06553–231133

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (सत्र-2024–25)

जिले में संचालित नेताजी सुभाश चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, पतरातू में सत्र–2024–25 के लिये खाद्य सामग्री, स्टेशनरी, मौसमी फल एवं सब्जी, मछली, चिकन, दूध, पनीर दैनिक उपयोग की वस्तुऐं, पोशाक एवं अन्य सामग्री की आपूर्ति हेतु राज्य में निबंधितइच्छुक संस्थानों के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता नेताजी सुभाश चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, पतरातू, रामगढ़ से निविदा प्रपत्र दिनांक–01.08.2024 से दिनांक–08.08.2024 तक कार्यालय अवधि में प्राप्त कर उसी विद्यालय में तकनीकि बिड एवं वित्तीय बिड अलग–अलग सीलबंद लिफाफे में दिनांक–10.08.2024 के अपराह्न 03:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे। क्रय समिति द्वारा दिनांक–12.08.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे नेताजी सुभाश चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, पतरातू (एस.एस. +2 हाई स्कूल, पतरातू परिसर, पतरातू, जिला–रामगढ़) में निविदा खोला जाएगा।

| क्र०सं० | विद्यालय का नाम | पता |
|---|---|---|
| 1 | नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, पतरातू, रामगढ़ | एस.एस. +2 हाई स्कूल पतरातू परिसर, पो०+थाना–पतरातू, जिला–रामगढ़, झारखण्ड, पिन कोड–839118 |

वर्ष 2024–25 का पैकेज विवरणी –**पैकेज संख्या 1**– खाद्य पदार्थ एवं अन्य सामग्री, **पैकेज संख्या 02**– हरी सब्जी, मछली, चिकेन, दूध, पनीर इत्यादि, **पैकेज संख्या 3**– पोशाक एवं अन्य वस्त्र तथा **पैकेज संख्या 4**– स्टेशनरी इत्यादि। पूर्ण एवं आवश्यक निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए (प्रत्येक पैकेज के लिए) Netaji Subhash Chandra Bose Awasiya Vidyalaya, Patratu के नाम से अप्रतिदेय (Non Refundable) 1000/- रूपये (एक हजार रूपये मात्र) राष्ट्रीयकृत बैंक के डिमांड ड्राफ्ट में देना अनिवार्य है। निविदा में किसी भी प्रकार की संशोधन अथवा रद्द करने का अधिकार जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, रामगढ़ के पास सुरक्षित होगा।

ह०/–
जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा अभियान, रामगढ़

PR 331340 District (24-25)_D

### मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को लेकर की बैठक, कहा

# कल्याणकारी योजनाओं को पूरी तैयारी के साथ धरातल पर उतारें

**राज्यभर में 30 अगस्त से 15 सितंबर 2024 तक आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम, झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, गुरूजी क्रेडिट कार्ड योजना, सावित्रीबाई किशोरी समृद्धि योजना और अबुआ आवास योजना समेत राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को लेकर वरीय अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में जेपीएससी एवं जेएसएससी की नियुक्ति प्रक्रियाओं की भी उन्होंने समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की कई योजनाओं के क्रियान्वयन में कई बार अड़चन आने की शिकायत मिलती है। ऐसे में पूरी तैयारी के साथ योजनाओं को धरातल पर उतारें। सीएम ने कहा कि राज्यभर में 30 अगस्त से 15 सितंबर 2024 तक आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण चलेगा। इस कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां समय पर पूरी करें। उन्होंने दूसरे चरण के कार्यक्रम में मिले आवेदनों के निष्पादन की पूरी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जो भी आवेदन जिस वजह से अभी भी लंबित है, उसका निष्पादन यथाशीघ्र करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना शुरू कर रही है। इस योजना के तहत 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को राज्य सरकार की ओर से प्रति माह एक हजार रुपए सम्मान राशि दी जायेगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस योजना से सभी योग्य पात्र बहन बेटियों को जोड़ने की दिशा में कदम उठायें। उन्होंने यह भी कहा कि सभी योग्य महिलायें इस योजना के लिए सहूलियत से आवेदन कर सकें, इसकी पुख्ता व्यवस्था करें।



### गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के लिए विशेष अभियान

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के गरीब बच्चे पैसे की तंगी के कारण उच्च शिक्षा से वंचित ना रहें। इसपर सरकार का विशेष जोर है। इस कड़ी में विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिये हमारी सरकार के द्वारा गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की गई है लेकिन, इस योजना को लेकर विद्यार्थियों में जानकारी का अभाव है। इस वजह से वे इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं। ऐसे में विशेष अभियान चला कर ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना से जोड़ने की पहल हो।

### रोजगार देने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध

सीएम ने कहा कि नौजवानों को रोजगार देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। बड़े पैमाने पर नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बैठक में झारखंड लोक सेवा आयोग और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा संचालित नियुक्ति प्रक्रियाओं को जल्द पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने नियुक्ति प्रक्रियाओं में पूरी पारदर्शिता बरतने को कहा। श्री सोरेन ने झारखंड आरक्षी प्रतियोगिता परीक्षा और झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन से संबंधित अद्यतन स्थिति की समीक्षा की और अहम निर्देश दिये। झारखंड अल्पसंख्यक एवं सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के विद्यार्थियों को साइकिल वितरण योजना, पोशाक योजना और सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ने की पहल करने, अबुआ आवास योजना के तहत आवास का मॉडल डिजाइन तैयार और इसी डिजाइन पर आवास का निर्माण कराने को कहा। बैठक में सीएस एल खियांग्ते, अविनाश कुमार, वंदना दादेल, के श्रीनिवासन, प्रवीण टोप्पो, प्रशांत कुमार, कृपानंद झा, विप्रा भाल आदि थे।

### मॉनसून सत्र : सदन स्थगित, फिर भी वेल में बैठे हैं भाजपा विधायक

# जब तक मुख्यमंत्री जवाब नहीं देंगे, तब तक सदन नहीं छोड़ेंगे भाजपा विधायक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विधानसभा के मॉनसून सत्र के चौथे दिन जोरदार हंगामे के कारण स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही गुरुवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी। सदन स्थगित होने के बावजूद भाजपा के विधायक वेल में धरने पर बैठे रहे। विधायकों का कहना है कि जब तक मुख्यमंत्री युवाओं, अनुबंध कर्मियों के मुद्दे सहित अपने घोषणा पत्र के किये सारे वादे पर जब तक जवाब नहीं देंगे, तब तक सभी वेल में नीचे बैठ रहेंगे। स्पष्ट जवाब मिलने के बाद ही भाजपा विधायक सदन छोड़ेंगे। खबर लिखे जाने तक भाजपा के सभी विधायक सदन में मौजूद थे, जबकि सदन की कार्यवाही गुरुवार सुबह 11.00 बजे तक के लिए स्थगित हो चुकी है। सत्ता पक्ष के विधायक भी सदन छोड़कर चले गये हैं।

दरअसल भोजनावकाश के बाद जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने हेमंत सोरेन द्वारा की गयी घोषणा का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को आज सदन के अंदर झारखंड के सभी विषयों, जिसमें पारा शिक्षक, सहायक पुलिसकर्मी, मनरेगा कर्मी, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका, रसोइया, पोषण सखी, जल सहिया, एएनएम जीएनएम, होमगार्ड, पंचायत सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर, डाटा ऑपरेटर, व्यवसायी प्रशिक्षित शिक्षक, अराजपत्रित कर्मचारी, भूमि संरक्षक जेई, दिव्यांगजन, जेएसएलपीएस, नगर पालिका सफाई कर्मचारी, बीआरपी-सीआरपी सहित सभी समस्त अनुबंध कर्मियों के स्थायीकरण, बेरोजगारी भत्ता, स्थानीय नीति, जेएसएससी घोटाला, जेपीएससी घोटाला पर जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री यदि सत्र के अंतिम दिन बोलकर चले जायेंगे तो अंतिम सत्र के कारण जनता को इन सभी विषयों पर जवाब नहीं मिल सकेगा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जब तक सीएम इन विषयों पर जवाब नहीं देंगे, भाजपा का कोई भी विधायक सदन से बाहर नहीं जायेगा।



### हेमंत सरकार पात्र लोगों को ₹12,000 बेरोजगारी भत्ता दे रही : सत्यानंद भोक्ता

विधानसभा मॉनसून सत्र के चौथे दिन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद भी हंगामा जारी रहा। एक तरफ जहां बीजेपी के तमाम विधायक अपनी मांगों के लेकर सदन के अंदर धरने पर बैठे रहे, वहीं दूसरी तरफ सदन से निकले सत्ताधारी दल के नेताओं का कहना है कि भाजपा का यह रवैया गलत है। मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि सदन के सदस्य जब जो जवाब चाहे, वह नहीं मिल सकता। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सभी सवालों का जवाब दिया जायेगा, बावजूद ये लोग सदन के अंदर बैठे हुये हैं। विपक्ष को नहीं पता कि हमने क्या वादा किया और क्या पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार लोगों को 12000 रुपये बेरोजगारी भत्ता दे रही और भाजापा के लोग 7000–8000 पर अटके हैं।

वहीं मंत्री दीपक बरुआ ने कहा कि यह निर्णय विधानसभा अध्यक्ष का विशेष अधिकार है और इस पर कोई टिप्पणी नहीं होनी चाहिये। सदन पक्ष और विपक्ष के मेल–जोल से चलता है। इसका परिचय आज विधानसभा अध्यक्ष ने दिया। विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि यह लोग संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं। जब सदन स्थगित हो गया तो यह लोग कह रहे हैं कि हम यही घर बना लेंगे। आप सवाल भाषण के माध्यम से करें और मुख्यमंत्री ने कहा है कि हम सारे सवालों का जवाब दे देंगे। इनमें धैर्य नहीं है। सिर्फ खंडन करने में यह लोग लगे रहते हैं। झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि भाजपा ने कटौती प्रस्ताव के वक्त अपने बारे में कोई हंगामा नहीं किया। लेकिन जब हमारी बारी आयी तो यह लोग हंगामा कर रहे थे। अगर यह लोग आसन पर पक्षपात का आरोप लगा रहे हैं तो हम सभी चीजों का जवाब देने के लिये तैयार है।

BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI
5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING),
KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001

O.A. No. 366 of 2023

BETWEEN
BANK OF INDIA, PITHORIA BR., RANCHI ....APPLICANT BANK
VS.
SANDEEP KUMAR .............DEFENDANTS

SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VIII) OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE)
RULES, 1993

| SR No | DEFENDANTS | ADDRESSES |
|---|---|---|
| 1. | SANDEEP KUMAR S/O HARISH KUMAR CHAURASIA | R/O VILLAGE - 99, KESHRI MUHALLA, NEAR HANUMAN MANDIR, P.O. & P.S. - PITHORIA, DIST.-RANCHI 834006 |

Whereas, the Applicant has instituted an Application u/s 19 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act 1993 against the Defendants for Recovery of sum of **Rs. 20,22,105.00/- (Rupees Twenty Lakhs Twenty Two Thousand One Hundred Five Only) together with current and future interest, cost for other reliefs,** The above mentioned Defendants is/are therefore directed to appear before **Registrar in on 25th day of Sep., 2024 at 10.30 A.M.** as to why the relief's prayed for should not be granted and to file show-cause in the matter. The notice that in case of default, the application will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and seal of this Tribunal on this the **19th day of July, 2024.**

ASHISH KARN
ASSISTANT REGISTRAR

## खबर एक नजर में

### बाबूलाल के सलाहकार रहे सुनील तिवारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न केस में चार्जफ्रेम पर रोक

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के करीबी और उनके प्रेस सलाहकार सुनील तिवारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न के केस में हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट द्वारा चार्जफ्रेम किए जाने पर रोक लगा दी है। सुनील तिवारी की याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में सुनवाई हुई। गौरतलब हो कि खूंटी की एक युवती ने सुनील तिवारी पर दुष्कर्म करने और जातिसूचक शब्द का इस्तेमाल करते हुए गाली देने का आरोप लगाया है।

### निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी

**रांची।** भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की क्रिमिनल याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने उन्हें मिली राहत को बरकरार रखते हुए पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को तीन सप्ताह तक विस्तार दिया है। सांसद निशिकांत दुबे ने उनके खिलाफ वर्ष 2023 में देवघर के मोहनपुर थाना में दर्ज कांड संख्या 281 को निरस्त करने के लिए याचिका दाखिल की है।

### हाई कोर्ट की टिप्पणी : ऐसा लग रहा जैसे प्रदूषण नियंत्रण विभाग ही फैला रहा है प्रदूषण

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने प्रदूषण नियंत्रण विभाग पर कड़ी टिप्पणी की है। कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा है कि झारखंड प्रदूषण नियंत्रण विभाग का काम प्रदूषण को रोकना है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि प्रदूषण विभाग ही प्रदूषण फैला रहा है। अदालत ने यह टिप्पणी लातेहार के पेयजल का एकमात्र सहारा औरंगा नदी व समीप के सोती झरने के पास बनाए गए डंपिंग यार्ड को हटाए जाने को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर की है। अदालत ने मामले की जांच के लिए एक कमिटी के गठन करने का निर्देश दिया है, इस कमिटी में पांच सदस्यीय वकीलों की टीम होगी, जो लातेहार के औरंगा नदी जाकर निरीक्षण करेगी और अदालत के समक्ष अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

### हाईकोर्ट में हाजिर हुए ऊर्जा सचिव अविनाश कुमार

**रांची।** ऊर्जा सचिव अविनाश कुमार कोर्ट में बुधवार को हाईकोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। उन्होंने अदालत को यह बताया कि किस नियम के तहत रिटायर्ड अधिकारियों को विभाग सेवा में लिया जाता है। वहीं राज्य सरकार की ओर से इस मामले में जवाब भी दाखिल किया गया। इसके बाद अदालत ने अगली पेशी में ऊर्जा सचिव को सशरीर पेशी से मुक्त करते हुए प्रार्थी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। दरअसल राजेश कुमार सिंह ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर इंडियन इलेक्ट्रिसिटी एक्ट के तहत बिजली बोर्ड में उच्च पदों पर प्रोफेशनल लोगों की नियुक्ति की मांग की है।

### सिलेबस से बाहर पूछे गए सवाल, याचिका दाखिल

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा सहायक आचार्य नियुक्ति की परीक्षा में पूछे गए सवालों को आउट ऑफ सिलेबस बताते हुए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। अभ्यर्थी कुंज बिहारी और अमितोष महतो ने अधिवक्ता कुशल कुमार एवं तेजस्विता सफलता के माध्यम से याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि 14 जून की प्रवेश परीक्षा में अभ्यर्थियों को उल्टे सवाल दे दिए गए।

### नये राज्यपाल का राजीव रंजन ने किया स्वागत



**रांची।** गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने राजभवन के बिरसा मंडप में झारखंड के 12वें राज्यपाल के रूप में शपथ लेने के बाद संतोष गंगवार को पुष्प गुच्छ भेंटकर बधाई दी। उम्मीद जताया कि नव नियुक्त राज्यपाल संतोष गंगवार के लंबे राजनैतिक और सामाजिक जीवन के अनुभवों का लाभ झारखंड एवं झारखंडवासियों को मिलेगा।

### मुख्यमंत्री के आदेश के बाद आदिवासी छात्र का बीआइटी सिंदरी में हुआ नामांकन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के आदेश के बाद पश्चिमी सिंहभूम के आदिवासी छात्र संजीव कुमार कर्मा का नामांकन बीआइटी सिंदरी में हो गया। संजीव का नामांकन कराने का आदेश मुख्यमंत्री ने धनबाद उपायुक्त को दिया था। मुख्यमंत्री को सूचित करते हुये उपायुक्त धनबाद ने बताया कि छात्र संजीव कुमार कर्मा का नामांकन बीआईटी सिंदरी में कर दिया गया है।

**यह है मामला :** मुख्यमंत्री को बताया गया कि पश्चिमी सिंहभूम निवासी आदिवासी छात्र संजीव कुमार कर्मा का नामांकन महज नौ हजार रुपये के अभाव में नहीं हो पाया है। काउंसिलिंग में उसे बीआइटी सिंदरी में आइटी ब्रांच आवंटित हुआ था, लेकिन नामांकन के लिए उसके पास पैसे नहीं थे। वह कई दिनों से संस्थान का चक्कर लगा रहा है। मामले की जानकारी के बाद सीएम ने उपायुक्त धनबाद को एडमिशन में सहायता पहुंचाते हुए सूचित करने का आदेश दिया था।

### चक्रधरपुर मंडल की 9 ट्रेनें आज रहेंगी रद्द

**रांची।** चक्रधरपुर मंडल में 30 जुलाई को ट्रेन संख्या 12810 हावड़ा – सीएसटीएम (मुम्बई) मेल के डिरेलमेंट की वजह से 9 ट्रेनें 1 अगस्त को रद्द रहेंगी। जो ट्रेनें रद्द रहेंगी वो निम्न हैं।

1. ट्रेन संख्या 08607/08608 हटिया – सांकी – हटिया पैसेंजर ट्रेन तथा ट्रेन संख्या 08617/08618 हटिया– सांकी – हटिया पैसेंजर
2. ट्रेन संख्या 13504/13503 हटिया – बर्द्धमान – हटिया मेमू ट्रेन
3. ट्रेन संख्या 18036/18035 हटिया – खड़गपुर – हटिया मेमू ट्रेन
4. ट्रेन संख्या 08695/08696 बोकारो स्टील सिटी–रांची–बोकारो स्टील सिटी
5. ट्रेन संख्या 08641/08642 आद्रा – बरकाकाना – आद्रा पैसेंजर
6. ट्रेन संख्या 18175/18176 हटिया – झारसुगुड़ा – हटिया एक्सप्रेस
7. ट्रेन संख्या 08195/08196 टाटानगर – हटिया – टाटानगर पैसेंजर
8. ट्रेन संख्या 18601/18602 टाटानगर – हटिया – टाटानगर एक्सप्रेस
9. ट्रेन संख्या 08151/08152 टाटानगर – बरकाकाना – टाटानगर पैसेंजर

# झारखंड विधानसभा में सरकार के इशारे पर आपातकाल की हुई पुनरावृत्तिः प्रतुल शाहदेव

**भाजपा ने विधानसभा के भीतर विधायकों की उपस्थिति के बावजूद बिजली पानी काटने की घटना को देश के लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय बताया, स्पीकर बने सरकार के टूल किट**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा ने बुधवार को राज्य सरकार और विधानसभा अध्यक्ष पर जोरदार हमला बोला। प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झामुमो सरकार ने देश के लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय लिख दिया। विधानसभा में सरकार के इशारे पर आपातकाल की पुनरावृत्ति हुई। पहली बार देश के इतिहास में विधायकों के रहते ही विधानसभा की बिजली पानी कटवा दी गई। महिला विधायकों को भी नहीं बख्शा गया। शौचालय तक पर जाने पर पाबंदी लगा दी गई। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में धरना प्रदर्शन का अधिकार सबको है लेकिन, जिस तरीके से आज सरकार ने अपना हिटलर शाही चेहरा दिखाया, वह शर्मसार करने वाला है। विधानसभा सत्ता और विपक्ष दोनों से मिलकर चलता है लेकिन, इस हेमंत सरकार ने विधानसभा पर कब्जा कर लिया है। नेता प्रतिपक्ष सदन में मुख्यमंत्री से अनुबंध कर्मी, पारा शिक्षक, सहायक पुलिसकर्मी कंप्यूटर ऑपरेटर आंगनबाड़ी सेविका सहायिका का बेरोजगारी भत्ता, प्रतिवर्ष पांच लाख रोजगार, परीक्षाओं की सीबीआई जांच आदि मुद्दों पर बयान देने के लिए धरना पर बैठे थे। उन्होंने कहा कि स्पीकर का पद संवैधानिक पद होता है लेकिन झारखंड में स्पीकर सरकार के टूल किट बनकर रह गये हैं। युवाओं, बेरोजगारों एवं भाजपा नेताओं पर केस-मुकदमा करते-करते यह सरकार अब सारी सीमायें लांघ बैठी है। उन्होंने कहा कि इसी सरकार ने मुफ्त बिजली पानी देने की घोषणा की थी और इसी सरकार ने विधानसभा में विधायकों के रहते की बिजली पानी काट दी है। मौके पर प्रवक्ता रमाकांत महतो, मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह भी उपस्थित थे।



# आज से रांची के ग्रामीण क्षेत्र की जमीन का निबंधन महंगा

**रांची के इन ग्रामीण इलाकों में बढ़ा है सबसे ज्यादा सरकारी दर**

| इलाका | आवासीय | व्यवसायिक |
|---|---|---|
| बोड़ेया | 549622 | 988807 |
| पिर्रा | 508972 | 915675 |
| सिमलिया | 402348 | 723845 |
| एदलहात | 440124 | 440124 |
| टेंडर | 274062 | 493055 |
| कमड़े | 328876 | 591667 |
| नगड़ी | 278030 | 500191 |
| लालगुटवा | 320734 | 577019 |
| हुटुप | 234912 | 422619 |

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के ग्रामीण इलाकों में 1 अगस्त से जमीन और मकान की रजिस्ट्री महंगी हो जाएगी, इससे संबंधित प्रस्ताव पर मुहर लग चुकी है। जिले के शहरी ग्रामीण इलाकों में निबंधन शुल्क में अधिकतम 10 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। जिन इलाकों में निबंधक शुल्क में बढ़ोतरी होनी है, जिसका सीधा असर बुंडू नगर पंचायत और आरआरडीए क्षेत्राधिकार एवं सेंसस टाउन के इलाकों की भूमि के मूल्य एवं रजिस्ट्री फीस पर पड़ेगा। रांची में जमीन की सबसे ज्यादा कीमत कांके, ओरमांझी, नगड़ी,रातू और नामकुम इलाके में हुई है।

बता दें कि भू-राजस्व एवं निबंधन विभाग के निर्देश पर हर वर्ष निबंधन शुल्क में वृद्धि का पुनरीक्षण होता है। शहरी क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्रों में हर दो वर्ष में जमीन और मकान के रेट में वृद्धि की जाती है। वर्ष 2022 में अंतिम बार ग्रामीण इलाकों की भूमि, मकान और फ्लैट की कीमतों में 10% की वृद्धि की गई थी। सरकार के नियम के मुताबिक, हर 2 वर्ष पर ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में जमीन की सरकारी दर बढ़ाई जाती है। जिसका सीधा असर रजिस्ट्री में लगने वाले कोर्ट और स्टाम्प फीस पर पड़ता है।

## कोर्ट ने कहा- 8 साल से एक ही तरह का शपथ पत्र दे रही सरकार

# हाई कोर्ट ने नगर निगम से पूछा कहां चले गये रांची के 71 तालाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य सरकार की रिपोर्ट के आलोक में रांची नगर निगम से मौखिक पूछा जब सरकार कह रही है कि रांची में 71 तालाब थे तो ये तालाब कहां गए? अभी रांची में चार-पांच तालाब ही दिखते हैं, इन तालाबों को क्या भर दिया गया है, कोर्ट ने नगर निगम से रांची के 71 तालाब के संबंध में पूछा है कि क्या यह ड्रीम है या वास्तविकता है? कोर्ट ने रांची नगर निगम से रांची के तालाबों के संबंध में विस्तृत जानकारी मांगी है।

इससे पूर्व राज्य सरकार की ओर से रिपोर्ट दाखिल कर रांची में जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं रांची के तालाबों के संबंध में जानकारी दी गई। इस पर कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2016 में भी राज्य सरकार ने शपथ पत्र दाखिल कर रांची सहित झारखंड में पेयजल की कमी दूर करने के संबंध में लॉन्ग टर्म प्लान एवं धुर्वा, कांके और गेतलसूद डैम सहित हिनू नदी से अतिक्रमण हटाने की बात कही थी, लेकिन इसका अनुपालन नहीं किया गया है। आठ सालों के बाद भी रांची के जल स्त्रोतों और डैम में अतिक्रमण है। स्थिति यह है राज्य सरकार आज भी अपनी रिपोर्ट में उन्हीं बातों को दोहरा रही है जिसे उन्होंने 8 साल पूर्व शपथ पत्र में बताया था। जिस पर कोर्ट ने मौखिक कहा कि रांची में हालात खराब हैं हरमू नदी, जुमार नदी में अतिक्रमण देखा जा सकता है।

कांके डैम, धुर्वा डैम में कैचमेंट एरिया का अतिक्रमण कर जल संचय की क्षमता को घटा दिया गया है। 10 सालों के बाद रांची में पेयजल की भारी किल्लत हो सकती है, इस साल भी अबतक 35% कम वर्षा हुई है। अगले साल गर्मी में रांची के लोगों को फिर से पेयजल संकट का सामना करना पड़ सकता है। यह जनहित याचिका वर्ष 2011 से चल रही है लेकिन राज्य सरकार की ओर से केवल शपथ पत्र पर शपथ पत्र दाखिल किया जा रहा है जो आधारहीन प्रतीत होता है। कोर्ट का भी समय-समय पर लगातार रांची सहित पूरे झारखंड पानी की संकट दूर करने के संबंध में आदेश आता रहा है लेकिन इसका अनुपालन नहीं हो रहा है। वर्ष 2011 में रांची की जनसंख्या कम थी अब 13 साल के बाद जनसंख्या भी काफी ज्यादा हो गयी है ऐसे में रांची के जल स्त्रोतों से अतिक्रमण हटाकर पानी का संचय काफी जरूरी है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 28 अगस्त निर्धारित की है। बुधवार को कोर्ट ने रांची में जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं रांची के तीन डैम की साफ -सफाई और उसे अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई की।

# टी-शर्ट घोटाला : राज्य सरकार ने कहा- जवाब तैयार है, दाखिल के लिए समय दें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड स्थापना दिवस पर टॉफी और टी-शर्ट बंटवारे में गड़बड़ी के मामले में सरकार ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है। बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से बताया गया कि इस मामले में जवाब तैयार कर लिया गया है, लेकिन दाखिल नहीं किया जा सका है। सरकार ने जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की। इस पर जस्टिस आर मुखोपाध्याय और जस्टिस पीके श्रीवास्तव की अदालत ने समय देते हुए सुनवाई 27 अगस्त को निर्धारित की।

अदालत ने इस दिन सरकार को विस्तृत जवाब और रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने सरकार को एसीबी की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट और महालेखाकार को ऑडिट रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया था। इस मामले में पंकज कुमार यादव ने जनहित याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि 15 नवंबर 2016 को राज्य स्थापना दिवस पर सरकार ने स्कूली बच्चों के बीच टी-शर्ट और टॉफी वितरण करने का निर्णय लिया था। उसी साल 13 और 14 नवंबर को खरीदारी की गयी और 15 नवंबर को सभी बच्चों के बीच इसे बांट दिया गया। महालेखाकार ने भी टी-शर्ट और टॉफी वितरण में गड़बड़ी की बात कही है। एजी की रिपोर्ट में भी इस पर आपत्ति जताई गई है।

### कुछ बच्चों में बांट कागज पर पूरा दिखाया गया

पांच लाख बच्चों के बीच एक ही दिन में टी-शर्ट बांट देने पर सवाल उठाते हुए प्रार्थी ने कहा कि झारखंड राज्य शिक्षा परियोजना परिषद के नोडल अफसर ने 14 नवंबर 2016 को टी-शर्ट और टॉफी प्राप्त की। उसे अगले ही दिन 15 नवंबर की सुबह में 5 लाख बच्चों के बीच बांट दिया गया। प्रार्थी के अधिवक्ता ने कहा कि सरकार के पास ऐसी कोई मशीनरी नहीं है कि एक ही दिन में सामग्री प्राप्त कर उसे अगले दिन की सुबह तक पहुंचा कर बांट दिया जाए। कुछ बच्चों को टॉफी और टी-शर्ट बांट कागज पर पूरा दिखा दिया गया है। दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई का आग्रह किया गया है।

## राशन कार्ड में नाम जोड़ने के लिए मंत्री बन्ना गुप्ता से मिले डॉ राकेश किरण

**रांची।** रांची जिला कांग्रेस कमिटी के डॉ राकेश किरण महतो बुधवार को खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता से मिले और राशन कार्ड में नए सदस्य जोड़ने के लंबित आवेदनों की यथाशीघ्र निष्पादन के संबंध में अवगत कराया। डॉ राकेश किरण ने कहा कि पूरे देश में भोजन का अधिकार कानून लागू है। हर निर्धन व्यक्ति को राशन देना सरकार की जिम्मेवारी है। उन्होंने बताया कि रांची जिला में पीएचएच राशन कार्ड में नए सदस्यों को जोड़ने संबंधी कुल 67530 आवेदन इरड से अग्रसारित करके लंबित है। पूरे राज्य में यह संख्या 857183 है। इससे जनता बेहद परेशान है तथा कई सारी सरकारी योजनाएं जिसमें राशन कार्ड होना अनिवार्य होता है से वे वंचित रह जा रहे हैं।

# मासूम के सामने कार ने मां को रौंदा, अस्पताल में मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रांची के पंडरा ओपी एरिया में कृषि बाजार के समीप तेज रफ्तार कार ने एक महिला को कुचल दिया। स्थानीय लोगों ने महिला को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गयी। जिस महिला की मौत हुई है, उसकी पहचान रिंकू देवी के रूप में की गयी। वह अपने बच्चे को स्कूल छोड़ने जा रही थी, उसी दौरान सड़क पार करते समय तेज रफ्तार कार ने महिला को कुचल दिया। हादसे के बाद कार का ड्राइवर कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। महिला की मौत से गुस्साए लोगों ने कार में तोड़फोड़ शुरू कर दी, हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने लोगों को शांत कराया।

**नशे में था ड्राइवर :** स्थानीय लोगों के अनुसार अनियंत्रित कार पिस्का मोड़ की तरफ से आ रही थी, इससे पहले भी कार चालक ने कुछ अन्य लोगों को भी टक्कर मारा था। पुलिस कार चालक के मालिक की तलाश कर रही है।

**बेटे को बताया गया : मां बेहोश है :** स्कूल यूनिफॉर्म में मां का हाथ थामे स्कूल जा रहे मासूम पीयूष की मां अब इस दुनिया में नहीं है, लेकिन पीयूष को सिर्फ इतना बताया गया है कि उसकी मां अस्पताल में बेहोश है।

# मोटर फेडरेशन ने तीन घंटे तक बंद कर नयी यातायात व्यवस्था का जताया विरोध



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मोटर फे डरेशन ने बुधवार को तीन घंटे की बंद कर नई यातायात व्यस्था का विरोध किया। झारखंड मोटर फेड्रेशन के प्रदेश अध्यक्ष ललित नारायण ओझा ने कहा कि गरीब के घर चूल्हा नहीं जलेगा, तो पूरी राजधानी को बंद करेंगे। गरीबों के पेट पर लात मारने वाले कानून का हम सभी विरोध करते हैं। साथ ही, जल्द निर्णय न होने की स्थिती में सभी संगठन को साथ लेकर बड़े आंदोलन का रुख करेंगे। रविवार तक जिला प्रसाशन नो एंट्री की पुरानी समय सारिणी को प्रभावी करे नहीं तो राजधानी के पच्चीस हजार घरों में चूल्हा जलने का संकट आ जायेगा। टेंपो, ठेला और लघु भार वाहन के कार्य करने वाले रोजाना काम करके अपने परिवार का भरन पोषण करते है। इनको न्याय मिलने तक आंदोलन चलता रहेगा। सभी सामान विचार धारा के संगठन के साथ हम लोग इस आंदोलन को जारी रखेंगे। रांची गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष ऋषि देव यादव ने कहा कि हम सभी संगठन मिलकर इस आंदोलन को मंजिल तक ले कर जायेंगे।

झारखंड मोटर फेडरेशन के महामंत्री सुनील सिंह चौहान ने कहा कि बिना संगठनों से विचार के इस तरह के निर्णय गरीब और व्यापार विरोधी हैं। जालान रोड व्यवसाय समिति के बिंदुल वर्मा ने कहा कि हम सभी झारखंड मोटर फेडरेशन एवं अन्य संस्थानों के साथ मिलकर इस आंदोलन में गरीबो के लिए लड़ाई लड़ेंगे। मौके पर धीरज ग्रोवर,संजय जैन, पवन शर्मा, सुनील माथुर, दीपक सिंह, प्रभाकर सिंह, रवींद्र दुबे, रत्नेश सिंह, उदय सिंह, श्याम लाल अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# भाजपा विधायक अनंत ओझा ने जल जीवन मिशन पर अनियमितता का मामला उठाया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विधानसभा में बुधवार को भाजपा विधायक अनंत ओझा ने जल जीवन मिशन को लेकर सवाल उठाया। प्रभारी मंत्री के जवाब से जब विधायक संतुष्ट नहीं हुये तो सीएम हेमंत सोरेन ने हस्तक्षेप किया। उन्होंने कहा कि इस समस्या को मैं देखूंगा। दरअसल, जल जीवन मिशन योजना के क्रियान्वयन को लेकर सदन में जमकर आरोप प्रत्यारोप का दौर चला। भाजपा विधायक अनंत कुमार ओझा ने कहा कि इस योजना के नाम पर लूट मची हुई है। राजमहल में महज 40 प्रतिशत घरों तक पेयजल पहुंचा है। विभागीय मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि जुडको के तहत राजमहल में पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। साहिबगंज में जल जीवन मिशन के तहत 2,81,734 घरों में नल से जल पहुंचाना है। अभी तक 45.81 प्रतिशत घरों तक पानी पहुंच चुका है। इस पर सवाल उठाते हुये अनंत ओझा ने कहा कि मंत्री के दावे को मैं चुनौती देता हूं। योजना के नाम पर बंदरबांट हो रहा है। इसकी जानकारी सीएम को भी दी गयी थी। विभागीय मंत्री ने कहा कि राजमहल में 37,467 घरों तक पानी पहुंचाना है। उसकी तुलना में 19,299 घरों तक पानी पहुंच चुका है। उधवा में 56995 की तुलना में 28007 घरों में पानी पहुंच चुका है। मंत्री ने स्वीकार किया कि साहिबगंज में 17436 घरों में पानी पहुंचाना है। इसकी तुलना में 1000 से कुछ ज्यादा घरों तक ही पानी पहुंचा है। इसको सरकार गंभीरता से देख रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में 62.48 लाख ग्रामीण परिवारों को शुद्ध जलापूर्ति करना है। इसकी तुलना में अब तक 33.75 लाख घरों तक शुद्ध जलापूर्ति की जा चुकी है। यह लक्ष्य का 54.20 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग बार-बार कहते हैं कि जल जीवन मिशन योजना पीएम मोदी की देन है लेकिन इनको जानना चाहिये कि इस योजना में 60 प्रतिशत राशि राज्य सरकार देती है। जनता से जो 10 प्रतिशत लेना है, वह राशि भी राज्य सरकार देती है। राज्य सरकार की पूरी मशीनरी लगी रहती है। इस मसले पर जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी ने गोविंदपुर योजना का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि रघुवर सरकार के कार्यकाल में यह योजना आई थी लेकिन इसमें जमकर घालमेल हुआ है। इसकी जांच होनी चाहिये। विधायक सीपी सिंह ने मंत्री पर कटाक्ष करते हुये कहा कि तांतनगर योजना में संवेदक के साथ किसकी सांठगांठ थी। जवाब में मंत्री ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये मैं खुद संवेदकों को चेताता रहता हूं। गड़बड़ी पर कार्रवाई भी की जा चुकी है। इसके बाद सीएम ने स्वीकार किया कि साहिबगंज में मैंने ही जलापूर्ति योजना की आधारशिला रखी थी। गंगा नदी से पानी लेना था। लंबी प्रक्रिया है। अडाणी जी का पोर्ट आया। इससे भी काम प्रभावित हुआ। साहिबगंज मेरा भी क्षेत्र है। इस समस्या को मैं भी देखूंगा।

# हरमू नाला का ठेकेदार कौन था, बतायें सीपी सिंह : मिथिलेश ठाकुर



**रांची।** मॉनसून सत्र में बुधवार को अनंत ओझा और पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर के बीच राजमहल और साहेबगंज में पेयजलापूर्ति को लेकर बहस चल रही थी। इस बीच सीपी सिंह ने पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर से तांत नगर जलापूर्ति योजना की जानकारी मांगी। साथ ही, संवेदक का नाम भी पूछा। इसपर पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा हरमू नाला में कौन संवेदक था। ये भी सीपी सिंह को बताना चाहिये। मैं खुद संवेदक को फोन करता हूं, उन्हें काम के लिए दबाव बनाता हूं। ये गलत नहीं है। मंत्री ने कहा कि संवेदक, इंजीनियर और सचिव के साथ बेहतर संबंध होना चाहिये, ताकि तालमेल से काम पूरा किया जा सके। सीपी सिंह ने कहा कि मुझे मंत्री की काबिलियत पर कोई शक नहीं है, लेकिन कनेक्शन देने का मतलब यह नहीं कि पानी मिल ही रहा हो।

**पहली बारिश में गिर गयी जलमीनार :** भाजपा विधायक नीरा यादव ने कहा कि कोडरमा के निमाडीह गांव में जलमीनार बनायी गयी थी लेकिन यह पहली ही बारिश में गिर गयी। इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिये। विधायक मंगल कालिंदी ने गोविंदपुर जलापूर्ति योजना पर सवाल उठाते हुये कहा कि 237 करोड़ की इस योजना में घपला हुआ है।

# रांची समेत कई जिलों में झमाझम बारिश राजधानी की सड़कें नदी-तालाब में तब्दील


**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में बुधवार को जोरदार बारिश हुई। पंडरा, कोकर, हिनू, एचइसी धुर्वा, चिरौंदी समेत कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई। इन इलाकों की सड़कों पर घंटों तक जल जमाव की स्थिति बनी रही। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के अनुसार बुधवार को रांची 45.6 मिमी वर्षापात दर्ज की गयी।

वहीं पिछले 24 घंटे की बात करें तो राज्य में कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई, जबकि राज्य में कहीं- कहीं पर भारी से बहुत भारी वर्षा भी हुई। राज्य में मॉनसून गतिविधि सामान्य रही। सबसे अधिक वर्षा 126.2 मिमी बरवाडीह लातेहार में दर्ज किया गया। वहीं सबसे अधिक उच्चतम तापमान 37.6 डिग्री से. गोड्डा में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस रांची में दर्ज किया गया।

**आज भी कई स्थानों पर होगी भारी बारिश :** एक और दो अगस्त को राज्य में लगभग सभी स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की प्रबल संभावना है। वहीं तीन और चार अगस्त को राज्य में कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की प्रबल संभावना है।

**राजधानी में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज :** मौसम विभाग के अनुसार, राजधानी में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बुधवार को हुई बारिश से सड़कों में खड़ी गाड़ियां आधी से अधिक डूब गईं। मेन रोड, सेवा सदन रोड, अपर बाजार आदि क्षेत्र की मकान, दुकानों में पानी भर गया।



**यहां भरा पानी :** बड़ा ताला रोड, सेवा सदन पथ, हलधर प्रेस गली में पानी भर गया था। पानी के लबालब भर जाने से लोग काफी परेशान थे।

**पूरे सैनिक मार्केट में भर गया था पानी :** मेन रोड सैनिक मार्केट की सभी दुकानों में पानी भर गया। मेन रोड के अन्य हिस्सों में भी यही स्थिति रही।

**बारिश से पेड़ भी गिरे :** गोस्नर कॉलेज रोड, सुजाता चौक समेत शहर के अन्य कई हिस्सों में तेज बारिश की वजह से पेड़ भी गिर गये। पेड़ गिरने से लोगों को आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।



# सरयू राय ने स्वास्थ्य विभाग में हो रहे घोटाले की जांच की मांग की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विधायक सरयू राय ने स्वास्थ्य विभाग और स्वास्थ्य मंत्री पर घोटाला करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक अभ्यावेदन भी सौंपा है। अभ्यावेदन में उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में मंत्रिपरिषद के निर्णय के अनुसार चयनित मानव बल आपूर्ति करने वाले आउटसोर्सिंग एजेंसियों का इम्पैनल्ड रद्द करने का आदेश दिया है। साथ ही, एक माह के भीतर नये सिरे से आउटसोर्सिंग एजेंसी का चयन करने के लिए अस्पतालों के अधीक्षक और जिला के सिविल सर्जनों को निर्देश दिया है। आउटसोर्सिंग एजेंसी का चयन झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा प्रकाशित निविदा के आधार पर हुआ था। स्वास्थ्य मंत्री के प्रभाव में विभाग ने एक साल तक इसके साथ एकरारनामा नहीं किया। अब इनका इम्पैनल्ड रद्द कर ये चाहते हैं कि पूर्व की भांति ही आउटसोर्सिंग एजेंसी से काम चलता रहे। आश्चर्य है कि मंत्रिपरिषद द्वारा पारित संकल्प के आधार पर प्रकाशित निविदा द्वारा चयनित आउटसोर्सिंग कम्पनी का पैनल मंत्री ने स्वयं रद्द कर दिया और मंत्रिपरिषद को सूचित किये बिना अपने स्तर पर ही उन्होंने विज्ञापन निकालकर एजेंसी नियुक्त करने का निर्देश सिविल सर्जन और अस्पताल के अधीक्षकों को दिया। स्वास्थ्य मंत्री जानते हैं कि एक माह के भीतर निविदा निष्पादन संभव नहीं है। क्योंकि एक माह के भीतर चुनाव की घोषणा हो जायेगी।

## खबर एक नजर में

### पूर्व आइपीएस रंजीत प्रसाद का हार्ट अटैक से निधन

**रांची।** पूर्व आईपीएस रंजीत प्रसाद का निधन हो गया। रंजीत प्रसाद को मंगलवार की रात करीब 11 बजे हार्ट अटैक आया था। इसके बाद उन्हें सैमफोर्ड अस्पताल में भर्ती कराया गया। कुछ महीने पूर्व रंजीत प्रसाद की हार्ट की सर्जरी भी हुई थी। रंजीत प्रसाद सीआईडी आईजी के पद से सेवानिवृत हुए थे। इससे पहले उन्होंने दुमका आईजी के पद पर भी योगदान दिया था। रांची में सिटी एसपी के पद पर भी तैनात थे।

### हाई कोर्ट के अधिवक्ता ऋषिकांत कुमार का निधन

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता ऋषिकांत कुमार का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। कुछ दिन पहले उन्हें ब्रेन हेमरेज हुआ था। इसके बाद से सेवा सदन में इलाज चल रहा था। वह अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र और पुत्री छोड़ गए हैं। उनके निधन पर अधिवक्ताओं ने शोक जताया है।

### होमगार्ड जवानों को आइजी ने दिया सम्मान

**रांची।** जैप वन के शौर्य सभागार में होमगार्ड के जवानों को सीटीआई धुर्वा में ट्रैफिक व्यवस्था संभालने को सम्मान दिया गया। सम्मान समारोह में ड्यूटी के दौरान प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान परीक्षा में पाए होमगार्ड कर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं राशि प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में आइजी, डीआइजी, होमगार्ड कमांडेंट, डीआइजी होमगार्ड, एसएसपी, ट्रैफिक एसपी थे।

### ई-टिकट का अवैध कारोबारी गिरफ्तार

**रांची।** रांची आरपीएफ की टीम ने पिस्का मोड़ स्थित आरएस कंप्यूटर में टिकट कालाबाजारी करने वाले दुकानदार को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ पोस्ट रांची के प्रभारी दिगंजय शर्मा के नेतृत्व मे पंडरा ओपी की सहायता से आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी मनोज कुमार गेसवे ठाकुरगांव का रहने वाला है। छापेमारी में 18500 मूल्य के 11 रेलवे ई-टिकट बरामद किया गया है।

### रिश्वत लेने के दोषी अफसर को पांच वर्ष कैद

**रांची।** रिश्वत लेने से जुड़े 18 साल पुराने मामले में ट्रायल फेस कर रहा अभियुक्त पशु चिकित्सा विभाग के तत्कालीन क्षेत्रीय निदेशक अंजनी कुमार सिन्हा को एसीबी के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार सिंह की अदालत ने बुधवार को पांच साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त जेल काटनी होगी। एसीबी टीम ने नवंबर 2006 में 3000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ अंजनी कुमार सिन्हा को गिरफ्तार किया था।

### हत्याकांड के मामले में साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची।** प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या करने के मामले में ट्रायल फेस कर रहे प्रेमिका के पिता घितू साहू समेत 6 आरोपियों को अपर न्यायायुक्त शैलेंद्र कुमार की अदालत ने पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। इसमें घितू साहू, पिंटू साहू, अनूप साहू, सुरेश महली, प्रकाश महली एवं सुबोध गोप है। इनलोगों पर राज कुमार महली नामक युवक की हत्या करने का आरोप था। घटना का अंजाम 22 मार्च 2018 को दिया गया था।

### सुनील तिवारी ने वापस ली डिस्चार्ज अर्जी

**रांची।** आदिवासी युवती का यौन शोषण मामले में फंसे पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के राजनीतिक सलाहकार सुनील तिवारी ने अदालत ने दाखिल डिस्चार्ज याचिका वापस ले ली है। सुनील तिवारी की ओर से मामले में 18 जून को अपने आप को निर्दोष बताते हुए डिस्चार्ज याचिका दाखिल की थी। दाखिल याचिका पर पांच निर्धारित तारीखों में सुनवाई भी हुई थी। 30 जुलाई को दाखिल याचिका वापस लेने का आवेदन दिया। जिस पर एससी-एसटी कोर्ट ने अनुमति दी।

### युवती का अहरण व दुष्कर्म के दोषी को दस वर्ष कैद

**रांची।** न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की अदालत ने युवती का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में अभियुक्त मो तनवीर आलम उर्फ मुन्ना को दोषी पाकर 10 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त एक साल जेल काटनी होगी। अभियुक्त पिठोरिया थाना क्षेत्र के चौली उलातू गांव निवासी है। घटना का अंजान 6 मार्च 2018 को दिया गया था। घटना को लेकर पीड़िता के पिता ने पिठोरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### आय से अधिक संपत्ति मामले में इसीएल के पूर्व जीएम को तीन साल कैद की सजा

**रांची।** आय से 55 .16 फीसदी अधिक संपत्ति अवैध तरीके से अर्जित करने के जुड़े 24 साल पुराने मामले में सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की विशेष अदालत ने बुधवार को ईस्टर्न कोल फील्ड लिमिटेड, पश्चिम बंगाल के तत्कालीन महाप्रबंधक इंदु भूषण सिंह और उनकी पत्नी माधुरी सिंह को दोषी करार दिया। अदालत ने इंदु भूषण सिंह को तीन साल की कैद व दो लाख रुपये जुर्माना लगाया है। वहीं, माधुरी सिंह को दो साल की कैद व एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर क्रमश: चार और तीन महीने अतिरिक्त जेल काटनी होगी। अभियुक्त पर अपनी आय से 30 लाख 41 हजार 470 रुपये से अधिक अवैध तरीके से अर्जित करने का आरोप था।

### मोबाइल दुकान से लाखों के मोबाइल चोरी

**रांची।** अरगोड़ा थाना इलाके के आनंद मोबाइल में बुधवार को लाखों रुपए की मोबाइल और 25 हजार से अधिक कैश चोरी कर ली गई। चोरों ने दुकान से 15 लाख रुपये के मोबाइल कीद चोरी की है। दुकान के मालिक आनंद ने बताया कि बुधवार को जब वे दुकान खोलने पहुंचे तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। मोबाइल को बैग में भरने के बाद दोनों चोर दुकान से बाहर निकल गये, दुकान के बाहर उनके अन्य साथी एक कार के पास खड़े थे। तीनों मोबाइल से भरा बैग लेकर फरार हो गए। घटना की खबर मिलने के बाद अरगोड़ा पुलिस पहुंची और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच में जुट गयी है।

### तानाशाही बर्दाश्त नहीं करेंगे : शशांकराज



**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने बुधवार की शाम राज्य सरकार के कथित तानाशाही रवैये के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांकराज ने कहा कि भाजपा विधायकों को सदन में बंधक बनाना तानाशाही है। इस तरह के कृत्य को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अनुबंध कर्मियों को अस्थाई करने, युवाओं को रोजगार के रोजगार के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए भाजपा के विधायकों ने मांग रखी थी। रोमित नारायण सिंह ने कहा कि हम सभी अमृत महोत्सव मना रहे हैं और झारखंड की युवा विरोधी सरकार ने तानाशाही रवैया अख्तियार कर लिया है। मौके पर वरुण साहू, केके गुप्ता, संजीव विजयवर्गीय, बलराम सिंह, राहुल चौबे , रंजीत साहदेव, सचिन साहू, राहुल चौबे, प्रिंस कुमार, तरुण दास, सुमन सौरव, दीपक कुमार आदि शामिल थे।

### सीएम से मिला अल्पसंख्यक और सहायता प्राप्त शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में अल्पसंख्यक एवं सहायता प्राप्त प्राथमिक शिक्षक संघ एवं अल्पसंख्यक माध्यमिक शिक्षक के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। विधायक कल्पना सोरेन, राजेश कच्छप, भूषण बाड़ा, भूषण तिर्की, शिल्पी नेहा तिर्की, जीगा सुसारण होरो की उपस्थिति में मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें अल्पसंख्यक विद्यालयों की समस्याओं से अवगत कराते हुये उसका समाधान करने का आग्रह किया गया। मुलाकात करने वाले बिशप बिनय कंडुलना, बिशप आनंद जोजो, बिशप थियोडोर मस्कारेनहास, बिशप एल पिंगल एक्का आदि थे।

# सीएम और शिक्षा मंत्री से मिला झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ का डेलिगेशन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ की प्रदेश इकाई का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री बैजनाथ राम से झारखंड विधानसभा में मिला। इस दौरान संघ ने अपनी समस्याओं से दोनों को रूबरू कराया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम ने संघ की मांगों पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन प्रतिनिधिमंडल को दिया। इस दौरान झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को एक मांग पत्र भी सौंपा। संघ की मांगों पर मुख्यमंत्री और शिक्षामंत्री से सकारात्मक आश्वासन मिलने के बाद झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल गदगद हो गया।



**वार्ता के दौरान सरकार का संघ ने जताया आभार :** उपरोक्त सभी विधायक पर मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के द्वारा सकारात्मक बातचीत हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री और मंत्री ने कहा कि निश्चित रूप से आपकी मांगे जायज हैं। इन मांगों को पूरा करने के लिए सरकार की ओर से प्रयास जारी है। जो कमी रह गई है, उसे हम लोग सभी मिलकर प्रयास करेंगे कि इन चीजों को भी पूरा करके शिक्षकों को और सशक्त बनाया जाए। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का आभार प्रकट किया। शिक्षक संघ ने मुलाकात के दौरान कहा कि आपकी सरकार ने पुरानी पेंशन, कैशलेस मेडिकल और मातृत्व अवकाश का लाभ कर्मियों को दिया है। यह फैसला कर्मचारियों के हित में है। ये सारे लाभ आप लोग के सहयोग के बिना मिल पाना संभव नहीं था। इसके लिए प्रतिनिधि मंडल ने सरकार के साथ-साथ मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का आभार जताया।

**मिलनेवाले में ये थे शामिल :** मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से मिलनेवाले प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद साहू, प्रदेश के वरीय उपाध्यक्ष मोहम्मद कयामुद्दीन, प्रदेश उपाध्यक्ष सह - जिला अध्यक्ष पलामू मनोज मेहता, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सह-जिला अध्यक्ष सरायकेला -खरसावां कौशिक गांगुली, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सह -जिला अध्यक्ष लातेहार हीरा यादव, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय उपाध्यक्ष श्री अशोक कुमार साहू, एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य बिनय कुमार, विकाश मुंडा प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे।

## शैक्षणिक भ्रमण कर लौटे टाटा कॉलेज चाईबासा के विद्यार्थी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कोल्हान विश्वविद्यालय के अंतर्गत टाटा कॉलेज के भूगोल विभाग के 40 छात्र- छात्राओं का दल पांच दिवसीय शैक्षणिक प्रशिक्षण के लिए दार्जलिंग का भ्रमण कर सोमवार को चाईबासा लौट आया। यह शैक्षणिक भ्रमण काफी रोमांचक और ज्ञानवर्द्धक रहा इससे विद्यार्थियों में उत्साह और ऊर्जा का संचार के साथ मनोरंजन भी किया । शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने में विभाग के शिक्षक राजेंद्र ठाकुर का अहम योगदान रहा। उन्होंने कहा की छात्र - छात्राओं को इस भ्रमण से काफी अनुभव प्राप्त हुआ। पूरे भ्रमण का व्यवस्था हेरिटेज इण्डिया के निदेशक मनोज सिंह के निर्देशन में सम्पन हुआ।

खबर एक नजर में

## आप सभी सीसीएल परिवार के अभिन्न सदस्य : सीएमडी



### जुलाई माह में सीसीएल के 84 कर्मी हुए रिटायर, दी गयी भावभीनी विदाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त सात कर्मियों मनोज कुमार शर्मा, महाप्रबंधक, विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग, अनुज कुमार, महाप्रबंधक, सीसीएमसी विभाग, अरुण कुमार तिवारी, मुख्य प्रबंधक, ई एंड एम विभाग, अनूप कुमार दराद, कार्यालय अधीक्षक, गांधीनगर अस्पताल, राज कुमार भर, मेक. फिटर, टीए विभाग, सामुला अंसारी, हेल्पर, ई एंड एम विभाग एवं जेठू राम, सफाई मेट/ जमादार, गांधीनगर अस्पताल को सीसीएल की ओर से विदाई दी गई। जुलाई महीने में सीसीएल से कुल 84 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए हैं ।

इस अवसर पर सीएमडी नीलेन्दु कुमार सिंह ने कहा कि आप सभी सीसीएल परिवार के अभिन्न सदस्य हैं और परिवार के सदस्य बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि आप सभी ने कंपनी की दशा और दिशा तय किया है जिससे कंपनी वर्तमान वित्त वर्ष में 100 मिलियन टन कोयला उत्पादन करने के लिए संकल्पित है। निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि आपकी विरासत दूसरों को प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने सभी को सेवानिवृत्ति पर बधाई एवं सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दी। हरीश दुहान ने कहा कि आपकी सेवानिवृत्ति आनंद और नई शुरूआत का समय हो और आप सभी लोग आपके जीवन में समाज के लिए अच्छे कार्य करें।

मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार ने कहा कि आप अपने जीवन का समय और ऊर्जा कंपनी को समर्पित किया है और अब आपके श्रम के फल का आनंद लेने का समय है। इस अवसर पर सीएमडी नीलेन्दु कुमार सिंह ने सभी सेवा निवृत्त हो रहे कर्मियों को शॉल, श्रीफल, पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र, सर्विस सर्टिफिकेट आदि प्रदान कर सम्मानित किया।

## सरकार विधानसभा सत्र में मॉब लिंचिंग विधेयक संशोधन कर पारित करे : एस अली



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** 8 सितंबर को रांची में आयोजित आक्रोश सभा की तैयारी को लेकर आमया संगठन कि बैठक बुधवार को पुरानी रांची में हुई। इसकी अध्यक्षता एस अली ने की। उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार का अंतिम विधानसभा सत्र है। दो वर्षों से मॉब लिंचिंग विधेयक में संशोधन कर विधानसभा से पारित कर राज्यपाल को भेजने का मामला लटका हुआ है। सरकार सदन से विधेयक पारित करे। उन्होंने कहा कि स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति पर सरकार को अध्यादेश लाने के साथ ही 9वीं अनुसूची में शामिल करने के लिए केन्द्र को भेजना चाहिए, ताकि राज्य में हो रही नियुक्तियों में सामान्य सीट सुरक्षित रखा जा सके, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। सहायक शिक्षक एवं उर्दू शिक्षक पद का नाम बदलकर सहायक आचार्य कर दिया गया और वेतन ग्रेड पे 4200 व 4600 को घटाकर 2400 एवं 2800 कर दिया गया, जो अधिकार का हनन है। सरकार 4401 उर्दू शिक्षक के बैकलॉग 3712 पदों को झारखंड अल्पसंख्यक आयोग वाद संख्या 174/2015 में दिए निर्देश अनुसार भरने, +2 विद्यालयों में उर्दू विषय, जनजातीय क्षेत्रीय भाषा सहित अन्य विषयों में शिक्षक बहाली करने, मदरसा आलिम फाजिल डिग्री कि परीक्षा विश्वविद्यालय से कराने, मदरसा बोर्ड, उर्दू एकेडमी, वक्फ बोर्ड, हज कमेटी का गठन एवं नियमावली का निर्माण करने,10 जून 2022 रांची गोली कांड में निर्दोष 22 नामजद लोगों के केस को खुंटी पथरगढ़ी केस के तर्ज पर हटाने और दोषियों पर कार्रवाई करने, संथाल परगना के मुस्लिम को बंगलादेशी घुसपैठी कहने वालों राजनेताओं पर कार्रवाई करने आदि मुद्दों पर निर्णय ले। बैठक में आमया संगठन के पदाधिकारी मो इमरान, जियाउद्दीन अंसारी,नौशाद आलम, इकराम हुसैन, अफताब आलम, मोइज अहमद, सहित अन्य शामिल थे।

## डीएवी कपिलदेव में 10वीं-12वीं के स्कूल टॉपर्स एवं स्कूल के स्टेट टॉपर्स सम्मानित



**रांची।** हिंदी के महान लेखक व उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जन्म जयंती के अवसर पर बुधवार को डीएवी कपिलदेव में दसवीं एवं 12वीं के स्कूल टॉपर्स एवं स्कूल के स्टेट टॉपर्स का छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह में स्कूल के प्रिंसिपल एमके सिन्हा और पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने टॉपर्स को सम्मानित किया एवं बच्चों का हौसला अफजाई किया। मौके पर उन्होंने कहा कि बच्चे हमारे भविष्य हैं और राष्ट्र निमार्ता भी। आज की 21वीं सदी के दौर में अवसर भी हैं तो चुनौतियां भी। आज की पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करनी है। 10वीं एवं 12वीं के बच्चे जिन्होंने अच्छे नंबर से पास किया है। उनका भविष्य उज्जवल हो और माता-पिता व गुरुजनों का हमेशा मान बढ़ाने का काम आपको करना है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एमके सिन्हा ने कहा कि हमारे बच्चे हमारा गुरूर हैं।

## साहित्य एक मशाल की तरह, समाज और राजनीति दोनों को देता है दिशा : डॉ टीके

### डीएसपीएमयू के हिन्दी विभाग में प्रेमचंद जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डीएसपीएमयू के पीजी हिन्दी विभाग की ओर से बुधवार को प्रेमचंद की 144वीं जयंती के अवसर पर प्रेमचंद की रचना, दृष्टि और समकालीन संदर्भ विषयक विचार गोष्ठी आयोजित की गयी। इसकी अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि प्रेमचंद आमलोगों के कथाकार हैं और हमें उन्हें पढ़ने की आदत बनानी चाहिए। साहित्य की महत्ता पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि साहित्य एक मशाल की तरह राजनीति और समाज को दिशा देती है। प्रेमचंद आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन अपनी रचनाओं में सदैव जिंदा रहेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को गोदान पढ़ने की सलाह देते हुए कहा कि इतनी लंबी बीत जाने के उपरांत भी गोदान के चरित्र , होरी उनके जेहन में अमिट छाप छोड़ गया है। उन्होंने कहा कि यह कहना कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि गोदान का चरित्र होरी, हिंदुस्तान की आत्मा है। वहीं, मुख्य वक्ता प्रसिद्ध कथाकार श्री पंकज मित्र ने कहा कि समय और समाज किसी भी रचनाकार के लिए महत्वपूर्ण होता है। प्रेमचंद ने पूर्ववर्ती साहित्यक परंपरा के प्रतिकूल साधारण पात्र को भी अपनी रचनाओं में नायकत्व प्रदान किया। अपनी समस्त रचना प्रक्रिया में प्रेमचंद ने कृषक जीवन सबसे पहले रखा तदुपरांत किसान विमर्श साहित्य के केन्द्र में आयी। इससे पहले हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ जिन्दर सिंह मुण्डा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि साहित्य के तमाम समकालीन विमर्श प्रेमचंद की रचना से ही निकले हैं। प्रेमचंद हिन्दी साहित्य के लिए ही नहीं बल्कि पूरे भारतीय साहित्य के लिए एक धरोहर हैं। उनकी रचनाधर्मिता मानवीय सरोकारों को बचाने में महत्वपूर्ण कड़ी है। डॉ जितेन्द्र सिंह ने भी विचार रखे। संचालन संगीता कुमारी एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ मृत्युंजय कोईरी ने किया। इस कार्यक्रम के सफलआयोजन में संजय, विजय, अनुष्का, विनय समेत सभी विद्यार्थियों की सराहनीय भूमिका रही। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।




## खाकी में ऑटो रिक्शा व ब्लू कलर की वर्दी में नजर आयेंगे ई-रिक्शा चालक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार ने सभी प्रकार के ऑटो चालकों और ई रिक्शा चालकों के लिए ड्रेस कोड तय कर दिया है। समिति की अनुशंसा के आलोक में परिवहन विभाग ने यह निर्णय लिया है। इसकी अधिसूचना परिवहन सचिव कृपा नंद झा ने 31 जुलाई को जारी कर दिया है। जारी अधिसूचना में कहा गया है कि परिवहन सेवाओं को उत्कृष्ट बनाने के उद्देश्य से राज्य में संचालित हो रहे ऑटो रिक्शा एवं ई रिक्शा के चालकों के लिए ड्रेस कोड निर्धारित करना विचाराधीन है। ड्रेस कोड निर्धारित कर अनुशंसा के लिए रांची क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के उप परिवहन आयुक्त-सह-सचिव की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई थी। इसमें रांची नगर निगम के उप नगर आयुक्त, रांची जिला परिवहन पदाधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक (यातायात), रांची सदस्य थे। गठित समिति ने 10 जुलाई, 2024 के ऑटो रिक्शा चालकों के लिए खाकी रंग और ई रिक्शा के चालकों के लिए नीला रंग के ड्रेस कोड निर्धारित करने की अनुशंसा की है।अनुशंसा को यथावत स्वीकृत करते हुए केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम द्वारा राज्य सरकार को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर राज्य में परिचालित ऑटो रिक्शा चालकों के लिए खाकी रंग और ई रिक्शा चालकों के लिए नीला रंग के ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है।

## बीएयू में संख्यिकीय विधियां और शोध तकनीक पर राष्ट्रीय कार्यशाला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन विभाग ने एक सप्ताह की राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन पशुचिकित्सा महाविद्यालय परिसर में किया। कार्यशाला का विषय संख्यिकीय विधियां एवं शोध तकनीक (स्मार्ट) था। इसका उद्देश्य प्रतिभागियों में शोध सम्बन्धी आंकड़ों को ज्यादा सार्थक और प्रयोक के उपयुक्त बनाने का कौशल विकसित करना था। प्रशिक्षणार्थियों को सन्दर्भ लेखन, साहित्य की समीक्षा, सैंपल साइज की गणना, शोध आचारशास्त्र एवं साहित्यिक चोरी, कोरिलेशन- रिग्रेशन विश्लेषण, नॉन पैरामीट्रिक टेस्ट, मल्टिपल रिग्रेशन विश्लेषण आदि पहलुओं का सैद्धान्तिक एवं व्यवहारिक ज्ञान दिया गया। आयोजन सचिव डॉ नंदनी कुमारी ने बताया कि प्रशिक्षकों में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, भारतीय जैव प्रौद्योगिकी संस्थान (रांची), जिमपेर, पुडुचेरी, बीआईटी मेसरा और केन्द्रीय मनश्रिकित्सा संस्थान (सीआइपी) के विशेषज्ञ शामिल थेकप्रशिक्षणार्थी के रूप में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची विश्वविद्यालय, विनोबा भावे विश्वविद्यालय (हजारीबाग), बिहार सरकार, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय और अन्य विश्वविद्यालयों के शिक्षक, शोधार्थी और पदाधिकारी शामिल थे। बीएयू के पशुचिकित्सा संकाय के डीन डॉ सुशील प्रसाद ने सफल प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किया। समापन समारोह में अपना फीडबैक देते हुए प्रतिभागियों ने कहा कि वे अब शोध सम्बन्धी डाटा का विश्लेषण पूरे कौशल के साथ कर सकते हैं। डीन ने कार्यशाला के आयोजन सचिव डॉ नंदनी कुमारी एवं डॉ अबसार अहमद को आयोजन के लिए बधाई दी। पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन विभाग की पूरी टीम को उनके भावी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दी।



## डीएवी स्पोर्ट्स 2024 के क्लस्टर स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातु की ओर से डीएवी स्पोर्ट्स 2024 के क्लस्टर स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता की शुरूआत मशाल जलाकर और खेल भावना की शपथ के साथ शुरू हुआ। इस मौके पर डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन जे एवं बी के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी संजय कुमार मिश्रा एवं मनोज कुमार सिन्हा और सिल्ली की प्रधानाचार्या बुबुन शरण उपस्थित थीं। इस एथलेटिक्स प्रतियोगिता के इवेंट्स में अंडर 19 हाई जंप ब्वॉयज में डीएवी खलारी के आदित्य कुमार और अंडर 19 गर्ल्स में डीएवी टीसीआई गोविन्दपुर की नेहा कुमारी ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं, अंडर 17 हाई जंप ब्वॉयज में गोविन्दपुर के अभिषेक बादिंग और गर्ल्स में डीएवी बरियातु की शान्वी ने स्वर्ण पदक जीता। अंडर 17 लॉग जंप गर्ल्स और वेबॉयज में गोविन्दपुर की प्रगति राय और आकाश साहु ने स्वर्ण पदक जीता। अंडर 17 लॉग जंप गर्ल्स में बारियातु की गरिमा कश्यप और ब्वॉयज में डीएवी खूंटी के शिवम साहु ने स्वर्ण पदक जीता। अंडर 14 और 17 शॉटपुट गर्ल्स में डीएवी खलारी की कीर्ति कुमारी और आर्या वत्स ने स्वर्ण पदक जीता। अंडर 19 शॉटपुट गर्ल्स में डीएवी पुन्दाग की प्रिया ने स्वर्ण पदक जीता। शॉटपुट ब्वॉयज अंडर 14 और 19 में बरियातु के इशाक मनी और रितु राज ने स्वर्ण पदक जीता और अंडर 17 में पुन्दाग के दीपांशु राज ने स्वर्ण पदक जीता। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य डॉ तापस घोष ने कहा कि सभी का प्रयास प्रशंसनीय है। बारिश के व्यवधान के बावजूद प्रतिभागियों का जोश प्रतिभागिता की उत्सुकता सुखद अनुभूति प्रदान करती है।

## सरकार के स्तर पर सीट वृध्दि में अपनायी गयी दोहरी नीति : उमेश यादव

**रांची।** झारखंड प्रदेश इंटर कॉलेज शिक्षक संघ ने स्थाई प्रस्वीकृति प्राप्त इंटर कॉलेज में नामांकन के लिए किए गए सीट वृद्धि का स्वागत किया है, लेकिन दूसरी ओर स्थापना अनुमति प्राप्त लगभग 70 कॉलेज का सीट वृद्धि करने से किए गए वंचित पर गहरा दुख व्यक्त किया गया है । इंटर कॉलेज शिक्षक संघ के संयोजक उमेश यादव सह संयोजक इन्तजार खान सोहन तिग्गा ऐजाज अहमद ने कहा है कि सरकार के सचिव के द्वारा स्थापना अनुमति प्राप्त इंटर कॉलेज को एक-एक सेक्सन कला विज्ञान और वाणिज्य संकाय में सीटों की वृद्धि नहीं किया जाना दोहरी नीति को दशार्ता है। श्री यादव ने कहा है कि शिक्षा के अधिकार अनुच्छेद 30 के तहत राज्य सरकार का दायित्व बनता है कि सभी को शिक्षा प्रदान करने की आवश्यकता को देखते हुए इंटर कॉलेज में भी 128 -128 सीट बढ़ाने की मांग को पूरा करे।

## मारवाड़ी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अंधेरे में लिखी परीक्षा, गायब थे प्राचार्य

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मारवाड़ी महाविद्यालय के विद्यार्थियों को विद्युत आपूर्ति व्यवस्था ठप हो जाने के कारण बुधवार को अंधेरे में ही परीक्षा लिखना पड़ा। इसे लेकर छात्र छात्राएं काफी परेशान थीं। परीक्षा लिख रहे छात्र-छात्राओं ने इसकी शिकायत मारवाड़ी महाविद्यालय के युवा आजसू नेता विशाल कुमार यादव से की। विशाल कुमार यादव ने तुरंत सभी परीक्षा हॉल का भ्रमण करते हुए पूरी स्थिति का जायजा लिया। साथ ही इस घटना से संबंधित जानकारी मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य को देने के लिए उनके चैंबर गये, लेकिन वे वहां मौजूद नहीं थे। उन्होंने मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य को फोन के माध्यम से भी अवगत कराने का प्रयास किया, लेकिन वह भी संभव नहीं हो पाया। विशाल कुमार यादव ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा की मारवाड़ी महाविद्यालय के पास लाईट कट जाने के बाद कोई अल्टरनेट व्यवस्था नहीं होना यह साफ-साफ दशार्ता है, कि महाविद्यालय प्रशासन किस तरह कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा की छात्र-छात्राओं से जबरन अंधेरे में परीक्षा लेना यह उनके मौलिक अधिकारों का हनन है, जो कि किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। गुरुवार को इस मामले को लेकर युवा आजसू का एक प्रतिनिधिमंडल प्राचार्य एवं रांची विवि के कुलपति से मिलेगा।

## डीएसपीएमयू में रक्तदान शिविर आयोजित

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय की एनसीसी इकाई और ब्लड डोनेशन कैंप, रिम्स, रांची के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के अंतर्गत कई गतिविधियां आती है जिन्हें पूरा कर हमें आत्मसंतोष का अनुभव होता है, रक्तदान उन्हीं सामाजिक दायित्वों में से एक है, इसलिए रक्तदान को महादान कहा जाता है। उन्होंने आगे कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि जिस प्रकार नई शिक्षा नीति के तहत पाठ्यक्रमों में नैतिकता और आदर्शों को समावेशित करने पर बल दिया जा रहा है, उसी प्रकार रक्तदान को भी पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए। रक्तदान शिविर की शुरूआत एनसीसी अधिकारी डॉ जीसी बास्के ने रक्तदान कर किया।

## आजसू बुद्धिजीवी मंच ने वरीय उपाध्यक्ष हिमांशु महतो को श्रद्धांजलि अर्पित की

### कुछ दिन पहले उनका हो गया था आकस्मिक निधन

**रांची।** आजसू बुद्धिजीवी मंच की महत्वपूर्ण बैठक हरमू, रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक से पूर्व बुद्धिजीवी मंच के वरीय उपाध्यक्ष रहे बालीडीह निवासी हिमांशु महतो को पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। ज्ञात हो कि कुछ दिनों पूर्व उनका आकस्मिक निधन हुआ था। श्रद्धांजलि सभा में शामिल आजसू बुद्धिजीवी मंच के उपाध्यक्ष अंचल किंगर ने कहा कि हिमांशु महतो जी का जाना हमारे लिए अपूरणीय क्षति है। केंद्रीय कार्यालय में आयोजित

### आजसू बुद्धिजीवी मंच की बैठक सम्पन्न

बैठक में जल्द ही आजसू बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन करने पर चर्चा हुई।

केंद्रीय महासचिव मुकुंद चंद्र मेहता ने कहा कि जल्द ही सभी केंद्रीय पदाधिकारी अपने पद की शपथ ग्रहण करेंगे। इस बैठक में संगठन विस्तार पर भी विस्तृत चर्चा की। बैठक में अंचल किंगर, ओम अग्रवाल, विजय छापड़िया, मोहम्मद सोहेल, कौशिक चाँद, अरविंद कुमार, विवेक चाँद मुख्य रूप से शामिल हुए।

## सीसीएल मुख्यालय शतरंज व कैरम प्रतियोगिता संपन्न

### टॉप पांच प्रतिभागी अंतर क्षेत्रीय प्रतियोगिता में लेंगे भाग

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय का दो दिवसीय शतरंज एवं कैरम प्रतियोगिता बुधवार को दरभंगा हाउस रांची में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि विभागाध्यक्ष (पीएंडआईआर) नवनीत कुमार एवं विभागाध्यक्ष (कल्याण) रेखा पांडे मौजूद रही। नवनीत कुमार ने कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया और उन्हें जीत की बधाई दी। साथ ही 20 व 21 अगस्त को ढोरी क्षेत्र में आयोजित होने वाले सीसीएल अंतर क्षेत्रीय प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। सीसीएल मुख्यालय शतरंज और कैरम प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### मुख्यालय के 160 कर्मचारियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया




शतरंज और कैरम के टॉप पांच प्रतिभागी 20 और 21 अगस्त को सीसीएल के ढोरी क्षेत्र में आयोजित होने वाली सीसीएल अंतर क्षेत्रिय शतरंज व कैरम प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जिसमें सीसीएल के सभी क्षेत्रों की टीमें भाग ले रही हैं। अंतर क्षेत्रिय प्रतियोगिता में शतरंज और कैरम में स्थान धारक को सीआईएल अंतर कंपनी शतरंज और कैरम प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चयनित किया जाएगा. मुख्यालय प्रतियोगिता में 160 कर्मचारियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

#### शतरंज का परिणाम

प्रथम स्थान ए.के. चौधरी 5 अंक
द्वितय स्थान रोहित 4.5 अंक
तृतीय स्थान राज कुमार सिंह 4.5 अंक
चतुर्थ स्थान प्रणीत कुमार 4 अंक
पंचम स्थान चन्द्रकान्त रवि 4 अंक

#### कैरम का परिणाम

एकल मुकाबले में शशि भूषण मंडल विजेता व मनोहर कमार्ती उप विजेता रहे। युगल मुकाबले में मो. जुनैद अख्तर और मानश तलपात्रा की जोड़ी विजेता एवं शशि भूषण मंडल एवं अनिल उरंव उप विजेता रही।

## कैलाश मानसरोवर के बिना हमारी पूजा अधूरी है : स्वामी दिव्यानंद

**रांची।** भारत तिब्बत सहयोग मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्वामी दिव्यानंद जी महाराज ने यह कहा, कैलाश मानसरोवर की मुक्ति हमारी हमारी पूजा अधूरी है। कैलाश मानसरोवर हमारी आन बान और शान की बात है। वह हिंदुओं के आराध्य देवाधिक देव महादेव द्वारा ही रचा गया है। ऐसी मान्यता सनातन धर्म की है। निश्चित रूप से सभी भक्तों का श्रद्धालुओं का आस्था होने के कारण इनकी आराधना करना पूजा करना प्रत्येक श्रद्धालुओं का अधिकार भी है और कर्तव्य भी। देवाधिदेव महादेव का निवास स्थान भी कैलाश मानसरोवर है। विडंबना है कि अपने आराध्य देव तक पहुंचाना और उनकी पूजा करना या सामान्य श्रद्धालुओं के बस में नहीं है। वहां जाने के लिए हमें पासपोर्ट और वीजा की आवश्यकता पड़ती है, क्योंकि यह चीन के क्षेत्र में आता है। अपने शत्रु को पैसा देने के उपरांत ही कोई वहां जाकर कैलाश मानसरोवर का दर्शन कर पायेगा। यह देश के सामान्य श्रद्धालुओं के सामर्थ से बाहर है।

स्पीड न्यूज

## रातू : संडे मार्केट में मारपीट, एक घायल

**रातू।** संडे मार्केट निवासी 55 वर्षीय ब्रजेश पांडेय ने झखराटाड में रहने वाले ओम साहू, महावीर साहू व मनोज मुंडा पर मारपीट कर घायल कर देने का आरोप लगाते हुये रातू थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। मुक्तभोगी श्री पांडेय ने बताया कि 29 जुलाई की रात 9 बजे वह काम से अपने घर लौट रहे थे। इस बीच बारिश होने हो रही थी। रास्ते में रविन्द्र साहू के होटल में रुके। तभी तीनों आरोपियों ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगे। इसका विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद किसी तरह जान बचाकर भागे। जानकारी के मुताबिक, आरोपियों ने थाने में केस करने पर बुरा अंजाम के लिये तैयार रहने की धमकी भी दी। पुलिस इसकी छानबीन कर रही है।

## मैक्लुस्कीगंज में अज्ञात वृद्ध का शव बरामद

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के हेसालोंग टैनामोड़ के निकट एक वृद्ध का शव बरामद किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम लगभग 5 बजे उक्त थाना क्षेत्र के टैनामोड़ स्थित खेत से एक अज्ञात वृद्ध का शव पुलिस ने बरामद किया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वृद्ध कई दिनों से मैक्लुस्कीगंज एवं आसपास घूमते देखा गया था, मंगलवार की सुबह भी वह जीवित टैनामोड़ के आसपास देखा गया था और स्थानीय लोगों ने खाना भी दिया था। वृद्ध धोती पहने हुए है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## मांडर : बाइक दुर्घटना में दो युवक घायल

**मांडर।** मांडर बाजारटांड़ के निकट मंगलवार की शाम सड़क दुर्घटना में बाइक सवार सुरसा गांव निवासी छब्बीस वर्षीय जहीर अब्बास व सरताज अंसारी घायल हो गये। दोनों सगे भाई हैं। जहीर को गंभीर चोट आयी है। उसे मांडर में प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर किया गया। घटना शाम करीब छह बजे की है। दोनों बीजुपाड़ा से घर लौट रहे थे। इसी क्रम में कुत्ते को बचाने के क्रम में सड़क पर गिर कर घायल हो गये।

## कोंनका में सर्पदंश से अधेड़ की मौत

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज के मायापुर पंचायत के कोंनका ग्राम में शर्प दंस से एक अधेड़ व्यक्ति की मृत्यु हो गया। घटना सोमवार की रात्रि का बताया जाता है। जानकारी के अनुसार मृतक गलेवा गंझू उम्र (55 वर्ष) पिता स्व पैरवा गंझू को सोमवार की रात्रि करैत सांप डस दिया था। लेकिन मृतक सांप काटने की जानकारी अपने परिजनों को नही दिया था। परिजन कायश लागये थे कि गलेवा गंझू को सांप ही काट दिया है। मृतक के स्तिथि मंगलवार को बिगड़ते देख परिजनों ने शाम के समय अनन फानन में हॉस्पिटल ले गये। जहां पर चिकित्सकों के उपचार के बाद व्यक्ति की मौत हो गया।

# सिमलिया में सड़क पर धनरोपनी

**12 साल पहले बनी थी यह सड़क, अब चलना है दुभर**

■ शिकायत करके थक गये अब सांसद-विधायक को कोस रहे हैं लोग

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** राज्य सरकार की गलत नीति और स्थानीय विधायक की कथित उदासीनता से त्रस्त सिमलिया नयांटोली के ग्रामीणों ने मंगलवार को गांव के आर ईओ पथ पर बने जानलेवा गढ्ढे में आजसू नेता भरत कांशी एवं राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में धनरोपनी कर विरोध जताया। विदित हो कि पिछले 12 वर्षों से सड़क नहीं बनी है। इसकी दुर्दशा से क्षेत्र की जनता तंग आ चुकी है। सांसद संजय सेठ और विधायक नवीन जायसवाल को कई बार इस संबंध में अर्जी दी गयी, लेकिन विपक्ष में होने की बात कह कर वह हमेशा बहाना बनाते रहे। श्री कांशी ने कहा कि हटिया विधानसभा में तत्कालीन उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो की ओर से जो काम हुये थे, उसके बाद से सड़कों की स्थिति ठीक नहीं है।

**कार्यक्रम में थे शामिल**

आजसू के केंद्रीय सदस्य राजीव रंजन मिश्र, खुशियाल साहू, वीरू मुंडा, संजय गोप, अवधेश कुमार, अशोक कुमार, रणजीत सिंह, शिबू लोहरा, मंगल मुंडा, प्रतीक अत्रे, लक्ष्मी कच्छप, सोनाली कुमारी, वीणा सिंह, अनु सिंह, रूपा देवी, बृजेश शर्मा, राजीव यादव, सुरेंद्र उरांव, छोटू मुंडा व बबलू साहु आदि।

## रातू में पत्रकार के परिवार पर हमले की निंदा

**अनगड़ा।** रातू के पत्रकार शेख मुजीबुल के परिवार पर जान लेवा हमला एवं उनके दुकान में तोड़फोड़ की अनगड़ा के पत्रकारों ने कड़ी निंदा की और घटना के प्रति आक्रोश प्रकट किए। बैठक में पत्रकारों ने हमलावरों की तत्काल गिरफ्तारी की भी मांग की है। बैठक में पत्रकार सरूफ खान, अनिल चौधरी, नसीम अहमद शानी, जितेन्द्र साहू, संतोष सिन्हा, बबलू मुस्ताक उपस्थित थे।

## पत्रकार के परिजनों पर हमला अपराधिक कृत्य : विजय सिंह

**अभियुक्तों पर कार्रवाई नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण**

**मामले की निष्पक्ष जांच कर विधि सम्मत कार्रवाई की मांग**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड नवनिर्माण दल (जेएनडी) के केंद्रीय संयोजक सह रांची जिले के संगठन प्रभारी विजय सिंह ने पत्रकार शेख मुजिबुल के परिजनों पर 28 जुलाई की शाम 5 बजे हुए हमले की तीव्र निंदा की है। उन्होंने कहा कि इस तरह के हमले आपराधिक हैं, जिस पर पुलिस को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिये। श्री सिंह ने अभियुक्तों पर कार्रवाई नहीं होता देख यह बयान जारी किया है। उन्होंने यह भी कहा है कि जेएमएम के झंडे लगे कार से आकर कांड को अंजाम देना दुर्भाग्यपूर्ण है। पुलिस की ओर से पत्रकार के परिजनों द्वारा लिखित शिकायत देने के बाद अभी तक कार्रवाई नहीं करना ठीक नहीं है। इससे कानून तोड़ने वालों का मनोबल बढ़ेगा। श्री सिंह ने मामले की निष्पक्ष जांच कर विधि सम्मत कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

## महिलाओं को सशक्त बनाने से होगा विकास

खबर मन्त्र संवाददाता



**अनगड़ा।** समाज के आधी आबादी को सशक्त बनाकर ही गांव और समाज को विकसित बनाया जा सकता है। उक्त बातें उषा मार्टिन के निदेशक श्रेया झवर ने कहीं। वह आज मिनी टूल रूम में फॉउंडेशन की ओर से टेलरिंग एवं फैशन डिजाइनिंग कार्यक्रम के शुभारंभ पर बोल रही थी। उषा मार्टिन फॉउंडेशन की ओर से महिला को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अभी तक 200 से अधिक ग्रामीण महिलाओं को टेलरिंग टैली और ब्यूटिशियन कोर्स का प्रशिक्षण कराया गया है। इसके अलावा 141 महिलाओं को मशरूम उत्पादन एवं 50 से अधिक महिलाओं को नकदी फसल से जोड़ा गया है। श्रीमती झवर ने कहा कि उषा मार्टिन फॉउंडेशन के माध्यम से टाटीसिलवे के इर्द गिर्द के गांवों की महिलाओं को विभिन्न प्रशिक्षण एव कौशल विकास से जोड़ा जा रहा है, ताकि वे आत्मनिर्भर हो सके। इस मौके पर मिनी टूल्स रूम प्रशिक्षण केन्द्र के द्वारा श्रेया झावर को सम्मानित भी किया गया। फॉउंडेशन के हेड डॉ मयंक मुरारी प्राचार्य एमके गुप्ता सहित मंगल टोप्पो आशुतोष मिश्रा सचिंद्र कुमार देवाशीष घोष वरुण कुमार स्नेहा प्रिया बागची मोनीत भूतकुवार राहुल उरांव आदि उपस्थित थे।

## टीएसपीसी ने दो एरिया कमांडरों को संगठन से किया बाहर

**व्यापारी, ठेकेदारों को इन्हें लेवी नहीं देने की चेतावनी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**क्षेत्र में बढ़ गई है खूनी संघर्ष की आशंका**

हाल के दिनों में बुढ़मू, हजारीबाग, रामगढ़, चतरा के सीमांत क्षेत्र में उग्रवादी गतिविधियों में बढ़ोतरी हुई है। एक तरफ छापर बालू घाट में उग्रवादी संगठन टीपीसी और जेजेएमपी में जमकर मारपीट हुई। वहीं दूसरी ओर टीपीसी के दो कमांडरों के बगावत और दूसरा गुट बनाकर सक्रिय होने से तीन तरफा संघर्ष की आशंका बलवती होती जा रही है। टीपीसी के बगावती कमांडरों द्वारा संगठन का हथियार लेकर अलग गुट बनाने का प्रयास से क्षेत्र में एक बार पुनः उग्रवाद की धमक से लोग सशंकित हैं।

**बुढ़मू।** उग्रवादी संगठन टीएसपीसी ने बुधवार को पर्चा जारी कर अपने दो एरिया कमांडरों को संगठन से बाहर कर दिया। जोनल कमांडर अभिषेक जी के नाम से जारी विज्ञप्ति में एरिया कमांडर हजारीबाग जिला के डमारू निवासी रामेश्वर महतो उर्फ पहाड़ी जी और बुढ़मू के मतवे निवासी अनीश अंसारी उर्फ अविनाश जी पर विकेश तिवारी नाम से अलग गुट बनाकर रंगदारी वसूलने का आरोप लगाते हुए इन्हें लेवी नहीं देने की चेतावनी दिया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि जो व्यक्ति, व्यापारी, ठेकेदार इनसे संबंध रखते हैं या इन्हें लाभ पहुंचाते हैं उनपर टीपीसी संगठन कार्रवाई करेगी। वहीं दूसरी ओर हाल के दिनों में नवसृजित बीकेएस तिवारी ग्रुप नामक उग्रवादी संगठन ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि 26 जुलाई को बीकेएस तिवारी ग्रुप द्वारा हुई घटना मामले में बुढ़मू थाना क्षेत्र के मतवे निवासी तौकीर अंसारी और तौहीद अंसारी व अबु शमां अंसारी को गिरफ्तार कर हजारीबाग पुलिस द्वारा जेल भेजा गया है। इन तीनों का बीकेएस तिवारी ग्रुप से कोई संबंध नहीं है। विपिन पांडे के नाम से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है की तीनों पढ़ने वाले छात्र हैं, जिन्हें हजारीबाग पुलिस इन दोनों निर्दोष को जेल भेज कर अपराधी बनाने का काम कर रही है। जिन्होंने अपराध किया है पुलिस उन तक नहीं पहुंच पा रही है और बेकसूर पर कार्रवाई कर रही है। ये दोनों छात्र हैं और बढ़ई का काम करते हैं।

## मृतक के परिजनों से मिलीं विधायक

**चान्हो।** प्रखंड के तरंगा नवाघर निवासी मृतक सुखदेव उरांव के परिवार से बुधवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने मुलाकात कर सांत्वना दी। साथ ही आर्थिक सहायता भी प्रदान की। सुखदेव उरांव काफी लम्बे समय से बीमार थे। बुधवार सुबह उनकी मौत हो गई।

## कॉलेज की सीट वृद्धि में दोहरी नीति से भेदभाव का आरोप

**ओरमांझी।** झारखंड प्रदेश इंटर कॉलेज शिक्षक संघ द्वारा स्थाई प्रस्वीकृति प्राप्त इंटर कॉलेज में नामांकन में किए गए सीट वृद्धि का स्वागत किया गया है। साथ ही स्थापना अनुमति प्राप्त लगभग 70 कॉलेज का सीट वृद्धि नहीं किए जाने का भेदभाव व दोहरी नीति बताया गया है। इसकी जानाकरी संघ के संयोजक उमेश यादव ने दी और बताया शिक्षा मंत्री द्वारा स्पष्ट रूप से सभी तरह के इंटर कॉलेज में 128-128 सीटों की वृद्धि करने की बात कही गई थी। उन्होंने कहा कि सरकार के सचिव द्वारा स्थापना अनुमति प्राप्त इंटर कॉलेज को एक-एक सेक्सन कला, विज्ञान व वाणिज्य संकाय में सीटों की वृद्धि नहीं किया जाना दोहरी नीति को प्रमाणित करता है। कई कॉलेज हैं जहां विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देश अनुसार डिग्री कॉलेज में इंटर की पढ़ाई बंद कर दिया गया है। शिक्षा के अधिकार अनुच्छेद 30 के तहत राज्य सरकार का दायित्व बनता है। शिक्षा प्रदान करने की अवशयकता को देखते संघ द्वारा सभी स्थापना अनुमती प्राप्त इंटर कॉलेज में 128-128 सीट बढ़ाने की मांग शिक्षा मंत्री से किया गया।

# मुंशी प्रेमचंद जयंती पर पौधरोपण



मुंशी प्रेमचंद की रचनाओं के नाम पौधे लगाते विद्यार्थी।

**आरटीसी कॉलेज के छात्रों ने लगाये पौधे**

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** आरटीसी कॉलेज ओरमांझी के एनएसएस व एनसीसी द्वारा एडॉप्टेड हतवाल गांव में बुधवार के साहित्यकार मुंषी प्रेमचंद की जयंती परएक कार्यक्रम आयोजित कर पौधे लगाए गए, और उन पौधों का नाम मुंषी प्रेमचंद के रचनाओं पर रखा गया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित कॉलेज के निदेषक डा.पारसनाथ महतो के साथ छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के फलदार व छायादार पौधे लगाकर, उन पौधों को नाम साहित्य सम्राट मुंशी प्रेमचंद के साहित्य गबन, गोदान, सेवासदन, निर्मला कर्मभुमि आदि नाम रखे गए। इसके अलावे पाश्र्व गायक मो. रफी व कॉलेज के निदेशक डा. पारसनाथ महतो का भी जन्मदिन मनाया गया। बताया गया कि इस अवसर मुंषी प्रेमचंद के साथ तीनों की कृतियां मो. रफी साहब के गाए गीत मैंने पूछा चांद से, सुख के सब साथी व डॉ पारसनाथ महतो की रचनाएं वीर बिरसा व टिकैत उमराव सिंह शेख भिखारी व जोहार पौधों के नाम दिए गए। डॉ पारसनाथ महतो कहा जिन्होंने देश में कला व साहित्य के क्षेत्र में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। उन्हे सम्मान देने व उनके योगदानों को याद रखने को पौधों को नाम देना अच्छी पहल है। कार्यक्रम में पंसस शशि मिश्रा, शैलेन्द्र मिश्र, रीता कुमारी, गफ्फार अंसारी, प्रेमनाथ मुंडा, मेजर रणजीत सिंह, डा. सुमन कुमार महतो, एथलीट बीरेन्द्र साहू, भूपेंद्र कुमार व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001

**O.A. No. 221 of 2022**

BETWEEN

BANK OF INDIA, BARKAGAON, RANCHI ....APPLICANT BANK

VS.

YUGAL MAHTO ............DEFENDANTS

SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VIII) OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE)

RULES, 1993

| SR No | DEFENDANTS | ADDRESSES |
|---|---|---|
| 1. | YUGAL MAHTO S/O LATE MOHAR MAHTO | R/O VILLAGE - ASHOK NAGAR, P.O. & P.S. - BARKAGAON, DIST. - HAZARIBAG 825311 |

Whereas, the Applicant has instituted an Application u/s 19 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act 1993 against the Defendants for Recovery of sum of **Rs. 26,67,191.00/- (Rupees Twenty Six Lakhs Sixty Seven Thousand One Hundred Ninety One Only) together with current and future interest, cost for other reliefs,** The above mentioned Defendants is/are therefore directed to appear before **Registrar in on 18th day of Sep., 2024 at 10.30 A.M.** as to why the relief's prayed for should not be granted and to file show-cause in the matter. The notice that in case of default, the application will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and seal of this Tribunal on this the **12th day of July, 2024.**

**ASHISH KARN**
**ASSISTANT REGISTRAR**

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001

**RC/382/2022**

**NOTICE TO SHOW CAUSE WHY A WARRANT OF ARREST SHOULD NOT BE ISSUED**

[UNDER RULE 73 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH SECTION, 29 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993]

**BANK OF INDIA**
Versus
**VIVEK KUMAR**

To
**(CD1)VIVEK KUMAR**
RO 155 IFICO Gate NR IFICO Plant
PO Marar PS Mandu

Also At:
S/o Baijnath Dubey, R/o 155, IFICO Gate,
N.R. IFICO Plant, P.O. - Marar, P.S. - Mandu
District - Ramgarh - 829117

Whereas you have failed to pay the amount of arrears specified in the **OA/243/2019** drawn up by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI for recovery of **Rs. 5016118.00 (Rupees Fifty Lakhs Sixteen Thousand One Hundred Eighteen Only)** along with interest plus cost payable by you as per certificate and it is proposed to execute the above Certificate by Arrest and Imprisonment of your persons.

You are hereby required to appear before the undersigned on **03/10/2024** and to show cause why you should not be arrested and committed to the CIVIL PRISON in execution of the said Certificate.

Given under my HAND and the SEAL of the Tribunal, on this date: **10/07/2024.**

Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI

**OFFICE OF THE JHUMRITELAIYA NAGAR PARISHAD– 825409**

**E-Tender Reference No.- JMC/04/2024-25 Date-31.07.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Work | Construction of Park/Green Space Under AMRUT 2.0 at Gumo, Jhumritand, Jhumri Telaiya ,Koderma, Jharkhand.. |
| 2 | Tender Fee & EMD | EMD- Rs. 2,52,800 Tender Fee- Rs. 10000 |
| 3 | Estimated Cost | Rs. – 2,52,76,667 |
| 4 | Date of Publication of Tender on Website | 07/08/2024 at 10:00 AM |
| 5 | Date of Pre-Bid Meeting | 16/08/2024 at 11:00 AM |
| 6 | Date/Time start of Submission of Bids (ONLINE) | 07/08/2024 at 10:00 AM |
| 7 | Last Date/Time of Submission of Bids (ONLINE) | 22/08/2024 up to 04:00 PM |
| 8 | Date of Technical Bid Opening | 24/08/2024 at 04:00 PM |
| 9 | Name & address of office inviting Tender | Office of the JHUMRITELAIYA NAGAR PARISHAD |
| 10 | Helpline number | Mobile-7903772765,9835420400 |

NOTE :-
(1) Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

ADMINISTRATOR
JHUMRI TELAIYA NAGAR PARISHAD

PR 331395 Urban Development (24-25)_D

**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO BHAVAN, KUTCHERY ROAD, RANCHI-834001, JHARKHAND.
Ph No.: +91-651-2225878, e-mail Id-juidcolimited@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

NIT No: JUIDCO/NIT/DPR-PMC/SWM/Huss,Chatt/24/624 Date:- 31.07.2024

**Short Notice Inviting Tender 1st Call**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Request for Proposal (RFP) for selection of Consultant for providing Consultancy services for Preparation of DPR of Solid Waste Management (SWM) Project and Project Monitoring Consultancy (PMC) at Chattarpur and Hariharganj |
| 2. | Mode of Bid Submission | e-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 3. | Tender Fee and Bid Security | Tender document fee: Rs. 10,000/- (Rupees Ten Thousand) only [Non-Refundable] Bid Security: Rs. 2,00,000/- (Rupees Two Lakh) only. (to be paid Online) |
| 4. | Date / Time of Publication of Tender on Website | 31.07.2024, 1700 Hrs |
| 5. | Date of Pre-bid meeting | 12.08.2024, 1600 Hrs |
| 6. | Last Date / Time of Bid Submission | 20.08.2024, 1700 Hrs |
| 7. | Date of Bid Opening | 21.08.2024, 1730 Hrs |
| 8. | Bid Submission Address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Limited, JUIDCO Bhawan, Kutchery Road, Ranchi – 834001 |
| 9. | Helpline No. of e-Procurement Cell | +91 651 2225878 |

**Note: Only e-Tenders shall be accepted.**
Further details are available on Jharkhand Government e-procurement website and can be seen on the website http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR 331409 (Urban Development) 24-25 (D)

**JHARKHAND URJA VIKAS NIGAM LIMITED**
**(CIN: U40108JH2013SGC001603)**
Regd. Office: Engineering Building, H.E.C, Dhurwa, Ranchi -834004

**e-TENDER NOTICE**

e-Tenders in two parts Part-I (Technical and Commercial) and Part-II (price part) are invited from the reputed tenderers having good experience of following similar nature of Civil works and having sound financial status for the works mentioned below:

| Sl. No. | NIT No. | Name of the work | Estimated cost in Rs./- | Earnest money to be deposited in Rs./- | Cost of BOQ (Non-Refundable) in Rs./- | Time of completion of work. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 06/PR/JUVNL /24-25 | R/M of Boundary wall at Legal office, JUVNL, Doranda, Ranchi | 5,24,900/- | 10,500/- | 1250.00+18% GST Extra= 1475.00 | 60 days |
| 2 | 07/PR/JUVNL /24-25 | Provision of one No. 200x165 mm dia deep tube well with all accessories at Legal office, Doranda, Ranchi | 6,13,500/- | 12,300/- | 1250.00+18% GST Extra= 1475.00 | 30 days |
| 3 | 08/PR/JUVNL /24-25 | Provision of approach road in the campus of Legal Office, JUVNL at Doranda, Ranchi | 9,29,750/- | 18,600/- | 1250.00+18% GST Extra= 1475.00 | 60 days |

| | |
|---|---|
| Availability of tender documents on website | From 02.08.24 at 11.00 AM to 22.08.24 up to 3.00 PM |
| Bid Submission start date of e-tender | 02.08.24, 11.00 AM |
| Bid Submission End date of e-tender | 22.08.24, 3.00 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | At 3.30 PM on 23.08.24 |
| Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part) | Will be Communicated later on |
| Tendering Officer and address for communication | General Manager (CIVIL), JUVNL, Engineering Building, H.E.C., Dhurwa, Ranchi – 834 004, Contact No. - 9431135528 |

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. The tenders will be received through electronic tendering mode only. Tender Fee (Cost of BOQ) and Earnest Money Deposit (EMD) is to be paid through **online mode.**

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager (Civil)

PR 331338 Jharkhand Urja Vikas Nigam Ltd(24-25)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना (e-Procurement Call)**

ई–निविदा सूचना संख्या – 11/24-25/RWD/SIM दिनांक – 30.07.2024

**1. कार्य की विस्तृत विवरणी : मुख्यमंत्री ग्राम सडक सुदृढीकरण योजना अन्तर्गत शीर्ष (4515)**

| क्र० सं० | प्रखंड | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | टेंडर कॉल संख्या | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कुरडेग | RWD/ SIM/ 11/STPKG-08/2024-25 | 1. करंगागुड़ी से बागडेगा भाया ढिंगुरपानी, मुचुटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–13.200कि०मी०) 2. किनकेल बाजार पथ से सिकरीबियुरा मिशन स्कूल भाया तुरकिनजोर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–6.500 कि०मी०) 3. आर०ई०ओ० मुख्य पथ मंसुर से भालुबहार कुम्बाटोली भाया पहाड़सारा पंचायत भवन तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–3.600कि०मी०) | 1475.165 (चौदह करोड़ पचहत्तर लाख सोलह हजार पाँच सौ रूपये मात्र) | प्रथम | 15 महिना |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 07-08-2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 27-08-2024 अपराह्न 05:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 29-08-2024 अपराह्न 11:30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06525-299956 एवं मोबाईल नम्बर 9973512046
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि विभागीय पत्रांक 3130 अनु० दि० 09-10-2023 के निर्देशानुसार केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।
9. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र के अनुसार मान्य होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, सिमडेगा

PR 331342 Simdega (24-25)_D

# राहुल का आरोप

राहुल गांधी ने कहा कि वर्तमान में बजट का पूरा लाभ मुट्ठी भर लोगों को मिल रहा है। उन्होंने इसका कारण यह बतलाया कि गिने-चुने लोगों द्वारा बजट तैयार किया जाता है जिनमें कोई भी आदिवासी नहीं होता और न ही कोई दलित या पिछड़ा वर्ग का अधिकारी। उन्होंने साफ कहा कि जब तक ऐसा होगा समाज के निचले वर्गों को इस बजट का कोई फायदा नहीं होगा। राहुल गांधी ने वह तस्वीर दिखलानी चाही जिसमें वे अधिकारी थे जिन्होंने बजट तैयार किया है। उन्होंने कहा कि इसमें कोई भी अधिकारी वंचित समाज का नहीं है। लोकसभा अध्यक्ष की नामंजूरी के पहले ही वे इस चित्र को दिखाने में कामयाब रहे। इस पर काफी शोर-शराबा तो हुआ लेकिन राहुल का उद्देश्य पूरा हो चुका था। हताश विपक्ष ने राहुल को उनके द्वारा हिन्दू धर्म का उल्लेख करने के वक्त भी शोर मचाकर उन्हें फंसाने की कोशिश की परन्तु नाकामयाब रहे। सत्ता दल के सदस्य फिर से एक बार इस बात का प्रयास करते नजर आये कि वे इस बात को मुद्दा बना सकें कि राहुल हिन्दू धर्म का अपमान कर रहे हैं पर वे इसमें बिलकुल ही कामयाब नहीं हुए। वैसे तो इनमें से अनेक ऐसे मुद्दे हैं जिन्हें राहुल लगातार सदन के भीतर व बाहर उठा रहे हैं परन्तु सोमवार का उनका भाषण बजट पर चर्चा के दौरान होने से उसका अतिरिक्त महत्व है। देखना यह होगा कि लोकसभा अध्यक्ष उनके भाषण का कितना हिस्सा रहने देते हैं और कितना रातों-रात विलोपित करते हैं। राहुल के भाषण की भरपूर सराहना हो रही है जो सरकार के लिये चिंता का विषय हो सकता है। इसके साथ ही राहुल के भाषण के दौरान मोदी की अनुपस्थिति भी मुद्दा बनी। निश्चित तौर पर राहुल गांधी का आरोप आमलोगों के लिये एक सकून का संकेत देता है जो मोदी और भाजपा से नाउम्मीद हो चुके हैं।

# बंग भंग का कुचक्र

प. बंगाल के एक और विभाजन की मांग भारतीय जनता पार्टी की प. बंगाल इकाई के अध्यक्ष तथा केन्द्रीय राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने उठाई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर उत्तरी बंगाल के 8 राज्यों को मिलाकर केन्द्र शासित राज्य (यूटी) बनाने का प्रस्ताव दिया है। उनके अनुसार इससे इस क्षेत्र का सिक्किम की तरह विकास करने में मदद मिलेगी। वह नॉर्थ इंडिया काउंसिल का हिस्सा बन जायेगा और उसे केन्द्रीय अनुदान का आवंटन हो सकेगा। मजूमदार चाहते हैं कि कूचबिहार, दार्जिलिंग, उत्तर दिनाजपुर, दक्षिण दिनाजपुर, जलपाईगुड़ी, अलीराजपुर, मालदा और कलिम्पोंग को मिलाकर यूटी बनाई जाये। यह मांग चाहे पश्चिम बंगाल के विकास के नाम से की गयी हो लेकिन इसके पीछे भाजपा का सियासी मकसद ही नजर आता है। इसके कई कारण हैं। पहला तो यह कि 2021 में पूर्व केन्द्रीय मंत्री जॉन बारला और मजूमदार ने ही इस मांग को उठाया था परन्तु जब इस पर हो-हल्ला हुआ तो मजूमदार ने इस मांग से खुद को अलग कर लिया था। मजेदार बात तो यह है कि जहां एक ओर उत्तरी बंगाल के इन 8 जिलों को मिलाकर यूटी की मांग अब उठाई गयी है वहीं इसी इलाके के अलग-अलग हिस्सों को मिलाकर तीन राज्य बनाने की मांग उठती रही है। दार्जिलिंग में गोरखालैंड, कूचबिहार में ग्रेटर कूचबिहार और कामतापुरी की मांगें पुरानी हैं। सवाल यह उठ रहा है कि 10 वर्षों से केन्द्र में सत्ता होने के बाद भी भाजपा नेताओं ने यह काम क्यों नहीं कर लिया और यह मांग फिर से क्यों उठाई जा रही है? सुकांत अब राज्य मंत्री बन चुके हैं और सम्भवतः वे मानते हैं कि अपने बढ़े हुए कद और वजन से वे यह काम करा सकते हैं। राजनैतिक तौर पर ममता से हारी भाजपा के लिये यह भी एक कुचक्र से कम नहीं है।

# विकास तो ठीक है, लेकिन सरकारी नौकरी भी दें



केन्द्रीय बजट में एक करोड़ युवाओं को निजी क्षेत्र के माध्यम से प्रशिक्षण देने की घोषणा निजीकरण के क्षेत्र में एक बड़ा कदम है। इसका सीधा अर्थ है कि देश के युवाओं में एक बड़ी आबादी आज भी राज्य और केन्द्र सरकार की नौकरियों के लिये मोहताज है। जबकि केन्द्र सरकार का हाल यह है कि सैन्य और सुरक्षा बलों के पद भी रिक्त है और नहीं भरें जा रहे। अग्निवीर की समस्या अलग से है। सरकार के दायित्व में तमाम दायित्वों से उपर देश की सुरक्षा, आम लोगों की जान माल की सुरक्षा भी है इसके लिये जो पद सृजित है उन्हें किन कारणों से खाली रखा गया है यह सरकार कभी नहीं बताती। एक सरकारी नौकरी का अर्थ देश के एक परिवार की संपन्नता से जुड़ा है। केन्द्र और राज्य में मिलाकर लगभग 87 लाख कर्मचारी अधिकारी काम कर रहें हैं। लेकिन जिस प्रकार शिक्षकों का पद खाली है उससे देश के मानस संसाधनों के विकास पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है वहीं देश का विकास भी धीमा पड़ता जा रहा है। सिर्फ औद्यागिक विकास की बात से लंबे समय तक देश का भला नहीं हो सकता विकास नहीं हो सकता।

मोदी विकास का दूसरा नाम बताये जा रहे हैं यह नारा सुनने में अच्छा लगता है। लेकिन मोदी ने निजीकरण की जो गति तेज की है उससे बिहार, झारखंड और यूपी सहित पूरे उत्तर भारत की राज्यों में जहां औद्योगिक विकास की गति धीमी रही है आज भी सरकारी नौकरी युवाओं की पहली पसंद है।

बिहार के चुनाव में जो परिणाम सामने आये है उसका ईमानदारी से विश्लेषण किया जाये तो यह तय है कि सरकारी सेवा में जाना आज भी युवाओं के लिए सबसे बड़ी बात मानी जाती है। इसी बात का संकेत बिहार के चुनाव में दिया जिसे राष्ट्र का संकेत माना जाना चाहिए। सबसे हिट नारा था दस लाख नौकरियों का जो तेजस्वी ने दिया और जीते भी, सबसे बड़ी पार्टी बनी राजद।

चुनावी जंग ब्रिटेन के एक मशहूर सैन्य जनरल के शब्दों में कहें तो शायद ही एक आसान जंग थी। लेकिन नरेंद्र मोदी की चुनाव जिताऊ क्षमताओं को एक बार फिर प्रदर्शित करने से इतर यह राज्य विकास के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रधानमंत्री की चर्चित क्षमता का असली इम्तिहान भी बन सकता है। कंपनियां अरबों के निवेश से विनिर्माण इकाइयां लगाएं, हजारों की संख्या में बढ़िया वेतन वाले रोजगार पैदा हों और संपन्नता का एक पनाहगाह बनकर उभरे, ताकि यह पिछड़ा राज्य आगे बढ़ सके।



- मुरलीधर

> मोदी विकास का दूसरा नाम बताये जा रहे हैं यह नारा सुनने में अच्छा लगता है। लेकिन मोदी ने निजीकरण की जो गति तेज की है उससे बिहार, झारखंड और यूपी सहित पूरे उत्तर भारत की राज्यों में जहां औद्योगिक विकास की गति धीमी रही है आज भी सरकारी नौकरी युवाओं की पहली पसंद है।

आलोचकों ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में मोदी की उपलब्धियों पर जो सवाल उठाए उसका मुख्य आधार यही रहा है कि उन्होंने इस राज्य में दशकों से कायम संपन्नता एवं सक्षमता का फायदा उठाया। मोदी के लिए बिहार अपनी विकासपरक क्षमताएं दशार्ने के लिए एकदम साफ स्लेट है। बिजली, सड़क, पानी देने और कानून व्यवस्था की हालत सुधारने से जुड़ी अपनी उपलब्धियों के लिए तीन बार से मुख्यमंत्री पद पर आसीन नीतीश को सुशासन का खिताब दिया जाता रहा है। अगर बिजली देने के मामले में ही उनकी उपलब्धियां देखें तो पता चल जाता है कि उनका काम किस कदर चुनौतीपूर्ण रहा है? नीतीश के दौर में बिहार में बिजली खपत 700 मेगावॉट से बढ़कर 6,000 मेगावॉट हो गई और 'लालटेन युग' का खात्मा हो गया। नीतीश अक्सर लालू की पार्टी राजद के चुनाव चिह्न लालटेन को उस शासन के प्रतीक के तौर पर पेश करते रहे हैं।

लेकिन निश्चित रूप से बिहार के लोगों ने इस बदलाव को खुद महसूस किया है। फिर भी यह विडंबना ही है कि सुशासन के बावजूद बिहार अब भी बीमारू राज्यों में बना हुआ है और विकास के तमाम मानदंडों पर होने वाली रैंकिंग में अक्सर निचले पायदानों पर मौजूद रहता है।

नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक कार्यालय के महानिदेशक पद से सेवानिवृत्त गोविंद भट्टाचार्य ने 'इकनॉमिक सर्वे ऑफ बिहार' का हवाला देते हुए कई विसंगतियों को रेखांकित किया है। उनका कहना है कि बिहार की प्रति व्यक्तिआय राष्ट्रीय औसत के एक-तिहाई से भी कम है, सकल राज्य घरेलू उत्पाद में विनिर्माण की हिस्सेदारी 2015-16 और 2018-19 के दौरान एक फीसदी अंक गिरी है और राज्य के 38 में से 13 जिले देश के सर्वाधिक पिछड़े 117 जिलों में शामिल हैं। बिहार के निराशाजनक प्रदर्शन के इन संकेतकों को सामने रखने के साथ ही भट्टाचार्य यह भी कहते हैं कि इस स्थिति के लिए अकेले नीतीश को जिम्मेदार ठहराना अनुचित होगा। भारत में जनसेवा में लगा कोई भी व्यक्ति सुधारों की राह में खड़े संस्थागत अवरोधों से बखूबी परिचित होगा। जहां तक बिहार का सवाल है तो वह सामाजिक पिछड़ेपन एवं भ्रष्टाचार के अतीत में इस कदर फंसा हुआ है कि वहां पर बड़े सुधार ला पाना कोई छोटी चुनौती नहीं है।

बिहार राज्य की 75 फीसदी से अधिक आबादी के खेती पर ही निर्भर होने से कारखानों के लिए बड़े पैमाने पर जमीन तलाशना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। बिहार उन राज्यों में से एक है जहां जमीन का अधिग्रहण करना बहुत कठिन है क्योंकि यहां पर भूमि स्वामित्व के रिकॉर्ड ही नहीं हैं। हाल में शुरू की गई स्वामित्व योजना बिहार में जमीन के मालिकाना हक संबंधी रिकॉर्ड की समस्या को काफी हद तक दूर कर सकती है जिससे भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया आसान हो सकती है।

मोदी अपने लोकप्रिय कार्यक्रम स्वच्छ भारत अभियान को बिहार में पुरजोर ढंग से लागू करते हुए इसे 'खुले में शौच से मुक्त' घोषित करने की दिशा में भी बढ़ सकते हैं। अभी तक 38 में से आधे जिलों को ही खुले में शौच से मुक्त किया जा सका है। मोदी अपनी सरकार के महत्त्वाकांक्षी 'हर घर नल से जल' कार्यक्रम के केंद्र में भी बिहार को रख सकते हैं ताकि ग्रामीण परिवारों तक निर्बाध जलापूर्ति की जा सके। वह बिहार के खस्ताहाल स्वास्थ्य देखभाल ढांचे को दुरुस्त करने के लिए केंद्रीय फंड देने के साथ ही केंद्र की स्वास्थ्य बीमा योजना का विस्तार भी कर सकते हैं। उनके सामने बेशुमार मौके हैं। काशी प्रतीक है कायाकल्प का लेकिन दिल्ली का रास्ता का झारखंड बिहार और काशी होकर ही जाता है।

(लेखक खबर मन्त्र से जुड़ें हैं।)

## खास बात

### नयी शिक्षा नीति

हमारी प्रतिस्पर्धा अब वैश्विक हो गयी है। यूपीए सरकार के समय ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था विकसित करने की बात उठी थी। उसके अनुसार शिक्षा क्षेत्र में बदलाव लाने और रोजगारोन्मुख शिक्षा प्रणाली बनाने का संकल्प लिया गया था। मगर इस दिशा में कोई उल्लेखनीय प्रगति नहीं हो पाई थी। फिर हमारे देश में जिस तरह शिक्षा क्षेत्र में विषमता बढ़ती गई है, उसमें बुनियादी शिक्षा और फिर उच्च शिक्षा के स्तर पर व्यावहारिक बदलाव करने की मांग उठती रही है। फिलहाल सरकारी और निजी शिक्षण संस्थानों की पढ़ाई-लिखाई के स्तर और सुविधाओं में बहुत बड़ा अंतर नजर आता है। इसे लेकर व्यापक सामाजिक असंतोष भी देखा जाता है। इस अंतर को पाटना बहुत जरूरी है। फिर उच्च शिक्षा के स्तर पर हमारे देश के विश्वविद्यालय पढ़ाई-लिखाई के तरीके, अनुसंधान, सुविधाएं आदि के पैमाने पर दुनिया के विश्वविद्यालयों के सामने फिसड्डी साबित होते रहे हैं। इस स्थिति से उबरने की जरूरत भी रेखांकित की जाती रही है। अब उच्च शिक्षा केवल सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के तहत विद्यार्थियों को एक से दूसरे देशों में भेजने का मामला नहीं रह गया है। यह व्यावसायिक मामला भी है। नई शिक्षा नीति में इसे ध्यान में रखते हुए सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों को प्रोत्साहित और विकसित करने की रूपरेखा तैयार की गई है।

नई शिक्षा नीति में इस बिंदु पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया गया है। फिर पाठ्यक्रमों का स्वरूप रोजगार और विशेष योग्यता अर्जित करने, अनुसंधान आदि के आधार पर तैयार करने पर जोर दिया गया है। दरअसल, अब शिक्षा प्रणाली को न सिर्फ अपने देश की, बल्कि वैश्विक जरूरतों के मुताबिक ढालना बहुत जरूरी है, ताकि विज्ञान, तकनीकी शिक्षा, सामाजिक विज्ञान आदि क्षेत्रों में प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिल सके। नई शिक्षा नीति से यह मकसद सध सकता है। आखिरकार व्यापक सलाह-मशविरों और सुझावों के बाद के. कस्तूरीरंगन समिति द्वारा तैयार नई एनईपी घोषित कर दी गई है।

**देश** की नारी शक्ति विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी लगातार मजबूत कर रही है। अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल करते हुए एमएसएमई मंत्रालय के अंदर पंजीकृत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी के उद्यमियों में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़कर 39% हो गई है।

**– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

## आपके ट्वीट

**हावड़ा**-मुंबई मेल एक्सप्रेस दुर्घटना में सभी मृतकों के परिजनों को झारखंड सरकार की ओर से दो - दो लाख रुपये एवं सभी घायलों को 50 - 50 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





**आम** भारतीयों की खाली जेब भी काटी जा रही है। मित्र उद्योगपतियों के 16 लाख करोड़ माफ कर देने वाली सरकार ने ह्यमिनिमम बैलेंसह्ल तक मेंटेन न कर पा रहे गरीब भारतवासियों से 8500 करोड़ रुपए वसूल लिए हैं।

**– राहुल गांधी**

# जागो

## विचार-प्रवाह

**जग्गी वासुदेव**

**कुछ** भी करना है तो उसके लिए मानवीय ऊर्जा, समय व साधनों की कुछ मात्रा सर्मिपत करनी पड़ती है। इसलिए हमें चेतना में निवेश करना चाहिए। अब तक हम सिर्फ जीवित रहने के लिए प्रयास करते रहे हैं। लेकिन जब तकनीकें यथार्थ बन जाएंगीं, तब अपना अस्तित्व बनाए रखना कोई मुद्दा ही नहीं रहेगा।

जब अस्तित्व कोई मुद्दा ही नहीं होगा तो हम जरूर ही चेतना में निवेश करना शुरू करेंगे। लेकिन जितना जल्दी हम यह शुरू करेंगे, उतना ही उन नई संभावनाओं की ओर आगे बढऩे पर समस्याएं कम होंगीं, जो तकनीकों द्वारा प्रदान की जाएंगी। क्या आप की पहचान और आप के अनुभव आपको दूसरों से अलग रखते हैं, या आप की पहचान और आप के अनुभव दूसरों को आपमें शामिल करते हैं- इसी से ये तय होगा कि तलवार किस तरफ से वार करेगी। तकनीक हमेशा दुधारी तलवार होती है-यह दोनों तरफ से काट सकती है।

आप किस तरफ इसका इस्तेमाल करेंगे यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप कौन हैं? क्या आप की पहचान और आप के अनुभव आपको दूसरों से अलग रखते हैं, या आप की पहचान और आप के अनुभव दूसरों को आपमें शामिल करते हैं- इसी से ये तय होगा कि तलवार किस तरफ से वार करेगी। तो फिर हमें क्या करना चाहिए, जिससे मानव समाज में चेतना बड़े स्तर पर प्रकट हो? प्रत्येक पीढ़ी में अत्यंत जागरूक मनुष्य होते रहे हैं। लेकिन कुछ पीढ़ियों और कुछ समाज में उनकी बातें सुनी गई हैं, जबकि अन्य कुछ समाज में उनकी तरफ ध्यान नहीं दिया गया, तो अब समय आ गया है।

## कार्टून वर्ल्ड

युद्ध का प्रभाव




साभार : कार्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडिटर

### साझे प्रयास हों

**जहरीली** शराब के उत्पादन और बिक्री को रोकने में पुलिस और आबकारी विभाग की नाकामी शर्मनाक है। यह ठीक है कि शराब का कारोबार करने वाले तस्करों को पकड़ने के लिए सरकार व प्रशासन द्वारा छापामारी की जानी चाहिए, लेकिन आमजन को भी स्वयं जागरूक होने की जरूरत है। समाज और सरकार साझे प्रयास से ही इस कारोबार पर नकेल कस सकता है। **– रवि किशन, रांची**

### सामंजस्य से प्रगति

**लोकतांत्रिक** देश में शिक्षा, रोजगार, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक नेतृत्व के क्षेत्र में महिलाओं को समान अधिकार प्राप्त हैं। लैंगिक असमानता महिलाओं के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा देती है। महिलाओं के साथ सम्मान के साथ सही व्यवहार किया जाना चाहिए। पुरुष वर्ग को इसके लिए अपनी संकीर्ण सोच से बाहर निकलने की जरूरत है।

**– सचिन सिंह, रांची**

# नैतिक उच्चादर्शों की ओर ले जाती है शिक्षा

## सामयिक

अरुण कुमार दीक्षित

शिक्षा हमें प्रकाशवान बनाती है। हमारे अंतस में प्रज्ञा लाती है। हम संस्कारवान शिक्षा से सामाजिक बनते हैं। प्रज्ञावान व्यक्ति सुंदर समाज का निर्माण करते हैं। शिक्षा सदाचारी व शीलवान बनाती है। शिक्षा हमें सत्य और सन्मार्ग पर ले जाती है। शिक्षा के ज्ञान से हम अनेक समाज और राष्ट्रों के विषय में अध्ययन कर पाते हैं । संस्कृतियों, सभ्यताओं को जानने-समझने का माध्यम शिक्षा ही है। हमारे अंतस में तरह-तरह की शक्तियों के प्रकट होने में शिक्षा ही हमारी सहायक होती है। शिक्षा हमें नैतिक और उच्च आदर्शों की ओर ले जाती है। भारत में शिक्षा के पूर्व विद्या शब्द है। विद्या को ज्ञान कहते हैं । ज्ञान को प्रकाश रूप में हम सब जानते हैं ।

पश्चिमी देश प्रकाश को लाइट कहते हैं। हम भारत में किसी ज्ञानवान व्यक्ति को विद्वान, प्रज्ञावान, विद्यावान कहते हैं। अब तक जो व्यक्त किया जा रहा है, जो व्यक्त हो चुका है, वह किसी अन्य के भीतर घटित हुआ है ,उसकी प्रतीति और अनुभव उसके हैं। दूसरा नहीं जान सकता है जो किसी ने जाना- समझा। जिसके अंतस में ऋषित्व घटित हुआ, वही उसका अधिकारी है । द्दष्टा है। उसके अनुभव और जानकारी उसी की है। पढ़ने वाले ,विद्या ग्रहण करने वाले उपासक-आराधक की नहीं है। उसका बताया हुआ हम उसे दोहरा सकते हैं। समाज, व्यक्ति, राष्ट्र के लिए उसका उपयोग कर सकते हैं, पर जो किसी द्रष्टा ने जाना, वह उसके द्वारा उसके सूत्रों से ही प्रकट होता है।

हम सब लगातार प्रयास करते हैं, कि विद्यावान बनें। समाज के लिए उपयोगी बनें, मगर दूसरे के अनुभव हमें प्रायः कठिनाई में डालते हैं । वह उधार के होते हैं। व्यक्ति किसी विशेष शिक्षा के अध्ययन के लिए जाता है, उसे स्मृति में लेकर लगातार प्रयास करता है। वह सफल या असफल होता है । वह किसी बड़ी-छोटी नौकरी में जाता है, मगर वह शिक्षित होकर भी सबके काम नहीं आता है। वह व्यक्तिगत ही रह जाता है। समाज राष्ट्र के निमित्त की बात नहीं करता, जबकि विद्यावान होने का मतलब सर्वजन हिताय होना चाहिए।

प्राचीन यूनानी दार्शनिक प्लेटो को व्यापक रूप से पश्चिमी शिक्षा का जनक माना जाता है। अंग्रेजी में शिक्षा को एजुकेशन कहा जाता है। एजुकेशन शब्द की उत्पत्ति लैटिन भाषा के एजुकेटम शब्द से मानी जाती है, जिसका अर्थ बताया गया है कि आंतरिक को बाहर लाना। आखिर सनातन धर्म में कैसे खोजें कि भारत में प्रज्ञावान , मेधावान बनाने का आरंभ कब हुआ। भारत हमेशा से है। आदि-अनादि है। यहां विद्या का नाम धर्म भी है। अध्यापन भी है। जो विद्या धर्म के मार्ग पर नहीं ले जाती है, वह विद्या नहीं है। कुमार्ग है। शिक्षा का अर्थ है सीखना और जानना। जाने हुए को अन्य को बताना। अब विद्या और शिक्षा को एक समझना और भी लगता है कि द्वंद्व भरा है। हम देख रहे हैं कि लगातार व्यापार या नौकरी के लिए कई दशक से कौशल शब्द का प्रयोग किया जा रहा है। सरकारें कौशल मिशन पर जोर दे रही हैं। विद्यावान व्यक्ति को भारत में बगैर नौकरी चाकरी ही बड़ा माना जाता है। अनेक विद्यावान ऋतम्भरा वाले महापुरुषों की जन्म तिथि नहीं है। सर्टिफिकेट नहीं है। तो भी वे स्मरणीय हैं। उपासना के सुयोग्य हैं।

भारत में सुबह हनुमान चालीसा पाठ अनेक परिवारों में किया जाता है ।हनुमान चालीसा में हनुमान को विद्यावान गुनी अति चातुर, राम काज करिबे को आतुर वर्णित है। अब हनुमान जी अपने निजी काम से नहीं है। राम काज में हैं। लोक मंगल में हैं। इसका सीधा अर्थ है कि विद्या हम सबको भव्य और दिव्य बनाती रही है। वह राष्ट्रोन्मुखी है। विद्या दूसरे के जैसा नहीं। प्रत्येक को अपने जैसा निर्मित करती है।

# अमीर और गरीब के बीच बढ़ती खाई

## सामयिक

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

भारत में असमानता, संपन्नता और निर्धनता के बीच के द्वंद्व से परे है, क्योंकि जाति आधारित असमानताएं देश के सामाजिक-आर्थिक ढांचे की परिभाषित विशेषताओं में से एक हैं। वर्ल्ड इनइक्वैलिटी लैब के एक हालिया वर्किंग पेपर ने अमीर और गरीब के बीच की खाई को चौड़ा किया है। जाति आधारित असमानताएं देश के सामाजिक आर्थिक ढांचे की परिभाषित विशेषताओं में से हैं। आर्थिक असमानता का आकलन करने के लिए गिनी गुणांक और प्रतिशत अनुपात महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में काम करते हैं। यह लोरेंज कर्व से लिया गया है। इसका उपयोग किसी देश में आर्थिक विकास के संकेतक के रूप में किया जा सकता है। गिनी गुणांक किसी आबादी में आय समानता की डिग्री को मापता है। गिनी गुणांक 0 (पूर्ण समानता) से 1 (पूर्ण असमानता) तक भिन्न हो सकता है। शून्य का गिनी गुणांक का मतलब है कि सभी की आय समान है, जबकि 1 का गुणांक एक व्यक्ति को सभी आय प्राप्त करने का प्रतिनिधित्व करता है।

समग्र रूप से और अनुसूचित जनजाति (एसटी), अनुसूचित जाति (एससी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और सामान्य श्रेणी जैसे सामाजिक समूहों के भीतर उपभोग असमानता में परिवर्तन। 2022-23 में, जबकि एसटी की आबादी 9 प्रतिशत थी, उनकी खपत हिस्सेदारी केवल 7 प्रतिशत थी। अनुसूचित जाति की आबादी 20 प्रतिशत थी और उनकी खपत में हिस्सेदारी 16 प्रतिशत थी। ओबीसी (आबादी का 43 प्रतिशत) की खपत में हिस्सेदारी 41 प्रतिशत थी। आबादी का 28 प्रतिशत हिस्सा होने के बावजूद, सामान्य वर्ग ने 36 प्रतिशत की उल्लेखनीय रूप से उच्च खपत हिस्सेदारी हासिल की। ये निष्कर्ष विभिन्न सामाजिक समूहों में खपत के वितरण में लगातार असमानताओं को रेखांकित करते हैं।

एससी और एसटी लगातार सामान्य और ओबीसी श्रेणियों के लोगों से पीछे हैं। समग्र गिनी गुणांक 2017-18 में 0.359 से घटकर 2022-23 में 0.309 हो गया, जो इस अवधि के दौरान कुल आय असमानता में 050 की कमी दशार्ता है। एसटी श्रेणी में गिनी गुणांक 322 से घटकर 0.268 हो गया, जो 0.054 अंकों की गिरावट है। यह इस समुदाय के भीतर खपत के समान वितरण में सुधार का संकेत देता है। एससी श्रेणी में 312 से घटकर 0.273 हो गया। ओबीसी श्रेणी में गिनी गुणांक में 336 से 0.288 तक की गिरावट देखी गई, जो 0.048 अंकों की कमी है। सामान्य श्रेणी में सबसे अधिक कमी देखी गई, जो 379 से 0.306 तक थी, जो 0.073 अंकों की गिरावट के बराबर थी। यह कमी सामाजिक गतिशीलता और प्रभावी नीति हस्तक्षेपों सहित विभिन्न सामाजिक-आर्थिक परिवर्तनों का संकेत हो सकती है।

एसटी और एससी समुदाय सबसे स्पष्ट विसंगतियों को सहन करते हैं। एसटी, एससी और ओबीसी समूहों के लिए, 2017-18 से 2022-23 तक उपभोग के स्तर में कमी आई है, जो निचले 20 प्रतिशत दशमलव के लिए मामूली है। सामान्य श्रेणी के लिए, उपभोग के स्तर में कमी अधिक स्पष्ट है जो सामान्य आबादी के सबसे गरीब तबके के बीच उपभोग में सापेक्ष गिरावट को दशार्ती है। शीर्ष 20 प्रतिशत दशमलव में सभी सामाजिक समूहों के लिए उपभोग में थोड़ी वृद्धि हुई है। सामान्य श्रेणी में विश्लेषण के तहत दो अवधि के बीच 10 प्रतिशत अंकों की महत्वपूर्ण वृद्धि का अनुभव होता है। भारत ने बहुआयामी गरीबी से लाखों लोगों को बाहर निकालने में उल्लेखनीय प्रगति की है, फिर भी विभिन्न जाति समूहों के बीच असमानता बनी हुई है। संविधान द्वारा जाति भेदभाव को समाप्त करने और सकारात्मक कार्रवाई कार्यक्रमों की शुरूआत के बावजूद, जाति की छाया आर्थिक वास्तविकताओं को आकार देना जारी रखती है। केंद्र ने इन असमानताओं को कम करने के लिए आरक्षण, ग्रामीण विकास पहल और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण सहित कई नीतियां बनाई हैं। विभिन्न सामाजिक-आर्थिक समूहों के बीच उपभोग पैटर्न में असमानताएं आय, संसाधनों तक पहुंच या क्रय शक्ति में संभावित असमानताओं को दशार्ती हैं।

## स्पीड न्यूज

### कुजू में डिजनीलैंड का उद्घाटन



कुजू। श्रावणी मास के शुभ अवसर पर कुजू पब्लिक हाई स्कूल के मैदान में सह डिजनीलैंड मेले का उदटन समाजसेवी सह विद्यालय भूमि के भू-दाता शिबू प्रसाद, समिति के अध्यक्ष सह कुजू पश्चिमी पंचायत के मुखिया जयकुमार ओझा, राजद जिलाध्यक्ष मो गुलजार, धर्मराज राम ने सयुंक्त रूप से किया। अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से क्षेत्र में खुशी आती है। क्षेत्र के लोगों को मेला देखने कहीं दूर दराज जाना नहीं पड़ता है।क्षेत्र में लोगों के बीच एक महीने तक त्योहार का माहौल रहता है। कार्यक्रम में समाजसेवी मोती प्रसाद , राजद जिला अध्यक्ष मोहम्मद गुलजार , पंचायत समिति सदस्य संतोष कुमार मेहता , सोनू सहित काफी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण मौजूद थे।

### उ.म. विद्यालय में पौधा वितरित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय चैनगड़ा में बुधवार को वार्ड 19 के पार्षद प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नूतन महतो और समाज सेवी बिटू कुमार ने 250 पौधा का वितरण किया। प्रदीप शर्मा ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी मानव जीवन भी सुरक्षित रह सकेगा। मौके पर मुख्य रूप से प्रधानाध्यापक विभूति कुमार महतो, राजेश्वरी देवी, दिव्या मुकुटमनी, भीखन महतो, मनोज महतो दर्जनों विद्यार्थी मौजूद थे।

### मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनी

भुरकुंडा (रामगढ़)। श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में बुधवार को साहित्य साधक मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई गई। विद्यार्थियों को मुंशी प्रेमचंद के उपन्यास, कविताओं की आधुनिक समय में प्रासंगिता, कहानियों से समाज को मिलने वाले संदेश के बारे में बताया गया। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि प्रेमचंद हमारे समाज के सजग प्रहरी थे। उनको याद करके हम उनके विचारों से सीख सकते हैं और समाज को दिशा दे सकते हैं। उनके उपन्यास व कहानियों में सच्चाई व जीवन के अनुभव की झलक मिलती है। उनकी रचना का परिवेश ज्यादातर ग्रामीण रहा है।

### चोरधारा में साक्षारता जागरूकता अभियान



भुरकुंडा (रामगढ़)। भदानीनगर क्षेत्र के चोरधारा पंचायत में अग्रगति संस्था द्वारा चलाए जा रहे आरबीआई प्रोजेक्ट के तहत बुधवार को ग्रामीणों के बीच वित्तीय साक्षारता जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें मुख्य रूप से चोरधरा पंचायत के मुखिया राम नारायण कुमार उपस्थित थें। अभियान के दौरान पतरातु ब्लॉक के सीएफएल विकास पटेल व पम्मी कुमारी द्वारा ग्रामीण महिला-पुरूषो को बैंक से संबंधित केवाईसी, केसीसी, मुद्रा लोन, साइबर क्राइम, मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड रखने, नॉमिनी रखने, जनधन खाता खोलवाकर लाभ लेना और बैंक से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां देकर जागरूक किया गया।

### रोक के बावजूद बालू उठा रहे माफिया

**बरही।** बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत के ग्राम करगइयो में बालू माफियाओं का इन दिनों आतंक मचा हुआ है। प्रदेश में एनजीटी लगा हुआ है। जिससे नदियों से बालू उठाव को पूर्ण रूप से वर्जित किया गया है, जिसके कारण बालू का मूल्य काफी अधिक हो गया है। अधिक लाभ कमाने के लिए बालू माफियाओं का गिरोह कृषि योग्य भूमि से ही बालू उठाव कर रहे हैं, ग्रामीणों के मना करने पर ट्रैक्टर चढ़ा देने की बात करते है। उक्त बाते मुखिया मंगलदेव यादव ने बताया है। उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी अंचलाधिकारी बरही को दी गई है लेकिन उनके द्वारा अब तक कोई सकारात्मक पहल नहीं किया गया है।

### मइयां सम्मान योजना को लेकर बैठक



**बरही।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बुधवार को मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना की सफलता को लेकर आंगनबाड़ी सेविकाओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ क्रिस्टिना रिचा इंदवार ने किया और योजना की विस्तृत जानकारी दी। योजना के तहत 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये प्रोत्साहन राशि के रूप में दिए जाएंगे। सेविकाएं 1 से 3 अगस्त तक घर-घर जाकर लाभुकों को मुफ्त फॉर्म वितरित करेंगी। 16 अगस्त से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और महिला बाल विकास मंत्री बेबी देवी ने लाभुकों के खातों में राशि भेजकर योजना की शुरूआत करेंगे। बैठक में मोहन मिर्धा, सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित थीं।

### दुर्गाचरण प्रसाद का धरना समाप्त



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जेएसपीएल बी गेट के समक्ष 6 सूत्री मांगों को ले बड़कागांव विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी दुर्गाचरण प्रसाद का उपवास सह धरना कार्यक्रम बुधवार को समाप्त हो गया। क्षेत्र के शिक्षाविद रामेश्वर प्रसाद ने जूस पिलाकर उपवास को समाप्त कराया। मालूम हो कि जेएसपीएल कम्पनी द्वारा मजदूरों का शोषण व 6 सूत्री मांग को ले दुर्गाचरण प्रसाद ने मंगलवार से आंदोलन का बिगुल फूंकते हुए 24 घंटे के उपवास के साथ धरना पर बैठे थे। दुर्गाचरण प्रसाद ने कहा कि जिंदल प्रबंधन को 15 दिन का समय दिया हूं। इस बीच प्रबंधन सकारात्मक वार्ता कर समस्याओं का समाधान नही करती है तो पुनः आंदोलन का रूख अख्तियार करूंगा।

### कांवड़ियों का जत्था देवघर रवाना

भुरकुंडा (रामगढ़)। बुधवार को भुरकुंडा पटेलनगर से कांवरियों का जत्था देवघर के लिए रवाना हुआ। रवानगी से पूर्व कांवरियों ने पटेलनगर स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर अपने परिवार और क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। पूजा के दौरान ऊं नमः शिवाय, हर-हर महादेव जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा।

# राष्ट्रपति व राज्यपाल से मिले सांसद मनीष जायसवाल

▸▸ राष्ट्रपति को हजारीबाग की विश्व विख्यात रामनवमी महोत्सव में आने का दिया निमंत्रण

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**हजारीबाग।** बुधवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को झारखंड में पिछले पांच वर्षों में आदिवासियों की जनसंख्या में धर्मांतरण के कारण हुए तीव्र घटाव, बांग्लादेशियों के द्वारा संगठित रूप से आदिवासी बेटियों से विवाह और जमीन हथिया कर क्षेत्र की डेमोग्राफी बदले जाने के विषय में विस्तृत चर्चा की और उन्हें इस संबंध में पूरी जानकारी दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को हजारीबाग की विश्व विख्यात इंटरनेशनल रामनवमी में हजारीबाग आने का निमंत्रण दिया। जायसवाल ने कहा कि राष्ट्रपति का रामनवमी महोत्सव में आना सभी हजारीबाग लोकसभा वासियों के लिए गौरवपूर्ण क्षण होगा। झारखंड के नए राज्यपाल संतोष गंगवार से नई दिल्ली में सांसद मनीष जायसवाल ने शिष्टाचार मुलाकात किया। झारखण्ड के नए राज्यपाल संतोष गंगवार के दिल्ली स्थित आवास में जाकर सांसद मनीष जायसवाल ने बुके प्रदान कर उनका अभिनन्दन किया। संतोष गंगवार को नई दायित्व के लिए बधाई दी और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं भी दी। सांसद जायसवाल ने राज्यपाल से झारखंड के विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा भी की।

# कुजू : सड़क दुर्घटना में नगर परिषद के इंजीनियर की मौत

## स्कॉर्पियो व बाइक में टक्कर, भाजपा कार्यकर्ता घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**





मृतक रोहित रमण दास और घायल विनोद प्रसाद

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के भाजपा जिला कार्यालय स्थित बाईपास कट पर बुधवार दोपहर स्कॉर्पियो व एक बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें नगर परिषद क्षेत्र में कार्यरत इंजीनियर रोहित रमण दास (28वर्ष) की मौके पर ही मौत गई। जबकि बाइक पर सवार दिगवार काली मंदिर निवासी सह भाजपा कार्यकर्ता विनोद प्रसाद (42 वर्ष) गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना की सूचना पाकर कुजू पुलिस ने मृतक रोहित को एंबुलेंस से रामगढ़ सदर अस्पताल पहुंचाया। जबकि घायल विनोद को उनके ही साथियों ने सूचना पाकर रांची रोड दी हॉप इलाज के लिए ले गये। जहां से बेहतर इलाज के लिए उसे रांची मेडिका रेफर कर दिया गया। इंजीनियर रोहित रमण दास बाइक संख्या जेएच 02एए 1732 से विनोद के साथ मापी कार्य को लेकर दिगवार आ रहा था। इसी दौरान क्रॉसिंग पार करने के दौरान स्कॉर्पियो जेएच 02 एजे 7484 ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे रोहित की मौत घटना स्थल पर हो गयी। जबकि विनोद गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को जब्त कर ओपी ले आये।

### फुटपाथ दुकानदारों ने उपायुक्त को लिखा पत्र

**बरही।** करियातपुर के फुटपाथ दुकानदारों ने उपायुक्त को पत्र लिखकर बताया है कि हम सभी दुकानदार 45-50 वर्षों से सड़क के किनारे जिला परिषद के भूमि पर अपना छोटा-मोटा झोपड़ीनुमा दुकान बनाकर अपना जिविकोपार्जन कर रहे है। इससे पूरे परिवार का भरण-पोषण होता है। इसके अतिरिक्त हमलोगों के पास जीविकोपार्जन का कोई साधन नहीं है। दुकान हटने से हमलोगों के साथ भुखमरी की स्थिति पैदा हो जाएगी। हमलोग के दुकान को ग्राम करियातपुर के कुछ असमाजिक तत्वों के लोगों के द्वारा जबरन दुकान को हटाने की धमकी दे रहे है। एवं दुकान को चलाने की बात करते है। हम सभी गरीब फुटपाथ दुकानदार श्रीमान् का ध्यान आकृष्ट कराना चाहते है कि कुछ मौजा में कुल पाँच प्लौट एवं कुल रकवा 5 एकड़ भूमि है। जिस भूमि के बड़े भु-भाग पर ग्राम करियातपुर के ग्रामीण भु-माफियाओं का कब्जा है। परन्तु सिर्फ हम चिन्हित गरीब दुकानदारों को ही दुकान हटाने की धमकी दिया जा रहा है, स्थिति तनावपूर्ण है। ग्राम करियातपुर के असमाजिक तत्वों के द्वारा कभी भी अप्रिय घटना को अंजाम देने की प्रबल संभावना है। उक्त खाते की भूमि पर विद्यालय भवन बनाया जाना है। जिसके लिए पर्याप्त भूमि खाली है।

### लायंस कल्ब ने दिव्यांग मजदूर को दिया वैशाखी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस कल्ब ऑफ भुरकुंडा ने बुधवार को चपरासी धौड़ा भुंइया टोला के दिव्यांग दिहाड़ी मजदूर को वैशाखी दिया। कल्ब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल ने बताया की दोनों पैरो से लाचार दिहाड़ी में कार्य करने वाले मजदुर को बैसाखी दिया गया है। विगत एक वर्ष पूर्व काम के दौरान दुर्घाटना में वे दोनो पैरो से लाचार हो गये थे।

### रामगढ़ जिले में 25 गैर मजरुआ जमीन की जमाबंदी रद्द

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत अलग-अलग प्रखंडों में विभिन्न स्थलों पर संदेहात्मक जमाबंदी कायम किए जाने संबंधित कुल 25 मामलों में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामगढ़ चंदन कुमार के न्यायालय द्वारा की गई सुनवाई के आलोक में राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग झारखंड रांची द्वारा सभी 25 संदेहात्मक जमाबंदी को रद्द करने हेतु संपुष्टि प्रदान कर दी गई है। उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा संबंधित अंचल अधिकारियों को जमाबंदी कायम करने में दोषी, संलिपित कर्मियों, पदाधिकारियों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई हेतु प्रस्ताव अनुशंसा सहित उच्च माध्यम से भेजने का निर्देश दिया गया है।

### मेरू कैंप में शहीद दिवस पर पौधरोपण



**हजारीबाग।** वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत बल मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल, नई दिल्ली के निर्देशानुसार पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनें दायित्वों का निर्वहन करते हुए विशेष निर्धारित कार्यक्रमों की श्रृखंला में केएस बन्याल, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय के नेतृत्व में मेरू कैंप के कार्मिकों नें शहीद उधम सिंह शहीदी दिवस के अवसर पर संयुक्त वृक्षारोपण किया गया। इस अभियान में संस्थान के कार्मिकों व सेंट स्टीफन स्कूल के 50 से अधिक छात्रों व शिक्षकों ने संयुक्त रूप से भाग लेकर व्यापक तौर पर वृक्षारोपण किया व 500 से ज्यादा विभिन्न प्रकार के फलदार व छायादार पौधे लगाए गए। मेरू कैम्प में पदस्थापित अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों व जवानों ने बढ़-चढ़कर इस अभियान में हिस्सा लिया। वर्ष 2024 में प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, हजारीबाग को 57000 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसे चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। शहीद उधम सिंह 31 जुलाई 1940 को शहीद हुए थे तब से इस दिन को शहीद उधम सिंह के शहादत दिवस के रूप में मनाया जाता है। मेरु कैंप परिसर में सीमा प्रहरियों और स्कूली बच्चों के साथ वृक्षारोपण कर शहीद उधम सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महानिरीक्षक ने कहा कि पेड़-पौधे हमारी अमूल्य संपदा है पेड़ लगाना प्रकृति का संरक्षण व संवर्धन है और प्रकृति का संरक्षण व संवर्धन ईश्वर की श्रेष्ठ आराधना है। प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत ही जरूरी है।

### रामगढ़ में क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट आयोजित



**रामगढ़ ।** रामगढ़ में बुधवार को 22 वां क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने किया। मीट में संतोष सुधाकर सहायक निदेशक ब्यूरो अपराध अनुसंधान विभाग झारखंड रांची, डॉ आदित्य विक्रम गौंड सहायक निदेशक राजनीति विज्ञान प्रयोगशाला रांची, संदीप कुमार वैज्ञानिक सहायक राजनीति विज्ञान प्रयोगशाला] रांची, दिलीप कुमार महतो फोटो ब्यूरो अपराध अनुसंधान विभाग झारखंड रांची, एतवा उरांव स्वान दस्ता अपराध अनुसंधान विभागरांची, एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, प्रचारी प्रवर मंटू यादव, पुलिस निरीक्षक मांडू सुरेश लिण्डा, सर्जेंट सन्नी कच्छप, व मीडिया सेल प्रभारी पुअनि उपेन्द्र कुमार उपस्थित थे।

### विधायक अकेला ने सदन में उठाया पुल निर्माण का मामला



**बरही।** पदमा महल गेट से थाना चौक पदमा बाजार थाना ब्लॉक ऑफिस एवं रेलवे स्टेशन तक उच्च स्तरीय पुल निर्माण सहित चौड़ीकरण व मजबूतीकरण का कार्य कराया गया था, जिसमें जिन रैयतों के जमीनों का अधिग्रहण किया गया था, उन्हें मुआवजा की राशि अब तक प्राप्त नहीं हुई है। जिसके लिए विधायक उमाशंकर अकेला ने बुधवार को सदन में मामला उठाया है। प्रश्न को सदन में स्वीकार करते हुए मामले को लेकर भू अर्जन पदाधिकारी हजारीबाग को स्थानांतरित किया गया है। उन्होंने रैयतों के मुआवजा को लेकर भी आवाज उठाया है। मंत्री ने उत्तर में बताया है कि प्रश्नगत पथ, पथ निर्माण विभाग की पथ है, जिसकी लंबाई-8.025 कि०मी० है। जिसका अधिग्रहण वर्ष 2017 में ग्रामीण कार्य विभाग से किया गया है। यह पथ सिंगल लेन था तथा इसका रो (राइट ऑफ वे) अपर्याप्त था। पथ को डबल लेन में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई तथा कार्य पूर्ण हो चुका है।

# मेयातु में महिलाओं ने निकाला भव्य कलश यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▸▸ महिलाओं को समान अवसर मिलना चाहिए : हर्ष अजमेरा



**हजारीबाग।** सावन का महीना भक्ति भाव से समर्पित है हर तरफ यज्ञ पूजा कलश यात्रा जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। इन्हीं कार्यक्रमों के बीच सदर विधानसभा क्षेत्र के सुल्तान पंचायत के मेयातु में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया इस आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शहर के युवा समाज सेवी हर्ष अजमेरा मुख्य रूप से शामिल हुए। आयोजक मंडली के द्वारा श्री अजमेरा का स्वागत व अभिनंदन किया गया। भव्य कलश यात्रा गांव की स्थानीय महिलाओं के द्वारा निकला गया था जिसमें महिलाएं बगैर किसी की मदद से अपनी कर्माठता और निष्ठा से भव्य कलश यात्रा का आयोजन की है। इस भव्य कलश यात्रा में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं जयकारा लगाते हुए कलश यात्रा को संपन्न कर रही थी भव्य कलश यात्रा में महिलाएं आकर्षक लाल पीली साड़ी में शामिल थी। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की बेहतर उदाहरण मेयातु में देखने को मिला। उन्होंने कहा कि महिलाओं की शिक्षा,आर्थिक स्वतंत्रता, स्वास्थ्य, और समाज में उनकी भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि महिलाओं को एक समान अवसर मिलना चाहिए और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए। जिसका उदाहरण आज हम सभी को देखने को मिला। साथ ही कहा कि महिलाओं द्वारा अपनी ताकत और सामूहिक शक्ति को दशार्ने के लिए निकाली गई कलश यात्रा आमतौर पर धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखती है। कलश यात्रा का उद्देश्य सामाजिक और सामुदायिक एकता को बढ़ावा देना होता है। इसमें महिलाएं मिलकर अपनी संस्कृति और धार्मिक आस्थाओं का प्रदर्शन करती हैं और सामूहिकता की भावना को मजबूत करती हैं।

## एक नजर में

### मइयां सम्मान योजना को लेकर बैठक



केरेडारी। समाज कल्याण सह सामाजिक सुरक्षा के आदेशानुसार प्रखंड सभागार कक्ष में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना सुचारू रूप से संचालन क्रियान्वयन एवं आवेदन पत्र की आपूर्ति एवं वितरण संबंधी समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ अमित कुमार ने किया। बैठक में अंचल अधिकारी राम रतन वर्णवाल, 20 सूत्री अध्यक्ष अर्जुन राम, प्रमुख सुनीता देवी उप प्रमुख अमेरीका महतो, प्रखंड के सभी मुखिया एवं पंचायत समिति, आंगनबाड़ी सेविका, बीएलओ के अलावा प्रखंड के सभी कर्मी उपस्थित थे। बीडीओ अमीत कुमार ने कहा कि यह योजना सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसे सभी सुचारू रूप से क्रियान्वयन करें और अधिक से अधिक लाभुकों को लाभ पहुंचाएं। सभी सेविका को केंद्र वार 100 फार्म उपलब्ध कराया गया। सभी सेविका योग्य लाभुकों के घर घर जाकर 01 अगस्त से 02 तक फार्म का वितरण करेंगी, 03 से 10 अगस्त तक सभी पंचायत भवन में आवेदन मिलेंगे।

### चाल धंसने से दो मजदूरों की मौत, दो घायल

चौपारण । डेबो पंचायत के रेनबो कर्मा में मंगलवार को एक पत्थर खदान का चाल धंसने से दो मजदूरों की मौत हो गयी और दो मजदूर घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि खदान में लगभग 20 से 25 मजदूर अलग अलग जगह पर काम कर रहे थे। इसी बीच एक मजदूर जो पत्थर खदान में ड्रिल का कार्य कर रहा था अचानक उसके ऊपर खदान का चाल धंस गया। यह देख उसे बचाने के लिए तीन मजदूर उसके ओर दौड़े और उसे निकालने का प्रयास करने लगे। इसी बीच दुबारा खदान का चाल धंस गया। जिससे बचाने गए तीनों मजदूर भी दब गए। यह देख वहां के लोगों ने फिलहाल तीनो को बाहर निकाला और अस्पताल की ओर भागे। जहां एक और मजदूर ने दम तोड़ दिया। वहीं घायल अन्य दो मजदूरों का स्थिति सामान्य बताया जा रहा है। मृतकों का पहचान मो समसुद्दीन अंसारी उम्र 45 वर्ष पिता जाफर मिया ग्राम रेम्बो करमा और मनोज भुइयां उम्र 25 वर्ष पिया सोम भुइयां ग्रांम रेनबो करमा के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने कहा कि खदान मालिक नागेश्वर राणा और राजेन्द्र राणा के लापरवाही से यह हादसा हुआ है। वे प्रशासन से न्याय संगत कारवाई की मांग की। इधर घटना की खबर सुनकर सीओ संजय यादव,विधायक पुत्र सह जीप सदस्य रवि शंकर ने पहुंचकर घटना का जायजा लिया।सीओ संजय यादव ने बताया कि घटना की सूचना एसडीओ और डीसी को भी दे दिया गया है।

### मइया सम्मान योजना शिविर तीन अगस्त से

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज ने प्रखंड क्षेत्र के आठों पंचायत सचिवालय प्रांगण में आयोजित किया जाने वाला झारखंड मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना के तहत 21 से 50 वर्ष से कम आयु वर्ग के सुयोग्य महिलाओ के लिए 1000 /- एक हजार रूपए प्रतिमाह की दर से आर्थिक सहायता राशि का भुगतान किया जाना है ।उपायुक्त हजारीबाग का पत्रांक संख्या 359 सा0 सु0 दिनांक 29/7/2024 में निहित निर्देशानुसार प्रखंड कार्यालय से आदेश पत्र निकाला गया । क्षेत्र के आठों पंचायत में शिविर लगा कर योग्य महिलाओं को झारखंड मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना अंतर्गत लाभुको को लाभान्वित झरपो भाराजो खैरा डूमर धर्मपुर टाटीझरिया बेडम डहरभंगा आठों पंचायत में तीन अगस्त लगेगा शिविर। पंचायत भवन परिसर में ही किया जाएगा । बीडीओ ने क्षेत्र के योग्य महिलाओ से आग्रह किया कि शिविर में शामिल होकर लाभ उठायें।

### कटकमसांडी प्रखंड के तीन पैक्सों में होगी चुनाव

कटकमसांडी। प्रखंड के डांड़, बरगड्डा व कंडसार पंचायतों में संचालित पैक्सों में मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह जानकारी बीसीईओ शौकत सरवर ने दी है। उन्होने बताया कि डांड़ पैक्स चुनाव के लिए 20 अगस्त को नामांकन व 02 सितंबर को मतदान, कंडसार पैक्स के लिए 23 अगस्त को नामांकन व 04 सितंबर को मतदान और बरगड्डा पैक्स के लिए 27 अगस्त को नामांकन व 13 सितंबर को मतदान निर्धारित की गई है। नामांकन की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। उन्होने बताया कि पैक्सों मे चुनाव होने के बाद किसानों को पैक्सों से मिलने वाले खाद व बीज और उत्पादित फसलों का सही मूल्यों से किसान लाभान्वित होंगे ।

### ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

**कटकमसांडी।** ग्राम हरहद के कनोदापानी घाटी मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। एक महिला की हल्की चोट आई है। आसपास के लोगों ने घायल महिला को अस्पताल भेजा है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव के कब्जे में ले लिया। मृतक चंदन कुमार उम्र 30 साल बताया जा रहा है जो कटकमसांडी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत डांटो खुर्द गांव का रहने वाला है. कटकमसांडी पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। वहीं ट्रक को कब्जे में पुलिस ले लिया है।

### केरेडारी में सीड वर्क्स ने किया पौधरोपण



केरेडारी । केरेडारी प्रखंड अंतर्गत केरेडारी तथा बड़कागांव प्रखंड के तलस्वार, कुमारडीहा, नापोखुर्द, हरली में सीड वर्क्स (यू एस एग्रिसीड्स )के द्वारा आज कम्पनी के फाउंडेशनडे के उपलक्ष्य में रांची रीजन के रीजनल मैनेजर श्री ब्रजेश द्वेदी के निर्देशानुसार हजारीबाग टेरिटरी के अंतर्गत बड़कागांव हेड क्वार्टर के केरेडारी तथा बड़कागांव के विभिन्न गांवों में वृक्षारोपण किया गया इस मौके पर एफ डी ओ बिनोद सिंह, टेरिटरी मैनेजर मनोज कुमार के अलावे जागेश्वर प्रजापति, रामविलास महतो, संतोष कुमार, मनोज कुमार, सुखदेव महतो समेत दर्जनों किसान उपस्थित थे।

### सिरमा में सैकड़ों लोग आजसू में शामिल



**बड़कागांव।** सिरमा पंचायत पंडरिया ग्राम में आजसू पार्टी का मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा एवं संचालन केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी उपस्थित हुए। मौके पर स्थानीय ग्रामीणों ने आजसू नेता रौशन लाल चौधरी का जोरदार अभिनन्दन किया। आयोजित मिलन समारोह में मो. अजहर एवं अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष सब्बू खान के नेतृत्व में सैंकड़ों लोगों ने आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी के प्रति आस्था जताते हुए आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। सम्मानित सदस्यों को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर अभिनंदन किया। वही रोशनलाल चौधरी ने कहा कि बड़कागांव अब उज्वल भविष्य की ओर बढ़ रहा। बड़कागांव में परिवर्तन के साथ आजसू का नेतृत्व आएगा । अगले विधानसभा चुनाव में जीत के पश्चात स्थानीय युवाओं को अपने विधानसभा क्षेत्र में हीं रोजगार की व्यवस्था करेंगे। मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो, लीलारधन साव, संदीप कुशवाहा ,प्रखंड सहसचिव घनश्याम दांगी, दिनेश महतो, मोहम्मद अहमद इत्यादि आजसू कार्यकर्त्ता उपस्थित थे ।

# जिम जाने के बाद न छोड़ें एक्सरसाइज



**बदलती जीवनशैली और खाना-पान में निरंतर हो रहे बदलाव के कारण ज्यादातर लोग किसी न किसी बीमारी से घिरे ही रहते हैं। ऐसे में लोग अपने आप को फिट रखने के लिए जिम का सहारा लेते है। खास कर आज के नौजवान युवा में सिक्स पैक एब्स बनाने का भूत काफी सवार है। वह लगातार जिम में वर्कआउट करते है और अपने आपको फिट करने की हर मुमकिन कोशिश करते हैं लेकिन कई बार लगातार जिम करने के बाद अचानक से एक्सरसाइज करना छोड़ देते है, जिसका काफी नुकसान होता है।**

- एकदम से एक्सरसाइज छोड़ने से पेट धीरे-धीरे बाहर निकलने लगता है। अगर आप हृदयवाहिनी से संबंधित कोई एक्सरसाइज कर रहे हैं और बीच में ही रोक देते हैं तो इससे हृदयवाहिनी पर भयंकर असर पड़ता है।
- जिम बंद करने के 12 दिन बाद आपकी फिटनेस पर काफी प्रभाव पड़ता है। हालांकि आप पहले अपने आप को फिट महसूस करेंगे लेकिन धीरे-धीरे आपका फिटनेस लेवल गिरने लगता है।
- एक्सरसाइज को बीच में ही रोकने से पाचन शक्ति कमजोर होने लगती है, जिससे पेट बाहर निकलने लगता है।
- एक्सरसाइज करने से रक्त चाप सामान्य रहता है लेकिन जैसे ही आप एक्सरसाइज छोड़ देते हैं तो रक्तचाप बढ़ने लगता है। इससे आपको जल्दी थकान महसूस होने लगती है।
- अचानक से जिम बंद कर देने से शरीर पर काफी प्रभाव पड़ता है, जिससे शरीर हांफने लगता है।
- एक्सरसाइज करने से तनाव दूर और दिमाग शांत होता है। एक्सरसाइज छोड़ देने से दिमाग काफी प्रभावित होता है।
- मांसपेशियों पर असर दिखाई देने लगता है, जिससे यह कमजोर और सिकुड़ने लगती हैं।

## ग्रीन टी एक दिन में तीन कप से ज्यादा नहीं



ग्रीन टी पीने की डॉक्टर भी सलाह देते है।इसे सेहत के लिए बहुत फायदेमंद कहा जाता है। इसीलिए लोग ग्रीन टी का एक दिन में कई बार सेवन करते है जो कि काफी हानिकारक सिद्ध हो सकती है। आपने सुना ही होगा कि अति हर चीज. की बुरी होती है। इसके 3-4 कप रोज.पीने से बड़ा हुआ वजऩ कम होता है।इसी कारण लोग सोचते है कि ग्रीन टी अधिक मात्रा में पीने से अधिक वजऩ कम होगा तो वे इसका 4 कप से भी ज्यादा सेवन करते है जो कि सेहत का लिए बहुत नुकसानदायक होता है।ग्रीन टी पीने के सेहत को कई लाभ है जैसे रोग प्रतिरोधक शक्ति बढऩा, ब्लडॅ शूगर कंट्रोल करना लेकिन यह फायदे ग्रीन टी को संतुलित मात्रा में लेने से ही है। इसको ज्यादा लेने से आपको किसी भी समस्या का शिकार होना पड़ सकता है।

ग्रीन टी के ज्यादा सेवन से शरीर पर होने वाले बुरे प्रभावों के बारे में जानते हैं।

- ग्रीन टी का अधिक सेवन आपको एसिडिटी की समस्या कर देता है।
- इसको ज्यादा मात्रा में लेने से आपको भूख कम लगने लग जाएगी जिससे धीरे- धीरे आपको अंदर से कमजोरी महसूस होने लग जाएगी।
- ग्रीन टी में मौजूद टेनिन नामक तत्व से शरीर में आयरन की कमी होने लग जाती है।
- जल्दी पतले होने की चाह में अधिकतर लोग खाना खाते ही ग्रीन टी पीते है जिससे पाचन तंत्र खराब होने लग जाता है।
- इसमें पाया जाने वाला कैल्शियम,यूरिक एसिड और ऑक्जेलिक एसिड गुर्दे की पत्थरी का कारण बनता है।
- प्रेगनेंसी के दौरान इसे लेने से फायदे की जगह नुक्सान ही पहुंचता है।इससे अबॉशन का खतरा भी हो सकता है।
- इसके अधिक सेवन से पेट की समस्याएं,दस्त तक भी लग सकते है।
- ग्रीन टी से एलर्जी की समस्याएं जैसे चेहरे व होंठ पर सूजन आना,सांस लेने में तकलीफ आदि भी हो सकती है।
- एक दिन में इसको ज्यादा पीने से बेचैनी,चिंता, चिड़चिड़ापन,अनिद्रा की शिकायत भी हो सकती है।
- जो लोग पहले से ही किडनी, दिल की बिमारी से पीड़ति है वो इसका सेवन डॉकटरी सलाह से ही करें।

## मशरूम पौष्टिक और रोगरोधक आहार



मशरूम यानि की खूम्ब, इसको बहुत से नाम से जाना जाता है। मशरूम खाने में स्वादिष्ट होने के साथ-साथ पौष्टिक और रोगरोधक आहार है, जिसका इस्तेमाल भोजन बनाने के अलावा कई दवाईया बनाने के लिए किया जाता हैं। ज्यादातर लोग मशरूम की सब्जी को खाना पसंद करते है। मशरूम में बहुत सारे तत्व मौजूद होते है जो हमे कई तरह की बीमारियों से बचा कर रखते है।

**1. विटामिन्स की अधिकता**

मशरूम में विटामिन बी1, बी2, बी3,बी5 और बी6 मौजूद हैं। इसके अलावा इसमें विटामिन डी भी भरपूर है जो हड्डियों को मजबूत बनाने का काम करता है।

**2.प्रतिरक्षा प्रणाली बढाए**

मशरूम में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट फ्री रेडिकल्स से बचाता है। इसको खाने से शरीर में एंटीवाइरल और अन्य प्रोटीन की मात्रा बढती है, जो कि कोशिकाओं को रिपेयर करता है।

**3.कैंसर**

मशरूम ब्रैस्ट कैंसर के खतरे से बचाता है। इसमें मौजूद बीटा ग्लूकन और कंजुगेट लानोलिक एसिड कैंसर के प्रभाव को कम करते हैं।

**4. हृदय रोग**

मशरूम में हाइ न्यूट्रियंट्स होते हैं जो दिल के लिए काफी फायदेमंद होते है। मशरूम में एंजाइम और रेशे मौजूद होते हैं जो कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कम करते हैं।

**5. मधुमेह**

मशरूम इसमें विटामिन, मिनरल और फाइबर होता है। साथ ही इमसें फैट, कार्बोहाइड्रेट और शुगर भी नहीं होती, जो कि मधुमेह रोगी के लिए फायदेमंद होते है।

**6. मोटापा कम**

इसमें लीन प्रोटीन होता है जो कि वजन घटाने में बडा.कारगर होता है।

**7. मैटाबोलिज्म**

मशरूम में विटामिन बी होता है जो कि भोजन को ग्लूकोज.में बदल कर ऊर्जा पैदा करता है।

## रबिंग अल्कोहल है फायदेमंद




अल्कोहल के नाम आते ही लोगों के दिमाग में इसकी बुराईयां गुंजने लगती है। अल्कोहल सेहत के लिए हानिकारक होती है लेकिन इसके कई फायदे भी है। अल्कोहल को त्वचा पर रंगड़ने से कई प्रकार के शारीरिक स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। रबिंग अल्कोहल के बारे में आपने सुना होगा। कई लोग इसका इस्तेमाल नशे के तौर पर भी करते हैं। आज हम आपको रबिंग अल्कोहल के सेहत संबंधित फायदो के बारे में बताने जा रहे है।

**1. नाखूनों की फंगस**

नाखूनों की फंगस दूर करने के लिए रबिंग अल्कोहल का इस्तेमाल करें। इसे कॉटन पर डालकर नाखूनों पर लगाएं। 30 मिनट के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें। बाद में धो लें।

**2. हल्का घाव**

हल्का सा घाव होने पर इसे कॉटन के साथ उस जगह पर लगाएं। इससे थोड़ी सी जलन होगी लेकिन जल्द ही आराम मिलेगा।

**3. मच्छर काटने पर**

कई बार मच्छर काटने पर छाला पड़ जाता है। ऐसे में उस जगह पर हल्का सा रबिंग अल्कोहल छिड़क लें। बाद में धो लें।

**4. मांसपेशियों का दर्द करें कम**

मांसपेशियों में दर्द होने पर उस जगह पर रबिंग अल्कोहल रगड़े। इससे काफी आराम मिलेगा और आपको दवा की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। रबिंग अल्कोहल को कम से कम एक घंटे तक लगा रहने दें। बाद में पानी से धो लें।

**5. कोल्ड सोर**

सिंदियों में त्वचा रूखी होने लगती है। कई बार होंठों के पास दाने हो जाते हैं। ऐसे में रबिंग अल्कोहल को उस जगह पर लगा लें। इससे काफी आराम मिलेगा।

**6. कान के लिए फायदेमंद**

कई बार नहाते समय कान में पानी चला जाता है जिससे कान में दर्द और झनझनाहट जैसी समस्याएं होने लगती हैं। ऐसे में रबिंग एल्कोहल और व्हाइट विनेगर की बराबर मात्रा एक ड्रॉपर में लेकर इसके दो तीन बूंद काने में डाल लें और दस मिनट तक उस कान को ऊपर की तरफ रखकर करवट लेकर लेट जाएं। इससे पानी सूख जाएगा।




## कम उम्र के बच्चों में आखों की समस्याएं

पहले समय में बढती उम्र के लोगों में आंखों से संबंधी समस्याएं सुनने और देखने को मिलती थी लेकिन आजकल कम उम्र के बच्चों में यह समस्या आम दिख रही है। ऐसा बदलते लाइफस्टाइल और लोगों के खान-पान में बदलाव होने के कारण होता है। बच्चे अपना ज्यादातर समय टी.वी, कंम्यूटर पर आंखें गड़ाए रखते है और पौष्टिक आहार से कोसो दूर रहते हैं। ऐसे में पेरेंट्स को उनकी आंखों की खास देखभाल करने की जरूरत है। अगर बचपन से ही बच्चे की आंखों पर ध्यान दिया जाएं तो आगे चलकर इनसे संबंधित कई तरह की समस्याओं से बचा सकता है।

### बचपन में आंखों की देखभाल के लिए सलाह



**आहार:** संतुलित आहार, जिसमें लाल और हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, गाजर, चुकंदर और पीले फल जिसमें शामिल हैं आम, पपीता जो कैरोटीन से भरपूर है जो बच्चों के लिए फायदेमंद होते है।



**टी.वी देखना:** बच्चे को ज्यादा देर तक टी.वी के पास न बैठने दें। टी.वी को अच्छी रोशनी वाले कमरे में रखें और अपने से 3.5 मीटर की दूरी पर इसको रखें।



**कंम्प्यूटर का उपयोग:** बच्चों को इसका इस्तेमाल विवेकपूर्ण ढ़ंग से करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि आंखें थके नहीं। कंम्प्यूटर की स्क्रीन आंख के स्तर से नीचे होनी चाहिए, जिससे आंखों की रोशनी बनी रहती है और थकावट दूर रहती है।



**आंखों को बार-बार हाथ लगाना :** स्कूली बच्चों में एर्लिजक कंजंक्टिवाइटिस होता है इसलिए बच्चों को आंखों को बार-बार पोछने से मना करना चाहिए।

**नियमित अन्तराल :** पढ़ने , कंम्प्यूटर पर कार्य करने और ऐसे ही अन्य आंखों से होने वाले कार्यों के लिए नियमित अंतर बनाए रखें। साथ ही बच्चों को आंखों पर पानी के छिटें डालने की आदत डालनी चाहिए।



**पर्याप्त नींद:** बच्चों को आंखों को पर्याप्त आराम देने और उचित नींद लेने की सलाह दें, ताकि आंखें स्वस्थ हो और रोशनी तेज हो।

## गुलाब से घटाये मोटामा



गुलाब के फूल को शुरू से ही प्रेम का प्रतीक माना जाता है। यह एक ऐसा फूल है जो खुशबू महक के साथ सुंदरता भी प्रदान करता है। इन सब के अलावा गुलाब को औषधी के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। इसमें कुछ ऐसे स्वास्थय संबंधी लाभ भी छुपे हैं जो किसी चमत्कार से कम नहीं। यह आपकी कई समस्याओं को दूर करता है।

**मोटापा घटाए**

मोटापा घटाने में गुलाब बड़ा फायदेमंद है। इसके लिए आपको बस गुलाब की तीन-चार पंखुड़ियों को एक गिलास पानी में उबालना होगा, जब तक कि पानी गुलाबी रंग का ना हो जाए। रोजाना सुबह खाली पेट इसका सेवन करें और कुछ ही महीनों में फर्क देखें।

**एनर्जी बढाएं**

गुलाब की पंखुड़ियों को रोज खाने से शारीरिक कमजोरी दूर होती है। इसके अलावा इसका सेवन करने से शरीर में नई उर्जा और शक्ति का भी संचार होता हैं।

**कब्ज और बवासीर**

गुलाब में फाइबर अधिक मात्रा में पाया जाता है जो पाचन क्रिया को दुरूस्त रखते हैं। इसके लिए मुट्ठी भर गुलाब को लगभग 30 से 40 एम.एल पानी के साथ पीसकर इसका गाढा पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को तीन से चार दिन खाली पेट खाएं। बवासीर से छुटकारा मिल जाएगा।

**मुंह के छाले**

अगर आपके मुंह में छाले हो गए हैं तो गुलाब की पंखड़ियों को पानी मे उबाल लें फिर इसी पानी से गरारे करें। ऐसा करने से छाले ठीक हो जाएंगे।

**माइग्रेन का दर्द**

अगर आप माइग्रेन के दर्द से परेशान है तो दस ग्राम गुलाब की पंखड़ियों में एक चम्मच मिसरी और दो दाने इलायची इन तीनों को पीस कर रोज सुबह खाली पेट खाएं।

## हैंड वाशिंग पर दें ध्यान बचें बिमारियों से

हमें बचपन से ही सिखाया जाता है कि खाना खाने से पहले हाथ धोने चाहिए। इससे कई बीमारियां दूर होती है। कुछ लोग हाथों को पानी के साथ धो लेते है जिससे हाथों पर मौजूद कीटाणु खत्म नहीं होते। खाना खाने से पहले हाथों को साबुन के साथ धोना चाहिए ताकि इस पर मौजूद कीटाणु पूरी तरह से खत्म हो सके। आज हम आपको बताते है कि हैंड वॉश से आप किन बीमारियों से दूर रह सकते है।



**डायरिया** डायरिया की शिकायत बच्चों में आम देखने को मिलती है। खाना खाने से पहले सही तरह से हाथ न धोने पर भी इस बीमारी का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि यह पाचन तंत्र से जुड़ी हुई होती है।

**गले की इंफेक्शन**

बिना हाथ धोए खाना खाने से गले की इंफेक्शन हो सकती है। इसके अलावा कफ और खराश की शिकायत हो जाती है।

**दस्त और कब्ज**

आप गंदे हाथों से खाना खाते है तो इसका असर पाचन क्रिया पर पड़ता है। पाचन क्रिया ठीक न होने पर दस्त, कब्ज, पेट दर्द और गैस की तकलीफ हो जाती है।

**फूड इंफेक्शन**

गंदे हाथों से खाना खाने से फूड इंफेक्शन हो जाती है। दिनभर में हम कईचीजों को छूते है जिससे हाथों में कई ऐसे रोगाणु चिपके रहते हैं। इससे फूड इंफेक्शन का खतरा बढ.जाता है।र भी बढ.जाएगा।

**बेहतर स्वास्थ्य के लिये डॉक्टरी सलाह अनिवार्य**

# टाटा स्टील ने अप्रैल-जून तिमाही में समेकित शुद्ध लाभ में 75% की वृद्धि

■ इस तिमाही में समेकित ईबीआईटीडीए 6,822 करोड़ रुपये रहा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**मुंबई/जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने आज वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही के लिए अपने वित्तीय नतीजे पेश किए। कंपनी ने अप्रैल से जून 2024 तिमाही के लिए समेकित राजस्व 54,771 करोड़ रुपये और ईबीआइटीडीए 6,822 करोड़ रुपये बताया, जिसमें ईबीआइटीडीए मार्जिन लगभग 12.5% था। तिमाही के लिए समेकित शुद्ध लाभ 919 करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले की समान तिमाही से 75% अधिक है।

तिमाही के दौरान, कंपनी ने पूंजीगत व्यय पर 3,777 करोड़ रुपये खर्च किये और कलिंगनगर में 5 एमटीपीए विस्तार की चरणबद्ध कमीशनिंग सितंबर 2024 में ब्लास्ट फर्नेस स्टार्ट-अप की दिशा में अच्छी प्रगति कर रही है। कंपनी का शुद्ध ऋण 82,162 करोड़ रुपये है, जबकि समूह की तरलता 36,460 करोड़ रुपये पर मजबूत बनी हुई है, जिसमें 10,799 करोड़ रुपये की नकदी और नकद समकक्ष शामिल हैं।

इस तिमाही में टाटा स्टील का भारत का राजस्व 33,194 करोड़ रुपये था, जिसमें ईबीआईटीडीए 7,029 करोड़ रुपये था, यानी 21% का ईबीआइटीडीए मार्जिन। कच्चे इस्पात का उत्पादन लगभग 5.27 मिलियन टन था, जो साल-दर-साल 5% अधिक था। डिलीवरी 4.94 मिलियन टन थी, जो साल-दर-साल भी बढ़ी, जो घरेलू डिलीवरी में 4% की वृद्धि से प्रेरित थी। ऑटोमोटिव सेगमेंट में पहली तिमाही में अब तक की सबसे अच्छी बिक्री देखी गई और टाटा टिस्कॉन की डिलीवरी साल-दर-साल 15% बढ़ी, जिससे अब तक की सबसे अच्छी तिमाही बिक्री हुई। टाटा स्टील का यूके राजस्व 646 मिलियन डॉलर था और इस तिमाही में 646 मिलियन पाउंड का ईबीआईटीडीए घाटा हुआ, जबकि नीदरलैंड का राजस्व ख1,344 मिलियन था और इस तिमाही में ख43 मिलियन का एइक्ळऊअ घाटा हुआ। इसके अतिरिक्त, टाटा स्टील ने जुलाई 2024 की शुरूआत में बीएफ #5 को बंद करने के साथ यूके में पोर्ट टैलबोट में हेवी-एंड संपत्तियों को बंद करना शुरू कर दिया। बीएफ #4 को बंद करने का समय सितंबर 2024 निर्धारित है

## वैश्विक स्तर पर स्टील की मांग कम होने से कीमतों पर असर : नरेंद्रन



टीवी नरेंद्रन।

श्री टी वी नरेंद्रन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक ने वित्तीय परिणाम पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि तिमाही के दौरान, अधिकांश क्षेत्रों में स्टील की कम मांग के कारण वैश्विक स्टील की कीमतों पर असर पड़ा। भारत में, चुनाव और गर्मी की लहरों के कारण कुछ प्रभाव के बावजूद स्टील की मांग मोटे तौर पर स्थिर थी। भारत में, हमारा कच्चे इस्पात का उत्पादन सालाना 5% बढ़कर लगभग 5.3 मिलियन टन हो गया। घरेलू डिलीवरी में सालाना आधार पर 4% की वृद्धि के कारण लगभग 4.9 मिलियन टन की डिलीवरी 'अब तक की सबसे अच्छी प्रथम तिमाही बिक्री थी। व्यावसायिक क्षेत्रों में, ऑटोमोटिव में सालाना आधार पर 9% की वृद्धि देखी गई, जो चुनिंदा उप खंडों में बाजार की तुलना में अधिक वृद्धि के कारण हुई। उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रमों की बढ़ी हुई पहुंच और पैमाने में वृद्धि से टाटा टिस्कॉन का विकास जारी रहा।

## भारत पर विस्तार में ध्यान केंद्रित कर रही है टाटा स्टील : कौशिक चटर्जी



कौशिक चटर्जी।

श्री कौशिक चटर्जी, कार्यकारी निदेशक और मुख्य वित्तीय अधिकारी ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि तिमाही के लिए टाटा स्टील का समेकित राजस्व 54,771 करोड़ रुपये और ईबीआईटीडीए 6,822 करोड़ रुपये था। दइ्ढद आधार पर 100 बीपीएस से अधिक के सुधार के साथ समेकित ईबीआईटीडीए मार्जिन लगभग 12.5% था। भारत का राजस्व लगभग 33,194 करोड़ रुपये था और एइक्ळऊअ 7,029 करोड़ रुपये था, जो प्रति टन ईबीआईटीडीए 14,227 रुपये और ईबीआईटीडीए मार्जिन 21% है। धीमी मांग की गतिशीलता के बावजूद नीदरलैंड का राजस्व मोटे तौर पर स्थिर था, लेकिन संचालन के स्थिरीकरण के साथ लागत प्रोफाइल में सुधार जारी रहा, जिससे ईबीआईटीडीए में सुधार हुआ।



## इनरव्हील क्लब ने किया जागरूकता कार्यक्रम

**जमशेदपुर।** इनरव्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर इस्ट की ओर से प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई माच में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर और टीकाकरण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। वक्ता डॉ अंजुश्री पंडित थीं। उन्होंने गर्भाशय ग्रीवा कैंसर का शीघ्र निदान, महिलाओं के लिए जांच, जीवनशैली में बदलाव और टीकाकरण के बारे में बताया। इस जागरूकता कार्यक्रम में पीडीसी डॉ. रीता झा मौजूद थीं। वहां मौजूद छात्रों के बीच बिस्कुट और हॉर्लिक्स के पाउच बांटे गए। इस कार्यक्रम में 130 छात्राएं शामिल हुईं। क्लब की ओर से इस अवसर पर जिला अध्यक्ष, आलोकानंद बख्शी, जिला सचिव प्रियका कुमार,क्लब अध्यक्ष मधुमिता सान्याल क्लब सचिव संचिता डे उपस्थित थीं। अंत में धन्यवाद ज्ञापन मधुमिता ने किया।

## 1971 के युद्ध वीर नायक सूबेदार विश्वनाथ पांडे पंचतत्व में विलीन



**जमशेदपुर।** भारतीय थल सेना से सेवानिवृत एवं 1971 युद्ध के नायक रहे नायब सूबेदार विश्वनाथ पांडे का कल दोपहर 2 बजे उनके आवास पर निधन हो गया। वे लगभग 80 वर्ष के थे एवं लंबे समय से बीमार थे। परिवार से खबर मिलते ही पूर्व सैनिक सेवा परिषद पूर्वी सिंहभूम के नेतृत्व में उनका आज सैनिक सम्मान के साथ भुइयांडीह स्थित स्वररेखा घाट में अंतिम संस्कार किया गया। टाटा मोटर के मर्चरी से उनका पार्थिव शरीर उनके आवास आया। जहां पैतृक रीति रिवाज से पूजा पाठ के बाद उनका पार्थिव शरीर खड़ंगाझार मार्केट से होते हुए नीलडीह गोलमुरी एग्रीको होते हुए भुइयांडीह श्मशान घाट पहुंचा। पुलिस प्रशासन की तरफ से पीसीआर वाहन ने पुरी यात्रा की अगुवाई/ एस्कॉट की। जिसमें टेल्को गोलमुरी एवं सीताराम डेरा थाना का सहयोग मिला। स्थानीय यूनिट 220 फील्ड रेजीमेंट के कमांडिंग ऑफिसर के प्रतिनिधि के रूप में सूबेदार फतेह बहादुर ने रीथ चढ़ाया। जबकि राज्य सैनिक निदेशालय के निदेशक ब्रिगेडियर निरंजन कुमार एवं जिला सैनिक बोर्ड चाईबासा के कल्याण पदाधिकारी कर्नल किशोर सिंह के प्रतिनिधि के रूप में क्रमशः पेटी ऑफिसर सुशील कुमार सिंह बरुन कुमार एवं वारंट ऑफिसर बुद्ध बहादुर सार्जेंट अशोक श्रीवास्तव हवलदार शिव कुमार उर्फ भोला सिंह हवलदार शामिल थे।

# दो दिनों से मोहरदा जलापूर्ति योजना ठप, हंगामे के बाद शुरू हुई जलापूर्ति

■ बिरसानगर, मोहरदा, बागुनहातु, बागुननगर, बारीडीह में पेयजलापूर्ति की दिक्कत
■ 15 दिन में सब दुरुस्त करें अन्यथा आंदोलन, विधायक सरयू राय ने दिया अल्टीमेटम
■ इंटकवेल में बरसात के कारण जमा हो गया है भारी मात्रा में कचरा, प्लांट में नहीं आ रहा पानी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



मोहरदा जलापूर्ति योजना का निरीक्षण करते विधायक प्रतिनिधि।

**जमशेदपुर।** मोहरदा, बागुनहातु, बागुननगर, बारीडीह, बिरसानगर के सारे जोन समेत कई इलाकों में पेयजलापूर्ति नहीं हो रही है। इसका कारण यह बताया जा रहा है कि बरसात की वजह से नदी और नाले का गंदा पानी और कचरा इंटेकवेल में आ गया है। इससे पानी नदी से ट्रीटमेंट प्लांट तक नही पहुंच पा रहा है। इसी कारण से पेयजलापूर्ति बाधित है।

इस बात की जानकारी जब जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय को हुई तो उन्होंने अपने निजी सचिव को मोहरदा प्लांट का विजिट करने का निर्देश दिया। इस निर्देश पर विधायक के निजी सचिव सुधीर, भाजमो नेता विजय नारायण सिंह, काशीनाथ प्रधान और अमर चंद झा के साथ मोहरदा वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के अफसरों के पास पहुंचे और उनसे जानना चाहा कि दो दिनों से पेयजलापूर्ति क्यों नहीं हो रही है। अफसरों ने उन्हें बताया कि बरसात के कारण इंटकवेल में गंदा पानी-कचरा जमा हो गया है। नदी का पानी वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचा नहीं। इसलिए पेयजल आपूर्ति नहीं हो पायी। अफसरों ने आश्वस्त किया कि पेयजलापूर्ति अतिशीघ्र शुरू हो जायेगी। बाद में विधायक सरयू राय के हवाले से निजी सचिव ने कहा कि अगर पंद्रह दिनों के भीतर पेयजलापूर्ति सुचारू नहीं हुई तो विधिसम्मत कार्रवाई होगी। जरूरत पड़ी तो धरना-प्रदर्शन आंदोलन आदि भी किया जायेगा।

## चांडिल डैम के मुख्य अभियंता को दें अतिरिक्त पानी छोड़ने का निर्देश : सरयू



जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने जल संसाधन सचिव प्रशांत कुमार से अनुरोध किया कि वे चांडिल डैम के मुख्य अभियंता को डैम से अतिरिक्त पानी छोड़ने का निर्देश दें, ताकि मोहरदा जलापूर्ति सिस्टम के इंटक वेल में फंसा प्लास्टिक एवं अन्य कूड़ा-कचरा बहाया जा सके। ज्ञात हो कि बरसात के कारण शहर के नालों से बहकर आया प्लास्टिक एवं अन्य कूड़ा-कचरा मोहरदा जलापूर्ति सिस्टम के इंटेक वेल में फंस गया है। नतीजतन दो दिनों से जलापूर्ति ठप है। उन्होंने जुस्को से एक औपचारिक आग्रह पत्र चांडिल मुख्य अभियंता को डैम से अतिरिक्त जल प्रवाह छोड़ने हेतु भेजने के लिए भी कहा है। यहां जारी एक वक्तव्य में उन्होंने कहा कि मोहरदा जलापूर्ति का इंटेक वेल गलत जगह बना है और जहां बना है वहां के पंप का मुंह उल्टी दिशा में बना है। यही वजह है कि बरसात के शुरुआती दिनों में हर साल उसमें कचरा फंसने की समस्या आती है। उन्होंने कहा कि गुरुवार की सुबह तक जलापूर्ति सामान्य करने के लिए चांडिल डैम से अतिरिक्त जल प्रवाह नदी में छोड़ना जरूरी है।

## मांडर प्रखंड मुख्यालय पर मुखिया संघ का धरना-प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मांडर।** मांडर मुखिया संघ ने वुधवार से प्रखंड मुख्यालय के समीप अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। जिसकी अध्यक्षता मुखिया संघ के अध्यक्ष लक्ष्मण भगत ने किया। मुखिया संघ का आरोप है कि विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व पूर्व विधायक बंधू तिर्की ने साजिश के तहत प्रभा किस्पोट्टा को निलम्बित कराकर पावर सीज करवाया है। इस दौरान विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवं पूर्व विधायक बंधू तिर्की के खिलाफ जम कर नारे बाजी की गई। उन्होंने कहा कि एक चुने हुए मुखिया को इस तरह से प्रताडित करना कहां तक उचित है। सरवा मुखिया को बिना स्पष्टीकरण दिए निलम्बित किया गया। जबकि मामला कोर्ट में लंबित है। यदि सरवा मुखिया दोषी है तो जांच कमेटी का गठन कर इसकी जांच करानी चाहिए। लेकिन बिना कोई सूचना दिए उसके निलंबन की शाजिश रची गई है। यदि प्रभा किस्पोट्टा का निलंबन वापस नही लिया जाता तो मुखिया संघ और जोरदार आंदोलन करेंगे। पूर्व मंत्री देव कुमार धान पहुंचे प्रखंड मुख्यालय मांडर मुखिया संघ द्वारा धरना स्थल पर पहुंचकर बोले निजी स्वार्थ के चलते निर्वाचित महिला आदिवासी मुखिया प्रभा किस्पोट्टा को मुखिया पद से निलंबित करवाना आदिवासी विरोधी मानसिकता को दशार्ता है।

## इटकी : आपदा से निपटने की दी ट्रेनिंग

**बाढ़, आगजनी, सर्पदंश भूकंप और मेडिकल इमरजेंसी की दी ट्रेनिंग**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**इटकी।** एनडीआरएफ की टीम ने बुधवार को इटकी प्रखंड सभागार में आपदा प्रबंधन से जुड़ा एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर आपदा से निपटने की ट्रेनिंग दिया। 9 बीएन एनडीआरएफ की टीम ने बाढ़, आगजनी, सर्पदंश, भूकंप, मेडिकल इमरजेंसी आदि प्राकृतिक आपदाओं से बचाव की जानकारी दी। शिविर में हार्ट अटैक आने पर किस प्रकार से (सीपीआर) कार्डियो पलमोनरी रेस्पिरेशन देकर जान बचाने का डेमो प्रस्तुत कर ट्रेनिंग दी। ट्रेनिंग में हाथ पांव कटने व सिर फटने पर प्राथमिक उपचार, पानी मे डूबे हुए व्यक्ति का जान किस प्रकार बचाया जाय और भूकंप आने पर कैसे जान को बचायी जाय इसके उपाय बताये गये। विशेष कर सांप काटने के चार घंटे के अंदर चिकित्सक के पास पहुंचने और ओझा गुनी से बचने पर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में एनडीआरएफ के सब इंस्पेक्टर चंदन कुमार, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रमेश महली, सीआई जयकेश्वर साहू, शाह फैसल, सन्नी बाखला, धीरज लकड़ा, प्रियरंजन ठाकुर, मजाज अहमद सहित अन्य शामिल थे।

## नगड़ी में विशेष मतदाता अभियान दिवस की समीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पिस्कानगड़ी।** सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी दीपाली भगत की अध्यक्षता में 27 जुलाई से 4 अगस्त तक चलने वाले विशेष मतदाता अभियान दिवस की समीक्षा की गई। उक्त बैठक में बूथ स- 98 से लेकर बूथ स- 154 तक के सभी 56 बीएलओ ने भाग लिया। बैठक में बीएलओ द्वारा 27 जुलाई से अबतक मतदान केंद्रों में विशेष मतदाता दिवस के तहत फॉर्म 6 नए मतदाता, फॉर्म 7 विलोपित मतदाता तथा फॉर्म 8 सुधार किए गए मतदाता के साथ साथ आदिम जनजाति पंजीकरण, दिव्यांग पंजीकरण के संबंध में जानकारी दी। साथ ही एक अगस्त को 85 वर्ष के व्यक्तियों का पंजीकरण, 03 अगस्त एवं 04 अगस्त को मतदान केंद्रों में होने वाले विशेष मतदाता दिवस से संबंधित कार्य योजना के बारे में जानकारी दी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपाली भगत ने सभी बीएलओ को विशेष दिशा निर्देश देते हुए कार्य में प्रगति लाने तथा स समय कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। समीक्षात्मक बैठक में बीएलओ पर्यवेक्षक हरिनाथ पांडे, निर्वाचन कंप्यूटर ऑपरेटर रवि भगत सहित कई उपस्थित थे।

## वज्रपात की चपेट आने से मृतक के परिजनों से मिले सन्नी टोप्पो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चान्हो/मांडर।** प्रखंड के अलग-अलग स्थान में वज्रपात की चपेट में आकर मारे गए लोगों के परिजनों से भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने मुलाकात की। बता दें कि मंगलवार की शाम बसकी में नीरज उरांव नामक एक युवक के खेत में काम करने के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई थी उसके अंतिम संस्कार में सन्नी टोप्पो शामिल हुए और परिजनों को सांत्वना दी । वहीं दूसरी ओर चान्हो के लुंडरी और कंजगी में भी वज्रपात की चपेट में आने से एक महिला और एक पुरुष की मौत हो गई थी उनके भी परिजनों से सन्नी टोप्पो मुलाकात की। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में हुए उनके साथ है। साथ ही सरकार की ओर से ऐसे हादसों में दी जाने वाली सहायता राशि को अति शीघ्र परिजनों को दिलाने का पूरा प्रयास करेंगे। वहीं दूसरी ओर रोल पंचायत के डुंगरी टोला में भी उन्होंने जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी के साथ मिल कर मृतक महादेव उरांव के परिजन से मिलकर उन्हें ढाढस बंधाया। मौके पर रमेश कुमार , अनिल साहु, नेयाजुल खान आदि मौजूद थे।

## राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय राय के प्रबंधन समिति का गठन

**खलारी।** राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय राय में विद्यालय प्रबंधन समिति का भंग कर नए समिति का गठन किया गया। इस दौरान पुराने समिति सदस्य के बीच चुनाव कराया गया। जिसमें समिति गठन में सरसमिति से अध्यक्ष भुवनेश्वर महतो उपाध्यक्ष रम्भा देवी को चुना गया। जिसमें सदस्य के तौर पर विजय कुमार, संतोष प्रजापति, मो0 मुमताज अंसारी,राजेंद्र महतो, शांति देवी,नरगिस प्रवीण, हिना खातुन, रीना देवी, फलिन्दर महतो, पुतुल देवी, शिक्षक सदस्य नेसार अहमद,अनुप कुमार सिंह,राम सुन्दर सिंह,संजय दास,बाल सांसद के सदस्य पुजा कुमारी,पंचायत प्रतिनिधि सुमन देवी उप प्रमुख खलारी मनोज कुमार मिश्रा,पर्यवेक्षक के रूप में चुना गया। मौके पर पूर्व अध्यक्ष राम कुमार भुईया पुर्व अध्यक्ष दीपक कुमार महतो,विकेश कुमार राम, विद्या केरकेट्टा, शांति लकड़ा, रागिनी प्रिया, प्रिया गाड़ी, सुमन प्रसाद, कपिल कुमार सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## लक्ष्य प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत जरूरी : सुदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**अनगड़ा।** पलस टू स्कूल जोन्हा में बुधवार को मेधा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । समारोह में पूर्व डिप्टी सीएम सह सिल्ली के विधायक सुदेश कुमार महतो के हांथों दसवीं और बारहवीं कक्षा के उर्तीण 590 छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया । मौके पर उन्होंने कहा कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के साथ निरंतर प्रयासरत रहना जरूरी है। उन्होंने कहा कि छात्र छात्राओं को अच्छी शिक्षा मिले इसके लिए वे हर सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहे हैं। शिक्षा का मतलब सरकारी विभाग में उच्च पदों पर आसीन होना नहीं है, बल्कि श्रेष्ठ समाज की रचना में सक्रिय भूमिका भी है। समारोह में बीडीओ जयपाल सोय बीईईओ विमलकांत झा प्रधानाचार्या मनीला लकड़ जयराम महली बबलू अंसारी शंकर मुंडा घासनी देवी मुखिया विजय उरांव सुमित्रा देवी श्यामसुंदर बेदिया दिलीप बेदिया दिनेश बेदिया किशोर साहू उत्तम देवघरिया आदि शामिल थे।

## एक नजर में

### कोविड-19 के समय बंद हुई ट्रेनों का परिचालन शीघ्र शुरू कराये सरकार : जोबा माझी



**चक्रधरपुर/जमशेदपुर।** सिंहभूम की सांसद जोबा माझी ने बुधवार को कोविड-19 के पूर्व ट्रेन के संचालन की स्थिति पर रेल मंत्री से सवाल किया है। लिखित प्रश्न में कहा है कि चक्रधरपुर रेल मंडल रेलवे के लिए काफी लाभ अर्जित करता है और कोविड के दौरान कई बंद ट्रेनों का संचालन फिर से प्रारंभ नहीं होने से स्थानीय किसान-मजदूर, छात्र के लिए आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सांसद ने लोक सभा प्रश्न के माध्यम से चक्रधरपुर रेल मंडल में ट्रेनों का संचालन के लिए कोविड पूर्व स्थिति बहाल करने का आग्रह भारत सरकार से किया। सांसद ने कहा जनहित के इस सवाल पर रेलवे से सकारात्मक पहल की उम्मीद है। इसके अलावा सांसद जोबा माझी ने चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन के नवीकरण के दौरान पचास दुकानदारों के पुनर्वास के संबंध में सवाल रेल मंत्री से किया है। सांसद ने उम्मीद जतायी कि रेलवे इस पर संज्ञान लेगा और रेल संचालन तथा दुकानदारों का पुनर्वास कार्य भारत सरकार शीघ्र प्रारंभ करेगी।

### खरकाई नदी में बांध निर्माण के लिए मंत्री चंपई सोरेन से मिले विधायक मंगल कालिंदी



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के जुगसलाई नप के इंटेक वेल में वीयर (बांध) निर्माण को लेकर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी काफी गंभीर हैं। बांध निर्माण को लेकर बुधवार को विधायक ने जल संसाधन मंत्री चंपई सोरेन से मुलाकात की और ज्ञापन के माध्यम से उन्हें अवगत कराया कि जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है। इन क्षेत्रों में इंटक वेल से घरों में पेयजल आपूर्ति होती है। कई दिनों से इंटेक वेल गंदे पेयजल की आपूर्ति कर रहा है। विभागीय पदाधिकारी द्वारा यह बतलाया गया कि खरकाई नदी का जल स्तर कम होने एवं यूसीआईएल द्वारा नदी में औद्योगिक दूषित जल प्रवाहित करने के कारण इंटेक वेल से प्रदूषित पानी का खिंचाव हो रहा है जिसकारण गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है और प्रदूषित जल के जलापूर्ति से कई तरह की बीमारियों की संभावना है। खड़काई नदी पर वीयर (बांध) निर्माण किया जाए तो इस समस्या का समाधान पाया जा सकता है। इसलिए मेरा आपसे विशेष अनुरोध है कि अपार जनहित में उल्लिखित स्थल पर वीयर निर्माण हेतु संबंधित पदाधिकारी को अपने स्तर से निर्देश दिया जाये। वहीं विधानसभा सत्र के शून्यकाल के दौरान भी विधायक ने वीयर (बांध) निर्माण की मांग सरकार के समक्ष रखी और जल्द इस पर कार्रवाई करने की मांग की है ताकि जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र के लोगों की समस्या का समाधान हो सके।

### रातू : चट्टी में बाइक चोरी का प्रयास

**रातू।** थाना क्षेत्र के चट्टी निवासी अनमोल गुप्ता के घर के बाहर खड़ी रॉयल इनफील्ड जेएच 01 एफजे 4417 को मंगलवार की रात अपराधियों ने चोरी करने का असफल प्रयास किया। जानकारी के मुताबिक, श्री गुप्ता खाना खाने के बाद सोने चले गये। इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी में देखा की तीन अज्ञात अपराध कर्मी घर के बाहर खड़ी बुलेट मोटरसाइकिल में बंधे लोहे के सीकड़ को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इसके उपरांत, परिवार के लोग उठे और अंदर से ही हल्ला करने लगे। परिजनों के जगे होने की आहट सुन तीनों फरार हो गये। उनके भागने के बाद दरवाजे खोल लोग बाहर आये, तो बुलेट का दो लॉक टूटा था। श्री गुप्ता ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी है।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में रांची विभाग स्तरीय प्रधानाचार्यों की बैठक

**खलारी।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में विभाग स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विद्या भारती के झारखंड प्रांत के सचिव अजय कुमार तिवारी ने रांची विभाग के तीन जिलों से आए 25 प्रधानाचार्य के साथ सत्र 2024 25 में आयोजित विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता ,विद्यालय विकास के कार्य की योजना एवं इसके निमित्त सफल आयोजन के लिए नई दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर विद्यालय के उपाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, समिति सदस्य कुसुम रानी जैन, और विद्यालय के प्रधानाचार्य गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा के साथ विद्यालय के सभी आचार्य दीदी उपस्थित थे।

### बरगड़ी बस्ती में लगा ट्रांसफारमर, ग्रामीणों में हर्ष

**मांडर।** प्रखंड के बरगड़ी बस्ती में बुधवार को 100 के वी के ट्रांसफार्मर का उद्घाटन कांग्रेस ग्रामीण जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष शमीम अख्तर और तबारक खान ने संयुक्त रूप से किया। ट्रांसफॉर्मर के लग जाने से ग्रामीणों में काफी खुशी है। बरगडी गांव में कई दिनों से बिजली की समस्या से ग्रामीण परेशान थे। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के प्रयास से ट्रांसफॉर्मर लगाया गया। मौके पर शमीम अख्तर ने कहा कि विधायक का हमेश प्रयास रहता है कि ग्रामीणों की समस्या का जल्द से जल्द समाधान हो जाय। मौके पर दानियल कच्छप कुजूर, सलीम एक्का, सोहन एक्का, महाबीर लोहरा, रौशन एक्का आदि मौजूद थे।

### आर्ट ऑफ गिविंग भुनेश्वर सम्मेलन में डॉन बास्को एकेडमी मैक्लुस्कीगंज सम्मनित

**खलारी।** भुनेश्वर (ओडिशा) में चल रहे आर्ट ऑफ गिविंग सम्मेलन में डॉन बास्को एकेडमी मैक्लुस्कीगंज को सम्मानित किया गया। डॉन बास्को एकेडमी के सम्मनित होने से मैक्लुस्कीगंज क्षेत्र में हर्ष और लोगो ने दी बधाई। जानकरी के अनुसार झारखंड आर्ट ऑफ गिविंग अध्यक्ष सुबोधकांत सहाय महासचिव शेखर बोस ,संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने डॉन बास्को एकेडमी के शिक्षक कल्याण मोहन्ती जी को सम्मनित किया गया। डॉन बास्को एकेडमी मैक्लुस्कीगंज में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदशर्न करने के लिए सहित शिक्षा की अलख जगाने के लिए सम्मनित किया गया। वही इस समारोह में प्रोफेसर अचुत्य सामन्त संस्थापक किट्स किम्स एंड किस को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मनित किया गया। एकेडमी को सम्मनित होने पर क्षेत्र के सुरेंद्र नाथ पांडेय,लखन कुमार, जितेंद्र नाथ पांडेय,कमल मुंडा,लखन प्रसाद,राजेश प्रशांत,शुशील तिवारी सहित अन्य लोगो मे बधाई व हर्ष व्यक्त किया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने उतरेंगे भारतीय एथलीट, नीरज पर होगी निगाहें

## स्वप्निल 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन शूटिंग स्पर्धा के फाइनल में पहुंचे, ऐश्वर्या प्रताप बाहर



एजेंसी

**पेरिस।** भारत के स्टार निशानेबाज स्वप्निल कुसाले ने 50 मीटर एयर राइफल 3 पोजीशन फाइनल में जगह बना ली है। बुधवार को वह क्वालीफिकेशन स्पर्धा में सातवें स्थान पर रहे और टॉप-8 में जगह पक्की कर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। इसके अलावा ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर स्टैंडिंग पोजीशन के तीसरे और अंतिम चरण में चूक गए और परिणामस्वरूप 11वें स्थान पर रहे। शीर्ष आठ में रहने वाले एथलीट फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। स्वप्निल ने अंकों के मामले में निरंतरता दिखाई और प्रत्येक सीरीज में 99 अंक अर्जित किए। उन्होंने 13 मौकों पर इनर 10 रिंग्स (इनर 10 रिंग्स) हिट किये। स्वप्निल नीलिंग स्टेज के बाद छठे स्थान पर रहे। ऐश्वर्या नीलिंग स्टेज के बाद नौवें स्थान पर रहीं, उन्होंने पहली सीरीज में 98 अंक और दूसरी सीरीज में 13 सहित 99 अंक प्राप्त किये। प्रोन पोजिशन राउंड के बाद, हांग्जो एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता ऐश्वर्या ने अपने हमवतन को पछाड़ दिया और छठा स्थान प्राप्त किया, जबकि स्वप्निल 10वें स्थान पर आ गये। ऐश्वर्या ने प्रोन पोजिशन में अपना फॉर्म बरकरार रखा और पहली सीरीज में परफेक्ट 10 शॉट लगाये। उन्होंने इस स्टेज पर 199 अंक प्राप्त किए (सीरीज एक - 100 और सीरीज दो - 99) जिसमें 12 इनर 10-रिंग शॉट शामिल थे, जिसने उन्हें शीर्ष आठ में प्रवेश करने के लिए प्रेरित किया।

## दीपिका डच प्रतिद्वंद्वी को हराकर 1/8 एलिमिनेशन राउंड में पहुंचीं



एजेंसी

**पेरिस।** भारतीय तीरंदाज दीपिका कुमारी ने बुधवार को पेरिस ओलंपिक के 1/16 एलिमिनेशन राउंड में डच तीरंदाज रोफेन क्विंटी को 6-2 से हराकर 1/8 एलिमिनेशन राउंड में प्रवेश कर लिया। दीपिका मुकाबले में शुरू से ही हावी रहीं और उनकी प्रतिद्वंद्वी ने कुछ गलतियां भी कीं, जिससे मैच उनके पक्ष में हो गया। दीपिका ने पहले सेट की शुरूआत 29 अंकों से की, जबकि डच प्रतिद्वंद्वी केवल 28 अंक ही जुटा पायी। भारतीय तीरंदाज अब दो सेट अंकों से आगे चल रही थीं, लेकिन रोफेन ने मैच में वापसी की। उन्होंने दीपिका के 27 अंकों के मुकाबले अगले सेट में 29 अंक हासिल किए और अपनी प्रतिद्वंद्वी के साथ 2-2 से स्कोर बराबर कर लिया। डच तीरंदाज ने तीसरे सेट में एक अजीबोगरीब शॉट लगाया, जिससे स्कोरबोर्ड पर 0 अंक आ गए और फिर उन्होंने सेट गंवा दिया। भारतीय तीरंदाज ने आखिरी सेट में भी शानदार प्रदर्शन जारी रखा और अपनी प्रतिद्वंद्वी को 6-2 से हराया। इससे पहले, उन्होंने एस्टोनियाई प्रतिद्वंद्वी परनात रीना को एक मैच में हराया, जो टाई-ब्रेकर तक गया। भारतीय तीरंदाज से उम्मीद थी कि वह जल्द ही मैच को विफल कर देगी, लेकिन वह चौथे सेट में लड़खड़ा गई, जिससे प्रतिद्वंद्वी को बराबरी का मौका मिल गया। जल्द ही स्कोर 5-5 हो गया और रीना ने शूट-ऑफ में आठ अंक हासिल किए, लेकिन दीपिका ने 9 अंक हासिल करके इसे बेहतर बना दिया। 30 वर्षीय यह तीरंदाज देश की सबसे सफल तीरंदाज है, जिसने विश्व चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक सहित कई पदक जीते हैं। दीपिका अपना अगला मैच 3 अगस्त को दोपहर 1:52 बजे जर्मन प्रतिद्वंद्वी क्रॉपेन मिशेल के खिलाफ खेलेंगी।

## घुड़सवार अनुष अग्रवाल हुए ओलंपिक से बाहर



**वर्सेल्स (फ्रांस)।** भारत के एकमात्र घुड़सवार अनुष अग्रवाल ने सर कारामेलो ओल्ड पर सवार होकर बुधवार को 2024 ओलंपिक घुड़सवारी प्रतियोगिताओं के ड्रेसेज ग्रैंड प्रिक्स व्यक्तिगत क्वालीफायर राउंड में ग्रुप ई में नौवां स्थान हासिल किया। अपने समूह में नौवें स्थान पर रहने का मतलब था कि कोलकाता के 24 वर्षीय अग्रवाल, जो 17 साल की उम्र से जर्मनी में प्रशिक्षण ले रहे हैं, वो पहले चरण में प्रतियोगिता से बाहर हो गये। भारतीय घुड़सवार के लिए यह अभी भी एक अच्छी उपलब्धि थी क्योंकि अग्रवाल देश के लिए कोटा प्राप्त करने के लिए न्यूनतम पात्रता आवश्यकता (एमइआर) चार बार हासिल करने के बाद ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में ड्रेसेज में प्रतिस्पर्धा करने वाले पहले भारतीय बन गये।

### तरुणदीप को मिली शिकस्त

तरुणदीप राय राउंड ऑफ 64 में ग्रेट ब्रिटेन के टॉम हॉल से 6-4 से हार गए।

## श्रीजा अकुला सिंगापुर की जेंग जियान को हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं



एजेंसी

**पेरिस।** भारत की टेबिल टेनिस स्टार श्रीजा अकुला ने सिंगापुर की जेंग जियान पर 4-2 से धमाकेदार जीत दर्ज कर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। इसके साथ ही अकुला ने अपनी हमवतन खिलाड़ी की उपलब्धि की बराबरी कर ली है। अब श्रीजा अकुला राउंड ऑफ 16 यानि प्री-कार्टर फाइनल में प्रवेश कर भारत के लिए टेबिल टेनिस के प्री-कार्टर फाइनल में एंट्री करने वाली दूसरी महिला खिलाड़ी बन गईं हैं। इस मैच का पहला सेट जियान ने जीता, इसके बाद श्रीजा ने दूसरा (12-10), तीसरा (11-4) और चौथा सेट (11-5) से अपना नाम किया।

## बलराज रोइंग मुकाबले में फाइनल डी में पहुंचे

**पेरिस।** भारतीय रोवर बलराज पंवार ने बुधवार को पेरिस ओलंपिक 2024 में पुरुष एकल स्कल्स सेमीफाइनल सी/डी में 7:04.97 का समय लेकर छठा स्थान हासिल करते हुए फाइनल डी में पहुंच गये। बुधवार को हुये मुकाबले में भारत के एकमात्र रोवर पंवार शानदार प्रदर्शन करते हुए अगले दौर फाइनल डी में प्रवेश किया। अब 25 वर्षीय सेना के जवान पंवार शनिवार को दोपहर दो बजे पदक के लिए स्पर्धा करेंगे।

## भारत के मैच, 01 अगस्त का पूरा शेड्यूल

पेरिस ओलिंपिक 2024 का आगाज होने के बाद से अब तक भारतीय एथलीट का प्रदर्शन जबरदस्त रहा है। खासकर मनु भाकर ने काफी प्रभावित किया है। उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट और मिक्स टीम शूटिंग इवेंट में सरबजोत सिंह संग ब्रॉन्ज मेडल जीता है। अब तक भारत ने इस ओलिंपिक में दो मेडल जीते हैं। वहीं अब तीरंदाज दीपिका कुमारी भी प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। इसके अलावा भारतीय हॉकी टीम भी क्वार्टर फाइनल की ओर मजबूती से कदम बढ़ा रही है। इसके अलावा बैडमिंटन में लक्ष्य सेन भी कमाल कर रहे हैं। वहीं अब पेरिस ओलिंपिक 2024 के छठे दिन भी तमाम भारतीय एथलीट्स एक्शन में नजर आने वाले हैं।

**गोल्फ** पुरुष व्यक्तिगत फाइनल: गगनजीत भुल्लर और शुभंकर शर्मा – दोपहर 12.30 बजे।

**निशानेबाजी** पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (फाइनल): स्वप्निल कुसाले – दोपहर 1.00 बजे। महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (क्वालीफिकेशन): सिफत कौर सामरा और अंजुम मौदगिल – दोपहर 3:30 बजे।

**हॉकी** भारत बनाम बेल्जियम (ग्रुप चरण मैच): दोपहर 1:30 बजे।

**मुक्केबाजी** महिला फ्लाईवेट (प्री–क्वार्टरफाइनल): निकहत जरीन बनाम यू वू (चीन) – दोपहर 2.30 बजे।

**तीरंदाजी** पुरुष व्यक्तिगत (1/32 एलिमिनेशन): प्रवीण जाधव बनाम काओ वेनचाओ (चीन) – दोपहर 2:31 बजे
पुरुष व्यक्तिगत (1/16 एलिमिनेशन): दोपहर 3.10 बजे से।

**टेबल टेनिस** महिला एकल (क्वार्टर फाइनल): दोपहर 1.30 बजे से

**नौकायन** पुरुष डिंगी रेस एक: विष्णु सरवनन : दोपहर 3.45 बजे
पुरुष डिंगी रेस 2: विष्णु सरवनन : रेस 1 के बाद।
महिला डिंगी रेस एक: नेथ्रा कुमानन : शाम 7.05 बजे महिला डिंगी रेस दो: नेथ्रा कुमानन – रेस 1 के बाद।

## चोपड़ा के पास सुनहा अवसर



**पेरिस।** भारत का 29 सदस्यीय दल पेरिस ओलंपिक खेलों में गुरुवार से शुरू होने वाली एथलेटिक प्रतियोगिता में जब अपना अभियान शुरू करेगा तो सभी की निगाह नीरज चोपड़ा पर टिकी रहेंगी जो भाला फेंक में अपने खिताब का बचाव करके भारतीय खेलों के इतिहास में नया अध्याय जोड़ने की कोशिश करेंगे। चोपड़ा मामूली चोटों के कारण ओलंपिक से पहले अधिक प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले पाए थे लेकिन इसके बावजूद उन्हें लगातार दूसरे ओलंपिक स्वर्ण पदक के लिए प्रबल दावेदार माना जा रहा है। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा का क्वालीफिकेशन राउंड छह अगस्त को होगा। चोपड़ा अगर आठ अगस्त को स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहते हैं तो वह भाला फेंक में अपने खिताब का बचाव करने वाले दुनिया के पांचवें खिलाड़ी और लगातार दो व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगे। इससे पहले एरिक लेमिंग (स्वीडन 1908 और 1912), जॉनी मायरा (फिनलैंड 1920 और 1924), जान जेलेजनी (चेक गणराज्य 1992, 1996 और 2000) और एंड्रियास थोरकिल्डसन (नॉर्वे 2004 और 2008) ही ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने ओलंपिक की भाला फेंक स्पर्धा में अपने खिताब का बचाव किया।

## सिंधु ने प्री-क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया, कुबा को सीधे सेटों में हराया



एजेंसी

**पेरिस।** भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने विरोधी खिलाड़ी के खिलाफ शानदार जीत हासिल की है। सिंधू ने बुधवार को चल रहे पेरिस ओलंपिक 2024 के महिला एकल पूल एम मैच में एस्टोनिया की क्रिस्टिन कुबा को सीधे सेटों में हराकर राउंड ऑफ 16 चरण के लिए क्वालीफाई कर लिया है.पीवी सिंधु ने विरोधी खिलाड़ी के खिलाफ शुरूआत से ही मैच पर दबदबा बनाए रखा और पहला सेट आसानी से 21-5 से जीत लिया। उनकी प्रतिद्वंद्वी सिंधु के बैकहैंड शॉट्स को वापस करने में संघर्ष करती दिखीं, जिससे सिंधु ने दूसरा सेट 21-10 से जीतकर सीधे सेटों में जीत हासिल की। सिंधु ने कुबा के खिलाफ अपने मैच में मजबूत शुरूआत की, पहले तीन अंक जीते और जल्दी ही शुरूआती बढ़त हासिल कर ली। उसने नेट शॉट के साथ अपनी बढ़त को छह अंकों तक बढ़ाया और फिर एक भ्रामक रिटर्न किया जिससे कुबा जवाब नहीं दे सकी। एस्टोनियाइ के लिए कुछ अंक होने के बावजूद, सिंधु ने नियंत्रण बनाए रखा। कुबा ने एक अजीब ड्राइव शॉट की कोशिश की, लेकिन इसे सीमा में रखने में विफल रही, जिससे एक और अंक मिला। देरी से रिटर्न करने के कारण सिंधु ने कुछ समय के लिए एक अंक खो दिया, लेकिन जल्द ही क्रॉस-कोर्ट ड्राइव के साथ अपनी गति वापस पा ली, जिससे 13 अंकों की बढ़त हासिल हुई। सिंधु ने अपना दबदबा बनाए रखा, स्कोर को 18-3 तक बढ़ाया, इससे पहले कि एक लंबे रिटर्न ने कुबा को एक दुर्लभ अंक दिया। आखिरकार, सिंधु गेम पॉइंट पर पहुंच गईं और 21-5 के शानदार स्कोर के साथ पहला गेम आसानी से जीत लिया।

## लक्ष्य सेन ने प्री-क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया



**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक 2024 में के पांचवे दिन भारत के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन ने बुधवार को पुरुष एकल बैडमिंटन स्पर्धा में दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी पर सीधे सेटों में हरा दिया है। इस जीत के साथ ही वह प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। 22 वर्षीय लक्ष्य ने शानदार परिपक्वता और सामरिक कौशल का प्रदर्शन करते हुए मौजूदा ऑल इंग्लैंड और एशियाई चैंपियन क्रिस्टी को 21-18, 21-12 से हराया। यह एकतरफा मुकाबला साबित हुआ। प्री-क्वार्टर फाइनल में सेन का हमवतन एचएस प्रणय से मुकाबला होने की संभावना है।

## लवलीना बोरगोहेन ने दर्ज की शानदार जीत



**परिस।** भारत की शीर्ष मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने बुधवार को यहां पेरिस ओलंपिक 2024 में चल रहे ओलंपिक खेलों के महिलाओं के 75 किग्रा भार वर्ग के राउंड ऑफ 16 मैच में नोर्वे की सुन्नीवा हाफस्टेड पर जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इस मैच मेंलवलीना ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और 5-0 से जीत दर्ज कर ली। इस मैच में शुरूआत से ही लवलीना ने आक्रमक खेल दिखाया और अपने विरोधी खिलाड़ी पर लगातार प्रहार किए। उन्होंने अपने बेहतरीन पंचों से सभी जजों को खुद को पूरे अंके देने पर मजबूर कर दिया। इस मैच में नोर्वे की हाफस्टेड को खुद पर हावी होने का मौका तक नहीं दिया। लवलीना बोरगोहेन को इस मैच में 5 जजों से पहले और दूसरे राउंड में परफेक्ट 10 मिले, तीसरे राउंड में लवलीना ने तीन जजों से 9 और 2 जजों से 10 अंक पाये। मैच के अंत में उनका स्कोर 29, 30, 29,30, 29 था।

## राजेश्वरी व श्रेयसी सिंह का सफर हुआ खत्म



**पेरिस (फ्रांस)।** भारतीय निशानेबाज राजेश्वरी कुमारी और श्रेयसी सिंह, जिन्होंने कल महिला ट्रैप क्वालीफिकेशन स्पर्धा की शुरूआत की थी, अब वो बुधवार को पेरिस ओलंपिक 2024 के फाइनल के लिए कट-ऑफ में जगह बनाने में विफल रहीं। दोनों ने फ्रांस की राजधानी में अपना ओलंपिक पदार्पण किया। राजेश्वरी और श्रेयसी दोनों ने पांच राउंड के बाद 113/125 का कुल स्कोर किया और क्रमशः 22वें और 23वें स्थान पर रहीं। इस प्रतियोगिता के फाइनल में शीर्ष छह निशानेबाज पहुंचे हैं। इस बीच तीसरे राउंड में राजेश्वरी का 25/25 का स्कोर एकमात्र ऐसा मौका था जब किसी भारतीय निशानेबाज ने पेरिस 2024 में महिला ट्रैप क्वालीफिकेशन स्पर्धा में परफेक्ट स्कोर दर्ज किया। ओलंपिक डॉट कॉम के अनुसार, राजेश्वरी कुमारी 22वें और श्रेयसी सिंह महिला ट्रैप शूटिंग क्वालीफिकेशन राउंड में 23वें स्थान पर रहीं। दूसरी ओर पुरुष वर्ग में, भारतीय निशानेबाज स्वप्निल कुसाले पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन के क्वालीफिकेशन राउंड में सातवें स्थान पर रहे और इस मेगा इवेंट के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

# क्या चैंपियंस ट्रॉफी खेलने पाकिस्तान जाएगी टीम इंडिया भारत सरकार आतंकवाद को दरकिनार कर देगी मंजूरी ?

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान की मेजबानी में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन होने वाला है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल है कि भारतीय क्रिकेट टीम चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के लिए पाकिस्तान जाएगी या नहीं। इस सवाल का जवाब हाल ही में बीसीसीआइ के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने दे दिया है। उन्होंने टीम इंडिया के पाकिस्तान जाने की बात कही है।

### भारत चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के लिए पाकिस्तान जा सकती है : शुक्ला

राजीव शुक्ला ने बीते रविवार को उत्तर प्रदेश प्रीमियर लीग में खिलाड़ियों की नीलामी के दौरान मीडिया से बात की थी। इस दौरान उनसे चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर सवाल पूछा गया था। इस पर उन्होंने कहा था कि, इंडियन क्रिकेट टीम चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के लिए पाकिस्तान जा सकती है, लेकिन इससे पहले हमें भारत सरकार की रजामंदी जरूरी होगी। सरकार अगर पाकिस्तान जाने के लिए हरी झंडी दे देगी तो हम जरूर जाएंगे। सब कुछ सरकार के रुख पर निर्भर करता है और बीसीसीआइ सरकार के कहने के हिसाब से ही काम करेगी। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल उठता है कि क्या भारत सरकार टीम इंडिया को पाकिस्तान में जाकर क्रिकेट खेलने की अनुमति देगा।



### भारत सरकार क्यों पाकिस्तान में नहीं भेजती है अपनी क्रिकेट टीम

भारत सरकार और पाकिस्तान सरकार के बीच राजनैतिक संबंध ठीक नहीं हैं। पाकिस्तान की सीमा पर आतंकवाद पनपता है और भारत के पर पाकिस्तान की ओर से कई सारे आंतकी अटैक समय-समय पर किए जाते रहे हैं। साल 2009 में पाकिस्तान में बीच सड़क पर श्रीलंका क्रिकेट टीम पर गोलीबारी की गई थी, उसमें श्रीलंका टीम का स्टाफ और कुछ क्रिकेटर घायल हुए थे। इसके बाद से पाकिस्तान में क्रिकेट टीमों ने आना बंद कर दिया. अब जाकर टीमें वहां खेलने लगी है। उस समय सामने आईं कुछ मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो श्रीलंका की जगह पर भारतीय टीम वो दौरा करने वाली थी लेकिन भारत ने वो दौरा रद्द कर दिया था, जिसके बाद श्रीलंका पाकिस्तान गई थी। ऐसे में कहा जा सकता है कि भारत अपनी क्रिकेट टीम को आंतकी खतरे और दोनों देशों के राजनैतिक संबधों के ठीक न होने के कारण पाकिस्तान का दौरा नहीं करने देता है। अब भारत में 2026 टी20 वर्ल्ड कप होना है। उसमें आने से पाकिस्तान क्रिकेट टीम मना कर सकती है क्योंकि जब-जब भारत में कोई आइसीसी इवेंट होता है, तब-तब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड अपनी टीम को भारत भेजने से मना करती है लेकिन आइसीसी के दवाब के कारण उसे अक्सर भारत आने पड़ता है जबकि बीसीसीआइ भारतीय टीम को पाकिस्तान भेजने से साफ मना कर देती है। राजीव शुक्ला के बयान की माने तो टीम इंडिया का पाकिस्तान जाना संभव नहीं है, क्योंकि भारत सरकार टीम इंडिया को पाकिस्तान भेजने की अनुमति नहीं देगी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन फरवरी-मार्च में पाकिस्तान की मेजबानी में किया जाएगा। भारत के मैच पाकिस्तान के ड्रॉफ्ट शेड्यूल के अनुसार लाहौर में होने वाले हैं लेकिन बीसीसीआइ ने इस शेड्यूल को स्वीकार नहीं किया है। अब बीसीसीआइ चाहती है कि इस टूनामेंट को हाइब्रिड मॉडल (किसी और देश में) में कराया जाए, अगर भारत की टीम पाकिस्तान खेलने के लिए नहीं गई तो, इससे पहले एशिया कप की मेजबानी भी पाकिस्तान ने श्रीलंका के साथ मिलकर की थी, क्योंकि भारत ने पाकिस्तान में खेलने से मना कर दिया था।

## मनिका बत्रा प्री क्वार्टर फाइनल मैच में हारी

**पेरिस।** भारतीय स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा बुधवार को पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों में महिला एकल चरण के प्री क्वार्टर फाइनल मैच में हारकर बाहर हो गयी। स्टार पैडलर बत्रा को महिला व्यक्तिगत स्पर्धा के अंतिम 16 चरण में जापान की हिरानो मिउ के साथ मैच में करीबी मुकाबला में 01-04 से हार का सामना करना पड़ा। मिउ ने बत्रा को 6-11 , 9-11 , 14-12 , 11-08 , 11-06 से हराया।

## नोवाक जोकोविच क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

**पेरिस।** सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने बुधवार को पेरिस ओलंपिक खेलों में कोर्ट फिलिप-चैटरियर में पुरुष एकल के तीसरे दौर में जर्मनी के डोमिनिक कोएफर को 7-5, 6-3 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। पेरिस 2024 ओलंपिक में शीर्ष वरीयता प्राप्त जोकोविच का क्वार्टरफाइनल में आठवीं वरीयता प्राप्त ग्रीस के स्टेफानोस सितसिपास से मुकाबला होगा।

स्पीड न्यूज

## कड़ी मेहनत के अलावा कोई विकल्प नहीं : विनय

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के पुलिस महानिदेशक और पुलिस भवन निर्माण निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक विनय कुमार ने छात्रों को लक्ष्य तक पहुंचने के लिए निरंतर प्रयास और अनुशासन को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि कड़ी मेहनत के अलावा कोई विकल्प नहीं है। श्री कुमार ने यहां प्रतिष्ठित लंगट सिंह महाविद्यालय के वर्ष 2024-28 बैच के स्नातक छात्रों के स्वागत एवं उन्हें आगे की शैक्षणिक यात्रा के लिए तैयार करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में अपने संबोधन दौरान शिक्षा के महत्व और जिम्मेदार नागरिकों को आकार देने में इसकी भूमिका पर जोर दिया और कहा कि युवाओं को अपनी शैक्षणिक और व्यक्तिगत लक्ष्यों में समर्पण और दृढ़ता को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

## स्कूल के छात्र ने दूसरे छात्र को मारी गोली

**सुपौल।** बिहार में सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के लालपट्टी वार्ड नंबर 16 स्थित विद्यालय में बुधवार की सुबह एक पांच वर्षीय छात्र ने 11 वर्षीय छात्र पर पिस्तौल से गोली चला दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि सेंट जॉन बोर्डिंग स्कूल में पढ़ाई कर रहा पांच वर्षीय नर्सरी का एक छात्र अपने बैग में हथियार लेकर स्कूल पहुंचा और प्रार्थना से पहले तीसरी कक्षा के 11 वर्षीय एक छात्र पर गोली चला दी। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

## सुपौल में 30 किलोग्राम गांजा बरामद

**सुपौल।** बिहार के सुपौल जिले से सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों ने बुधवार तड़के 30 किलोग्राम गांजा बरामद किया। एसएसबी 45वीं बटालियन के कमांडेंट गौरव सिंह ने यहां बताया कि सूचना मिली थी कि सीमा स्तम्भ संख्या 207/ 9 के निकट तस्कर गांजा की खेप लेकर आ रहे हैं। इस सूचना के आधार पर कटैया के समीप नदी क्षेत्र में घेराबंदी की गयी। इस दौरान देखा गया कि एक व्यक्ति अकेले नांव में सामान लादे नदी पार करने की कोशिश में है। बल के जवानों को देखते ही उक्त व्यक्ति नाव से छलांग मारकर भागने में सफल हो गया।

## वज्रपात से भैंस की मौत



मृतक पशु।

**कांडी।** थाना क्षेत्र के रतनगढ़ निवासी प्रसाद यादव के एक दुधारू भैंस की वज्रपात की चपेट में आने से घटनास्थल पर मौत हो गई। इस संबंध में पशुपालक प्रसाद यादव ने बताया कि भैंस चराने के लिए घर से कुछ दूर ले गया था, उसी क्रम में भारी बारिश के साथ बिजली चमकी और वज्रपात हुआ जिससे मेरी भैंस की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। एक माह पूर्व भैंस बच्चा दी थी। भैंस सुबह -शाम मिलाकर लगभग 10 किलोग्राम दूध देती थी। भैंस की मौत से मेरा लगभग 50 हजार की संपत्ति का नुकसान हुआ है। प्रसाद यादव ने प्रशासन से मुआवजा दिलाने का गुहार लगाई है।

## लचर विद्युत आपूर्ति के विरुद्ध नागरिकों ने किया उग्र प्रदर्शन

**नवादा।** जिले के कौआकोल में इन दिनों बिजली की लचर व्यवस्था से स्थिति त्राहिमाम हो गई है। बिजली व्यवस्था दयनीय रहने के कारण हालात काफी गंभीर हो गई है। ऐसे में कौआकोल में ग्रामीण विद्युत उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा है। बुधवार को प्रखण्ड के पाली,गोला बाजार एवं बड़राजी गांव के ग्रामीणों एवं व्यवसायियों ने लचर विद्युत व्यवस्था के खिलाफ नाराजगी जताते हुए सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। दुकानदारों ने स्वेच्छापूर्वक बाजार बंद कर आन्दोलन का समर्थन किया। वहीं ग्रामीणों ने कौआकोल-पकरीबरावां मुख्य पथ को गोला बाजार के पास जामकर यातायात सेवा बाधित कर दिया। जिससे यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

# बेऊर जेल में बनी थी पूर्णिया तनिष्क लूट की योजना, चार गिरफ्तार

एजेंसी



**पूर्णिया।** पूर्णिया के प्रतिष्ठित तनिष्क शोरूम में 26 जुलाई को हुए बड़े लूटकांड के गिरोह का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस सनसनीखेज मामले में पुलिस ने चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है और चौंकाने वाला खुलासा किया है कि यह लूट बेउर जेल में बंद शातिर अपराधी सुबोध सिंह और उसके सहयोगियों द्वारा नियोजित की गई थी।

इसमें पूर्णिया के कुख्यात अपराधी बिट्टू सिंह का भी हाथ है। सुबोध सिंह अभी बंगाल के वर्धमान जेल में बंद है। सुबोध सिंह के ऊपर देश के दर्जनों राज्य में बड़े बड़े बैंक लूट के केस दर्ज हैं। सुबोध सिंह और बिट्टू सिंह ने मिलकर इस प्लान को तैयार किया। सहायक थाना कांड संख्या 146/24 दर्ज किया गया था, जिसमें धारा 310 (2) बी.एन.एस.- 2023 एवं 25 (1-बी) ए/26 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। घटना के उद्भेदन के लिए जिला पुलिस और पुलिस मुख्यालय से एसटीएफ की 10 अलग-अलग संयुक्त टीमें बनाई गईं। इन टीमों ने बिहार और पश्चिम बंगाल के कई जिलों में व्यापक छापेमारी की। जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। पता चला कि लूट की योजना बेउर जेल में बंद सुबोध सिंह और उसके सहयोगियों ने बनाई थी।

स्थानीय स्तर पर कुख्यात अपराधी बिट्टू सिंह, जो कुछ समय पहले बेउर जेल में सुबोध सिंह के साथ था, भी इस षड्यंत्र में शामिल था। अपराधियों को अररिया के शिवपुरी स्थित एक लॉज में रखा गया था, जहां स्थानीय और बाहरी अपराधियों की मीटिंग हुई। यह लॉज पूर्णिया जीएमसीएच के डाक्टर गोपाल झा का है। एसपी ने पूछने पर बताया कि इस लूट कांड में डाक्टर गोपाल झा जांच के दायरे से बाहर नहीं है। लूट की तैयारी के लिए अपराधियों ने अररिया और पूर्णिया के विभिन्न दुकानों जैसे मैक्स शॉपिंग मॉल, पॉलिटेक्निक चौराहा पूर्णिया, और रिलायंस ट्रेंड अररिया से कपड़े और अन्य सामान खरीदे।

घटना से एक सप्ताह पहले तनिष्क शोरूम की पुनः रेकी की गई। पुलिस ने इस मामले में चार अपराधियों को गिरफ्तार किया हैः जिनमे राहुल श्रीवास्तव पिता स्व.भोला प्रसाद श्रीवास्तव सा-आगापुर, थाना मंसूरचक, जिला बेगुसराय वर्त्तमान में लाईन बाजार पूर्णिया के पोस्टमार्टम रोड में श्रीवास्तव इमजेंसी के नाम से क्लीनीक चलाते है। अभिमन्यु सिंह पिता अरविंद कुमार सिंह सा-जयप्रकाश कॉलनी थाना मधुबनी जिला पूर्णिया। आनन्द झा पिता बिनोद झा बिमल झा सा-मजलीसपुर थाना पलासी जिला अररिया बमबम यादव पिता मुकेश यादव सा. सरसी मिल्की वार्ड नं-11 थाना, सरसी जिला पूर्णिया। जांच में यह भी पता चला कि घटनास्थल पर मौजूद अपराधियों का सीधा संपर्क बेउर जेल के अपराधियों से था और उन्हीं के निर्देश पर यह लूट की गई। चुनमुन झा नामक एक स्थानीय अपराधी भी इस घटना में शामिल था, जिसने मास्क पहन रखा था। उसके भाई आनंद झा ने भी लूट में सहयोग किया और बाद में चुनमुन का मोबाइल फोन जला दिया, जिसका अवशेष पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभी भी कई संयुक्त टीमें अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी और अधिक बरामदगी के लिए छापेमारी कर रही हैं।

# फसल को अधिक समय तक बचाने के लिए कोल्ड स्टोरेज और बेहतर किया जा रहा : मंगल पाण्डेय

एजेंसी



**पटना।** कृषि मंत्री मंगल पांडे ने कोल्ड स्टोरेज मालिकों के साथ बुधवार को बैठक की। ये बैठक बंद हो रहे कोल्ड स्टोरेज को लेकर की गई। कृषि मंत्री ने कोल्ड स्टोरेज मालिकों की समस्या सुनी। कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों के फसल को बचाने की अवधि के लिए कोल्ड स्टोरेज को और बेहतर किया जा रहा है। किसान आर्थिक रूप से और सशक्त हों इसके लिए कोल्ड स्टोरेज को और सुदृढ़ करने की जरूरत है। बड़े कोल्ड स्टोरेज नहीं छोटे-छोटे कोल्ड स्टोरेज भी किसानों के लिए बहुत जरूरी है।

मंगल पांडे ने कहा कि राज्य में कोल्ड स्टोरेज की संख्या पहले से कम हुई है। कोल्ड स्टोरेज मालिकों की समस्या को दूर करने के लिए सरकार काम कर रही है। कृषि मंत्री ने कहा कि कोल्ड स्टोर इकाई स्थापना में 25 लाख रुपये का खर्च आता है। सरकार कोल्ड स्टोरेज की स्थापना पर 12.50 लाख रुपये खर्च दे रही है। उन्होंने कहा कि बारिश नहीं होने के कारण किसानों को डीजल अनुदान देने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 150 करोड़ रुपये की राशि डीजल अनुदान के लिए सरकार खर्च कर रही है। सरकार ने डीजल अनुदान के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

उन्होंने बताया कि बिहार के 18 जिलों में 60 प्रतिशत से अधिक धान की रोपनी हो चुकी है लेकिन अन्य जिलों में बारिश कम होने से धान की रोपनी प्रभावित हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विशेष रूप से विभाग को किसानों को डीजल अनुदान देने के लिए निर्देशित किया है। जल्द से जल्द किसानों को डीजल अनुदान मिले इसके लिए विभाग आवेदन पर कार्रवाई शुरू कर चुकी है।


इस बैठक में खुलासा हुआ कि बिहार में 12 ऐसे जिले हैं, जहां पहले तो कोल्ड स्टोरेज था, अब बंद हो गए। इनमें मधुबनी, नवादा, औरंगाबाद, बांका, सहरसा, जमुई मुंगेर, जहानाबाद, लखीसराय, शेखपुरा, अरवल और शिवहर शामिल हैं। बिहार में कुल 202 कोल्ड स्टोरेज हैं, जिसमें 12.30 लाख मैट्रिक टन फसल सुरक्षित रखे जा रहे हैं। पांच कोल्ड स्टोरेज को-ऑपरेटिव समिति के हैं जबकि 197 कोल्ड स्टोरेज निजी हैं।

## मुंगेर में युवक की पीट-पीटकर हत्या

**मुंगेर।** बिहार में मुंगेर जिले के शामपुर थाना क्षेत्र में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गयी। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि गरभू स्थान के समीप अपराधियों ने एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान बहिरा गांव निवासी अभिनंदन सिंह (35) के रूप में की गयी है।

# झारखंड में राजग संग मिलकर लड़ेंगे विस चुनाव : श्रवण कुमार

एजेंसी



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड ने झारखंड में चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। जदयू झारखंड विधानसभा का चुनाव बीजेपी के संग मिलकर लड़ेगी। बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार ने झारखंड में इसी साल विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। इस चुनाव को देखते हुए सभी राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। जदयू नेता श्रवण कुमार ने कहा है कि झारखंड में उनकी पार्टी NDA के साथ चुनाव लड़ेगी।

श्रवण कुमार ने मीडिया से बातचीत में कहा, झारखंड में हमलोग भाजपा के साथ चुनाव लड़ेंगे। कितने सीटों पर लड़ेंगे और कौन-कौन विधानसभा पर लड़ेंगे, इसके लिए सभी नेता आपस में बातचीत कर सीटों और उम्मीदवारों का नाम तय करेंगे। उन्होंने कहा कि एनडीए से फाइनल बात होने के बाद उम्मीदवारों का चयन होगा। श्रवण कुमार ने कहा कि हम झालबजवा नहीं हैं। देश के किसी भी चुनाव में जेडीयू को साथ लेना ही पड़ेगा।

यहां आपको बता दें कि साल 2019 में भी जदयू ने झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ा था। पार्टी ने 40 सीटों पर चुनाव लड़ा था। हालांकि, पार्टी एक भी सीट पर जीत हासिल नहीं कर पाई थी। मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि इस बार जेडीयू झारखंड के 11 सीटों पर चुनाव लड़ने का मन बना चुकी है। 11 सीटों की सूची भी तैयार कर ली गई है और यह सूची झारखंड आलाकमान ने सीएम नीतीश कुमार को सौंप दी है। हालांकि, जनता दल यूनाइटेड इस बार बीजेपी के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ना चाहती है। अभी सीट बंटवारे या उम्मीदवार के नाम को लेकर कुछ भी नहीं कहा गया है।

## कथित चोर निकला मानसिक विक्षिप्त



मानसिक विक्षिप्त।

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** थाना क्षेत्र के खुटहेरिया गांव में मंगलवार की रात में ग्रामीणों ने एक अज्ञात चोर को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। बीडीसी अभिनंदन शर्मा के सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर उस व्यक्ति को लेकर थाना चली गयी।घटना के विषय में बिगन साह ने बताया कि उक्त चोर लगभग साढ़े आठ बजे मेरे घर के छत पर चढ़ा हुआ था।चलने की आवाज सुनकर टॉर्च से देखा तो एक आदमी छत पर है। हल्ला शोर मचाने पर वह छत से कूद कर भागने लगा। गांव के लोगों ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया। चोर चोर का शोर सुनकर अगल बगल के दूसरे गांव के सैकड़ों लोग जमा हो गए। पुलिस के पूछताछ में ग्रामीणों द्वारा पकड़ा गया वह कथित चोर मानसिक विक्षिप्त निकला। थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने बताया कि यह व्यक्ति चोर नही दिख रहा है। काफी पूछताछ किया गया। मैं दो जनप्रतिनिधि को बुलाया गया है उनके सामने इसे छोड़ दिया जाएगा।

# तेज बारिश से प्राथमिक विद्यालय बहेरवा के समीप निमार्णाधीन सड़क तेज बारिश मे टूटी

## सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल पर उफनाई नदी

खबर मन्त्र संवाददाता



टूटी सड़क।

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को अच्छी बारिश हुई। अच्छी बारिश से जहां किसानों के चेहरे खिल उठे हैं वहीं कुछ परेशानी भी उठाना पड़ रहा है। कांडी से मझिगांवा होते भवनाथपुर तक निमार्णाधीन सड़क प्रावि बहेरवा के पास तेज बारिश में बह गया। जिससे बहेरवा, रतनगढ़, मझिगांवा सहित लगभग आधा दर्जन गांव का सम्पर्क प्रखण्ड मुख्यालय कांडी से कट गया है। प्रावि बहेरवा के पास ह्यूम पाईप देकर सड़क का निर्माण किया गया था। जो आज हुई तेज बारिश में ह्यूम पाईप का सारा मिट्टी बह जाने से सड़क बह गया।

मालूम हो कि उक्त सड़क का निर्माण पिछले चार वर्षों से हो रहा है लेकिन आज तक पूरा नही हो सका है। जहाँ पर सड़क टूटी है वहां पर पानी का तेज बहाव होता है। उस जगह पर ह्यूम पाइप की जगह पर पुलिया का निर्माण जरूरी था। इससे पहले भी बरसात के दिनों में सड़क बह गया था। लेकिन फिर भी ह्यूम पाइप देकर सड़क का निर्माण किया जा रहा है। आज की तेज वर्षा के बाद पहली बार सतबहिनी झरना तीर्थ का झरना शुरू हो गया। झरना शुरू होने से उक्त स्थल का रौनक काफी बढ़ गया। झरना देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग सतबहिनी झरना स्थल पर पहुंचे।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय के सहायक शिक्षक ने प्रार्थना के दौरान बच्चो को सरस्वती वंदना करने से रोका, हंगामा

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड के मकरी पंचायत के धंगरडीहा स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पदस्थापित सहायक शिक्षक शेख तौहीद द्वारा बुधवार सुबह विद्यालय में प्रार्थना के दौरान बच्चो को सरस्वती वंदना करने से रोकने तथा साउंड सिस्टम तोड़े जाने से मामला सांप्रदायिक रंग ले लिया। इस दौरान शेख तौहीद के साथ विद्यालय के अन्य शिक्षकों में काफी नोंक झोंक भी हुआ। विद्यालय में सरस्वती वंदना रोके जाने की सूचना पर बजरंग दल तथा विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने विद्यालय पहुंचकर उक्त शिक्षक के प्रति आक्रोश जताया तथा समाज में धार्मिक उन्माद फैलाने को लेकर उक्त शिक्षक को अविलंब बर्खास्त करने की मांग करने लगे। उधर किसी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, एएसआई नारायण यादव पुलिस बल के साथ विद्यालय पहुंचे तथा उक्त शिक्षक को हिरासत में लेकर थाना लाया। जहां पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रेम कुमार यादव और बजरंग दल के द्वारा उक्त शिक्षक पर विद्यालय में धार्मिक उन्माद फैलाने का आरोप लगाते हुए कारवाई के लिए आवेदन दिया गया। जिस पर थाना प्रभारी ने आवेदन के आलोक में वरीय पदाधिकारी को पत्राचार करने की बात कही।



जानकारी लेती पुलिस।

जानकारी के अनुसार उत्क्रमित मध्य विद्यालय धंगरडीहा में बुधवार के सुबह प्रार्थना के बाद बच्चे सरस्वती वंदना कर रहे थे, तभी विद्यालय के ही सहायक शिक्षक शेख तौहीद बच्चो से कहा कि मेरे रहते इस विद्यालय में सरस्वती वंदना तो क्या कोई भी हिंदू देवी देवताओं का पूजा पाठ नहीं होगा, जब बच्चे नहीं माने तो उक्त शिक्षक ने सरकारी साउंड सिस्टम को पटक दिया। यह देख विद्यालय के ही सहयोगी शिक्षक निशीथ यादव ने उन्हें ये सब करने से रोकना चाहा तो शिक्षक शेख तौहीद उनसे धक्का मुक्की करते हुए अल्ला हू अकबर, नारे तकबीर जैसे धार्मिक उद्वघोष करने लगे। मामले को बढ़ता देख विद्यालय के एचएम द्वारा इसकी सूचना बीईईओ तथा स्थानीय थाने को दी।

मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रेमकुमार यादव, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष छवि कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष सुशीला देवी आदि उपस्थित थे।

### पहले भी शहीद हुए जवानों का जश्न मनाने का आरोप

ज्ञात हो कि बीते 2017 में पुलवामा में आतंकवादियों के हमले में शहीद हुए जवानों का जश्न मनाने का आरोप शिक्षक शेख तौहीद के उपर लगा था, उस समय उक्त शिक्षक द्वारा शहीद जवानों को लेकर आपत्तिजनक शब्द बोलते हुए विद्यालय में बच्चों के बीच मिठाईयां भी बांटी थी।

खबर एक नजर में

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म व अपहरण का आरोपी गिरफ्तार



गिरफ्तार शाहिद मंसूरी।

धुरकी। थाना पुलिस ने एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर शारीरिक संबंध बनाते हुए भगाकर ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने बताया कि धुरकी निवासी नाबालिग के पिता के लिखित आवेदन के आधार पर शाहिद मंसूरी उर्फ लल्लू मंसूरी ग्राम अजीत महल, थाना अजीत महल, जिला अवरईया उत्तर प्रदेश निवासी पर बहला फुसलाकर भगा ले जाने का रिपोर्ट दर्ज कराया था। जिसके बाद एक टीम का गठन कर आरोपी को नगर उटारी से गिरफ्तार किया गया। नाबालिग को आवश्यक कार्रवाई के पश्चात उनके माता पिता को सौंप दिया गया है।

## प्रेमचंद कल भी प्रासंगिक थे, आज भी हैं और कल भी रहेंगे : डॉ हरिनारायण

**दरभंगा।** हिंदी के अवकाश प्राप्त प्रोफेसर एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ. हरिनारायण सिंह ने प्रेमचंद के साहित्य में आदर्श एवं यथार्थ के समन्वय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रेमचंद कल भी प्रासंगिक थे, आज भी हैं और कल भी रहेंगे। डॉ सिंह ने प्रेमचंद की 144वीं जयंती के अवसर पर बुधवार को यहां महात्मा गांधी महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में आयोजित संगोष्ठी में कथा सम्राट प्रेमचंद के साहित्य में मानव मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि प्रेमचंद की कथाओं में मानव मूल्यों का महत्व अत्यधिक है। उनकी कहानियों में मानवता, करुणा, सच्चाई, न्याय, और समानता जैसे मूल्यों को प्रमुखता दी गई है। प्रेमचंद की कथाएं समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों के जीवन को चित्रित करती हैं और उनके संघर्षों, चुनौतियों, और उपलब्धियों को उजागर करती हैं। उनकी कहानियों में गरीबों, शोषितों और वंचितों के प्रति सहानुभूति और समर्थन का भाव दिखाया गया है। समाज में व्याप्त अन्याय और असमानता के खिलाफ आवाज उठाई गई है। प्रेमचंद की कथाएं मानव मूल्यों की महत्ता को रेखांकित करती हैं और हमें एक बेहतर समाज बनाने के लिए प्रेरित करती हैं।

## सभी जिलों में पंचायत स्तर तक योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान के व्यक्ति तक पहुंचे: महेश्वर हजारी

**पटना।** सूचना भवन में क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ राज्य स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए बुधवार को सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के मंत्री महेश्वर हजारी ने कहा कि सभी जिलों में पंचायत स्तर तक हमारे पदाधिकारी सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का होर्डिंग्स/फ्लेक्स के जरिए प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। ताकि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक राज्य सरकार की योजनाओं के लाभ की जानकारी पहुंचे। मंत्री हजारी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनता के लिए प्रतिबद्धता को इंगित करते हुए विभागीय पदाधिकारियों से योजनाओं के अधिकतम प्रचार-प्रसार के दायित्व को लक्षित करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जानकारियां त्वरित प्रसारित करें। जिसका सकारात्मक लाभ जनता तक पहुंचे । बैठक के दौरान निदेशक अमित कुमार ने बैठक को प्रारंभ करते हुए एजेंडावार समीक्षा की। इसके तहत उन्होंने विशेष प्रचार तथा अन्यान्य विषयक राशि के व्यय, सोशल मीडिया गतिविधियां, होर्डिंग्स/फ्लेक्स की स्थिति, नुक्कड़-नाटक कराए जाने का सीडी तथा कैमरे द्वारा सत्यापन कराए जाने सहित यूथ आउटरीच प्रोग्राम के संबंध में भी विस्तृत निदेश दिए। इस अवसर पर सभी जिलों के क्षेत्रीय पदाधिकारियों सहित विभाग के वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री प्रखण्ड परिवहन योजना के लिए आवेदन 01 अगस्त से 25 अगस्त तक

**कटिहार।** परिवहन विभाग के द्वारा जिले के सुदूर इलाकों को प्रखण्ड मुख्यालय से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना चलाई गई थी। इस योजना के तहत अब आवागमन की व्यवस्था को और सुदृढ़ करने तथा सभी प्रखण्डों में बस सेवा के माध्यम से जिला मुख्यालय को जोड़ने के लिए (मुख्यमंत्री प्रखण्ड परिवहन योजना) संचालित की गई हैं। जिले में पहले चरण में लक्ष्य प्राप्त नहीं होने के कारण अब दूसरे चरण की शुरूआत की गई है।

## पेज एक का शेष

### विधायकों से मिले सीएम, नहीं बनी बात

**मार्शल ने बैनर छीना, बाहर निकाला :** इस बीच भाजपा विधायकों ने बैनर लेकर सदन में प्रदर्शन शुरू कर दिया। विधानसभा के मार्शलों ने विपक्ष के बैनर छीन लिया। कार्यवाही स्थगित होने के बाद भाजपा विधायक आसन के सामने ही बैठ गये और मुख्यमंत्री का नाम लेकर जमकर नारेबाजी करने लगे। कार्यवाही समाप्त होने के बाद भी भाजपा विधायक आसन के सामने नारेबाजी करने लगे। मार्शलों ने उनका बैनर छीन लिया और भाजपा विधायकों को सदन से बाहर निकाला। विपक्ष के हंगामे के बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही 1 अगस्त सुबह 11 बजे तक के लिये स्थगित कर दी। स्थगन के बाद भी भाजपा विधायक वेल में जमे रहे। बिजली काट दी गई, जिसके बाद विधायक मोबाइल की लाइट जलाकर बैठे थे। एनडीए के 17 विधायक वेल में जमे रहे। इनमें आजसू के लंबोदर महतो भी शामिल हैं।

**सीएम से जवाब की मांग**

दरअसल, एनडीए विधायक सुबह से सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। वे सीएम से 2019 के विधानसभा चुनाव के वक्त किये गये वादों पर जवाब की मांग कर रहे थे। जवाब नही मिलने की स्थिती में बैनर पोस्टर लेकर वेल तक पहुंच गये। बाद में सभी विधायक वही धरने पर बैठ गये। भाजपा का कहना है की समय से दवाब आने के बाद सदने में उन मुद्दों पर चर्चा की जा सकेगी। कार्यवाही शुरू होते ही स्पीकर पर अवमानना को लेकर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी पर आरोप लगाया गया। इसके बाद दोनों पक्षों में तीखी नोंक-झोंक हुई। भोजनावकाश के बाद ध्यानाकर्षण की कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने व्यवस्था के तहत बताया कि सदन में सीएम द्वारा कहा गया है कि वह विपक्ष के सभी सवालों का जवाब देंगे। उन्हें सभी सवालों का जवाब आज ही देना चाहिए, ताकि उस पर मुकम्मल चर्चा हो सके।

**सदन में भारी हंगामा**

इससे पूर्व मानसून सत्र के चौथे दिन भी सदन में विपक्ष का हंगामा जारी रहा। सदन स्थगित होने के बाद भी भाजपा विधायक अंधेरे में जमे रहे। उन्होंने सीएम पर नौकरियों के नाम पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया। भाजपा ने पूछा कि सरकार ने झारखंड के युवाओं को पांच लाख नौकरी देने का वादा किया थाए उसका क्या हुआ। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि सीएम का जवाब मिलने तक भाजपा विधायक सदन से नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी दल हर मोर्चे पर नाकाम है। उन्होंने स्पीकर रवींद्र नाथ महतो पर भी निरपेक्ष ढंग से दायित्व निर्वहन नहीं करने का आरोप लगाया।

### आंगनबाड़ी केंद्रों को विकसित किया जायेगा

**अब 62 में रिटायर होंगी सेविका-सहायिका:** मानदेय को लेकर कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिये 9500 रुपये प्रतिमाह तथा सहायिकाओं के लिए 4750 रुपये प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। इसके अलावा प्रतिवर्ष क्रमशः 500 रुपये और 250 रुपये मानदेय वृद्धि का प्रावधान भी किया गया है। सेविकाओं और सहायिकाओं की सेवानिवृत्ति की उम्र बढ़ाकर 62 वर्ष कर दी गयी है।

### हेमंत के नेतृत्व में झारखंड खूब तरक्की करे : गंगवार

**12वें राज्यपाल :** संतोष गंगवार झारखंड के 12वें राज्यपाल हैं। 15 नवंबर 2000 को राज्य गठन के बाद सबसे पहले राज्यपाल के रूप में प्रभात कुमार ने शपथ ली थी। उसके बाद विनोद चंद्र पांडे, एम रामा जोइस, वेद प्रकाश मारवाह, सैयद सिब्ते रजी, के शंकर नारायणन, एमओएच फारूख, डॉ सैयद अहमद, द्रौपदी मुर्मू, (अब राष्ट्रपति) रमेश बैस और सीपी राधाकृष्णन इस पद पर रह चुके हैं।

# तेहरान में मारा गया हमास चीफ हनीयेह

**एजेंसी**
**तेहरान।** फिलिस्तीनी समूह ने कहा कि हमास चीफ इस्माइल हनीयेह और उनके एक बॉडीगार्ड की तेहरान में हत्या कर दी गई है। हमास चीफ इस्माइल हनीयेह की बुधवार सुबह तेहरान में उनके आवास पर हमला कर हत्या कर दी गई। समूह का कहना है कि हमले के बारे में ज्यादा जानकारी के लिए जांच की जा रही है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के बयान के अनुसार, हमला तेहरान में इस्माइल हनीयेह के ठिकाने को निशाना बनाकर किया गया। हमले में हमास चीफ के साथ-साथ उसका एक बॉडीगार्ड भी मारा गया। रिपोर्ट्स के अनुसार, हमास प्रमुख ने एक दिन पहले ही ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई से राजधानी तेहरान में मुलाकात की थी। बता दें कि इजरायल ने पिछले साल सात अक्टूबर के हमले के बाद इस्माइल हनीयेह को मारने और हमास समूह को खत्म करने की शपथ ली थी। पिछले साल 7 अक्टूबर को हमास द्वारा इजरायल पर अचानक किए गए हमले में लगभग 1200 लोग मारे गए थे। हमास ने लगभग 250 लोगों को बंधक भी बना लिया था। बताया जाता है कि हमास के पास अब भी 150 लोग बंधक हैं। वहीं, हमास का दावा है कि इजरायली हमलों में अब तक 39 हजार से अधिक फिलिस्तीनी नागरिकों की मौत हो चुकी है। इजरायल ने कहा है कि उसकी सेना ने इस ऑपरेशन में हमास और उसके सहयोगियों के 14 हजार से ज्यादा लड़ाकों को ढेर किया है। रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। ईरान के सरकारी टेलीविजन पर विश्लेषकों ने तुरंत इस हत्या के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराना शुरू कर दिया। इजराइल ने अभी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। हानिया ने 2019 में गाजा पट्टी छोड़ दी थी और कतर में निर्वासन में रह रहा था। गाजा में हमास का शीर्ष नेता ये सिनवार है, जिसने सात अक्टूबर को इजराइल पर हमले की साजिश रची थी। इस हमले में 1,200 लोग मारे गए थे और करीब 250 लोगों को बंधक बना लिया गया था। हनियेह की हत्या ऐसे वक्त में हुई है, जब अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रशासन हमास और इजराइल को एक अस्थायी संघर्ष विराम और बंधकों की रिहाई संबंधी समझौते पर राजी करने का प्रयास कर रहा है।

**▸▸ हमास का शीर्ष नेता ने इजरायल में सात अक्टूबर को हमले की साजिश रची थी और 1,200 लोग मारे गए थे और करीब 250 लोगों को बंधक बना लिया गया था**



**चीन ने किया पुरजोर विरोध**

: चीन ने हमास के पोलित ब्यूरो प्रमुख इस्माइल हनीयेह की हत्या का बुधवार को पुरजोर विरोध किया। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि चीन हमास पोलित ब्यूरो प्रमुख इस्माइल हनीयेह की हत्या को लेकर बहुत चिंतित है और इस हत्या का दृढ़ता से विरोध करता है तथा इसकी निंदा करता है।

### हत्या करने वालों को पछताना पड़ेगाः ईरान

ईरान ने इस हमले को कायरतापूर्ण बताते हुए कहा है कि यह देश की क्षेत्रीय अखंडता, गरिमा और सम्मान के खिलाफ है और इस आतंकवादी कार्रवाई में शामिल ताकतों को पछताना पड़ेगा। ईरान और कुछ अन्य इस्लामिक देशों के नेताओं ने प्रतिक्रिया देते हुए इस हमले के लिए यहूदियों (इजरायल) को जिम्मेदार ठहराया गया है, लेकिन अभी तक किसी ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।


## हिजबुल्लाह के शीर्ष कमांडर भी मारा गया

**एजेंसी**

**यरूशलम ।** इजरायल की सेना ने कहा है कि बेरूत में हवाई हमले में हिजबुल्लाह के शीर्ष सैन्य कमांडर फौद शोकोर को मार गिराया है। उसने कहा कि यह हत्या शनिवार को सीमा पार से किए गए रॉकेट हमले का बदला था, जिसमें 12 लोग मारे गए थे। लेबनान के उग्रवादी समूह हिजबुल्लाह ने हालांकि इसकी पुष्टि नहीं की है।

आईडीएफ के प्रवक्ता डैनियल हैगरी ने मंगलवार को तेल अवीव में एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि मंगलवार रात, आईडीएफ (इजरायल रक्षा बल) ने बेरूत में एक हमला किया, जिसमें फौद शोकोर को मार गिराया गया। फौद शोकोर को 'सैय्यद मुहसन' के नाम से भी जाना जाता था। वह हिजबुल्लाह के सबसे वरिष्ठ सैन्य कमांडर और रणनीतिक इकाई का प्रमुख था।₹ हगरी ने कहा कि शोकोर ने हिजबुल्लाह के महासचिव हसन नसरल्लाह के दाहिने हाथ के रूप में भी काम किया और हमले की योजना बनाने में नसरल्लाह का सलाहकार था। एक प्रेस विज्ञप्ति में, आईडीएफ ने शोकोर को शनिवार को इजरायल के कब्जे वाले गोलन हाइट्स के ड्रूज शहर मजदल शम्स में एक फुटबॉल मैदान में हुए रॉकेट हमले के लिए जिम्मेदार ठहराया था। आईडीएफ ने कहा, कमांडर फौद शोकोर के पास हिजबुल्लाह के अधिकांश हथियारों की जानकारी थी जिसमें मिसाइलें, क्रूज मिसाइलें, एंटी-शिप मिसाइलें, लंबी दूरी के रॉकेट और यूएवी शामिल हैं। वह इजरायल के खिलाफ आतंकी हमलों के लिए योजना बनाने और उसे पूरा करने के लिए जिम्मेदार था। मंगलवार रात को लेबनान की राजधानी बेरुत में जोरदार विस्फोट हुआ। सोशल मीडिया पर वीडियो फुटेज में एक आवासीय इमारत को क्षतिग्रस्त होते दिखाया गया, जिसका मलबा सड़क पर बिखरा हुआ था। लेबनानी मीडिया ने बताया कि इजरायली हमले में कम से कम एक और व्यक्ति की मौत हुई है और 35 लोग घायल हुए हैं।

**▸▸ आइडीएफ ने बेरूत में हमला कर शोकोर को मार गिराया**



# केरल के साथ चट्टान की तरह खड़ी है केंद्र सरकार : शाह

## 23 जुलाई को भारी बारिश की चेतावनी दी गयी थी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद को आज आश्वासन दिया कि मूसलाधार बरसात एवं भूस्खलन के केरल के वायनाड में हुई त्रासदी में केन्द्र सरकार केरल की सरकार एवं लोगों के साथ चट्टान की तरह डट कर खड़ी है तथा राहत, पुनर्वास के कार्यों में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। श्री शाह ने लोकसभा में नियम 193 के तहत केरल की बाढ़ की स्थिति पर संक्षिप्त चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि उनके विभाग के सहयोगी राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार एवं बुधवार को केरल की स्थिति पर बयान सदन के पटल पर रखे हैं तथा वह भी कुछ नये मुद्दों पर जानकारी देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सबसे पहले वह इस आपदा में उन लोगों के प्रति संवेदना प्रकट करते हैं जिन्होंने स्वजनों को खोया है या लापता हैं। उन्होंने कहा कि मैं एक बात स्पष्ट करना चाहता हूं कि आपदा के समय भारत सरकार एवं राजनीतिक दलों के लिए एक भी प्राथमिकता है कि हम केरल की सरकार, केरल के लोगों एवं वायनाड के लोगों के साथ चट्टान की तरह खड़े रहेंगे। उन्हें राहत एवं पुनर्वास के लिए भारत सरकार की ओर से हर संभव मदद प्रदान की जाएगी। चर्चा में सदस्यों द्वारा आधुनिक चेतावनी प्रणाली के बारे में सवाल उठाये जाने पर स्पष्टीकरण देते हुए श्री शाह ने कहा कि देश में हमारे पास विश्व का सबसे आधुनिक पूर्व चेतावनी प्रणाली है जो सात दिन पहले भी सटीक पूर्वानुमान देती है। चक्रवात, भूकंप, बिजली गिरने, सुनामी, बाढ़, भूस्खलन आदि के पूर्वानुमान सटीकता से मिल रहे हैं। ये उपकरण 2300 करोड़ रुपये की लागत से लगाये गये हैं। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन के लिए लोगों का बचाना, राहत एवं पुनर्वास की तैयारी के साथ शून्य जनहानि की योजना कार्यान्वित की गयी है। इस घटना के बारे में 18 जुलाई को पूर्वानुमान में सामान्य से बहुत अधिक वर्षा का अनुमान व्यक्त किया गया था। 23 जुलाई को चेतावनी दी गयी थी कि 20 मिलीमीटर से अधिक की बहुत भारी बरसात होगी। इसे देखते हुए उस दिन राष्ट्रीय आपदामोचन बल की आठ टीमें भेज दी गयी थीं।



### भूस्खलन से अब तक 162 की मौत, 91 लापता

वायनाड। केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बुधवार को बढ़कर 162 हो गई तथा 91 लोग अब भी लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार सुबह मेप्पाडी के वेल्लारीमाला गांव के मुंडक्कई और चूरमाला में भारी बारिश से हुए भीषण भूस्खलन के कारण कुल 191 लोग घायल हो गये। सभी घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा चूरमाला, अट्टामाला और मुंदक्कई और वेल्लारीमाला गांव का अधिकांश हिस्सा भूस्खलन में बह गया। मुंदक्कई पंचायत के सदस्य के बाबू ने कहा कि अब भी कई लोगों के मलबे में फंसे होने का संदेह है।

### नीट यूजी की काउंसिलिंग 14 अगस्त से शुरू होगी

**नयी दिल्ली।** नीट यूजी के लिए काउंसिलिंग 14 अगस्त से शुरू होगी। बुधवार को मीडिया से बातचीत में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के सचिव बी. श्रीनिवास ने बताया कि 14 अगस्त से काउंसिलिंग शुरू कर रहे हैं। हम छात्रों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर रहे हैं। काउंसिलिंग की प्रक्रिया 2 महीने तक जारी रहेगी। इसमें देशभर के पात्र छात्र भाग ले सकते हैं। काउंसिलिंग 4 राउंड में ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि काउंसिलिंग की दिशा निर्देश पहले जैसे ही रहेंगे। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा उपलब्ध डेटा के अनुसार काउंसिलिंग की जाएगी। श्रीनिवास ने कहा कि देश भर के लगभग 710 मेडिकल कॉलेजों में लगभग 1.10 लाख एमबीबीएस सीटों के आवंटन के लिए काउंसिलिंग होगी। इसके अलावा, आयुष और नर्सिंग सीटों के अलावा 21,000 बीडीएस सीटों के लिए भी काउंसिलिंग आयोजित की जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट के अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली याचिकाओं सहित कई याचिकाओं का निपटारा करने के बाद एनटीए ने शुक्रवार को विवादों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा के अंतिम परिणामों की घोषणा की थी।

## आइएएस प्रीति सूदन होंगी यूपीएससी की नयी अध्यक्ष

**केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और आयुष्मान योजना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी**



**नयी दिल्ली।** 1983 बैच की वरिष्ठ आइएस अधिकारी प्रीति सूदन को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की नई अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति भारतीय प्रशासनिक सेवा और सिविल सेवा परीक्षा प्रणाली में सुधार और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। प्रीति पूर्व स्वास्थ्य सचिव रही हैं। प्रीति आंध्र प्रदेश कैडर की आइएएस अधिकारी हैं। वो खाद्य प्रसंस्करण और पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन विभाग की सचिव रह चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने महिला और बाल विकास विभाग और रक्षा मंत्रालय में भी काम किया है। केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और आयुष्मान भारत का क्रेडिट जाता है। वो अप्रैल 2025 तक इस पद पर बनी रहेंगी। 20 जुलाई को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएसी) के चेयरमैन डॉ. मनोज सोनी ने अपने कार्यकाल पूरा होने से पहले ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। डॉ. मनोज सोनी ने अपने इस्तीफे की आधिकारिक वजह सार्वजनिक नहीं की है। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि व्यक्तिगत कारणों की वजह से उन्होंने यह निर्णय लिया था। मनोज सोनी को प्रधानमंत्री मोदी का करीबी माना जाता है।

## वंदे भारत की तर्ज पर चलेगा बुलेट ट्रेन : वैष्णव

**नयी दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि बुलेट ट्रेन की परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है और इसे स्वदेशी तकनीकी में ढाला जा रहा है तथा जैसे ही यह काम पूरा हो जाएगा, पूरे देश में वंदे भारत ट्रेन की तर्ज पर बुलेट ट्रेन का संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

श्री वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि बुलेट ट्रेन परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है और इसका बजट भी बढ़ा दिया गया है। इसे अत्याधुनिक तरीके से तैयार किया जा रहा है और कई जगह इसके लिए भूमि अधिग्रहण का काम भी किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल के लिए बुलेट ट्रेन चलाने संबंधित सवाल पर उन्होंने कहा कि बुलेट ट्रेन का डिजाइन आत्मनिर्भर भारत में बनने लगा है और सरकार का सारा फोकस इस समय बुलेट ट्रेन की तकनीक हासिल करने पर है। जैसे ही तकनीक पर पूरी तरह से पकड़ हो जाएगी, पूरे देश में वंदे भारत ट्रेन की तरह बुलेट ट्रेन की पहुंच बढ़ा दी जायेगी।

### खदानों की रॉयल्टी विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में आदेश सुरक्षित

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने वर्ष 1989 से खदानों और खनिज युक्त भूमि पर लगाई गई रॉयल्टी राज्यों को वापस किए जाने के सवाल पर बुधवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति अभय एस ओका, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा, न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा तथा न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह फैसला किया।

## पाक में शिया और सुन्नी संघर्ष में अब तक 43 लोगों की मौत

**खैबर पख्तूनख्वा।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी कुर्रम आदिवासी जिले में एक भूमि विवाद में सुन्नी और शिया जनजातियों के बीच जारी खूनी संघर्ष में अबतक 43 लोग मारे जा चुके हैं और 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं। स्थानीय जनजातीय जिरगा की सहायता और समर्थन से युद्धरत जनजातियों ने सोमवार को अस्थायी युद्ध विराम की घोषणा की। अस्थिर पहाड़ी कुर्रम क्षेत्र में पिछले कई दशकों में जनजातियों और धार्मिक समूहों के बीच सांप्रदायिक झड़पें और आतंकवादी हमले हुए हैं। सरकार के गृह और आदिवासी मामलों के विभाग के अनुसार, वर्तमान में कुर्रम में आठ बड़े संघर्ष देखने को मिले। पिछले सप्ताह शिया और सुन्नी के दो परिवारों के बीच एक संपत्ति के स्वामित्व को लेकर खूनी लड़ाई शुरू हुई थी। यह दुश्मनी तेजी से कई गांवों और बस्तियों में फैल गई जिसके बाद पूरे जिले में हिंसा होने लगी। मृतकों में 34 शिया जनजाति के और आठ सुन्नी जनजाति से थे। कुर्रम के मकबल और टेरी मंगल इलाकों में, रविवार रात और सोमवार सुबह तक शिया और सुन्नी जनजातियों के बीच गोलीबारी जारी रही।

वर्मा प्रेस प्रा0 लि0 राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

## बजट में सभी राज्यों को धन आवंटित : सीतारमण

**▸▸ कृषि और इससे जुड़े सेक्टर्स के लिए बजट में 1.52 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान है जो इससे पिछले वित्त वर्ष से 8000 करोड़ रुपये ज्यादा है**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को राज्यसभा में केंद्रीय बजट 2024-25 पर हुई चर्चा का जवाब दिया। वित्त मंत्री ने सदन को बताया कि बजट में आर्थिक वृद्धि, रोजगार, पूंजी निवेश और राजकोषीय मजबूती के बीच बेहतर संतुलन स्थापित किया गया है। बजट में किसी राज्य का नाम नहीं लेने का मतलब यह नहीं है कि उसे पैसे जारी नहीं किए गए हैं। वित्त मंत्री ने राज्यसभा में केंद्रीय बजट 2024-25 और जम्मू-कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के बजट 2024-25 पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि हम सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के सिद्धांत पर काम कर रहे हैं। यह सिद्धांत अगले पांच साल जारी रहेगा और हम तब तक इसे जारी रखेंगे जब तक भारत विकसित देश नहीं बन जाता।

सीतारमण ने चर्चा के दौरान विपक्ष पर दुष्प्रचार करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बजट भाषण में किसी राज्य का नाम नहीं होने का मतलब यह नहीं है कि उन्हें कोई पैसा नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि कृषि और इससे जुड़े सेक्टर्स के लिए केंद्रीय बजट में 1.52 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान है जो इससे पिछले वित्त वर्ष से 8000 करोड़ रुपये ज्यादा है। यूपीए सरकार के अंतिम वित्त वर्ष 2013-14 से यदि इसकी तुलना करें तो कृषि के लिए सिर्फ 30 हजार करोड़ का आवंटन हुआ था।



### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे अक्टूबर 2025 तक पूरा होगा : गडकरी

नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि भारत के सबसे लंबे ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे का निर्माण अक्टूबर 2025 तक पूरा हो जाएगा। गडकरी ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 1,386 किलोमीटर लंबाई वाले 53 पैकेजों में स्पर्स सहित दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य शुरू किया है। उन्होंने कहा कि जून 2024 तक कुल 26 पैकेज पूरे हो चुके हैं।




स्पीड न्यूज

### प्रियंका चोपड़ा ने शेयर की द ब्लफ की बीटीएस फोटो



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपनी आने वाली फिल्म द ब्लफ सेट से एक बीटीएस (बिहाइंड द सीन) फोटो शेयर की है। प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म द ब्लफ की शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन में फिल्म द ब्लफ के सेट से एक बीटीएस फोटो शेयर की, जिसमें एक पुरानी बंदूक दिखाई दे रही है। फोटो के साथ प्रियंका ने कैप्शन में लिखा, वाइल्ड! हमारे पीरियड के हिसाब से इस्तेमाल किए जाने वाले प्रॉप्स बहुत कूल हैं। फिल्म द ब्लफ में प्रियंका एक समुद्री डाकू की भूमिका निभाती दिखाई देंगी।

### हर्ष दीक्षित बने नड्डा के नये निजी सचिव

**नयी दिल्ली।** मध्य प्रदेश के 2013 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी और राजगढ़ कलेक्टर हर्ष दीक्षित को केंद्रीय स्वस्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का निजी सचिव नियुक्त किया गया। यह जानकारी कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की एक परिपत्र में दी गयी है।

### बीजद की मोहंता ने रास से दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में ओडिशा से बीजद की सदस्य ममता मोहंता ने सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को सदन को सुश्री मोहंता के इस्तीफे की सूचना दी। धनखड़ ने सदन को बताया कि मोहंता ने उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलकर सदन की सदस्यता से अपना त्याग पत्र सौंपा। मैंने स्वीकार कर किया। जा खेड़कर की अस्थायी उम्मीदवारी रद्द, सभी परीक्षाओं के लिए प्रतिबंधित

### खेड़कर सभी परीक्षाओं के लिए हुयीं प्रतिबंधित

**नयी दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग ने विवादों में घिरी प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी पूजा मनोरमा दिलीप खेडकर की अस्थायी उम्मीदवारी रद्द कर दी है और उन्हें भविष्य की सभी परीक्षाओं अथवा चयनों से स्थायी रूप से प्रतिबंधित कर दिया। आयोग ने बुधवार को बताया कि उपलब्ध दस्तावेजों की जांच के बाद सुश्री खेडकर को सिविल सेवा परीक्षा सीएसई-2022 नियमों के उल्लंघन का दोषी पाया गया है।

### न्यू जलपाईगुड़ी के समीप मालगाड़ी के 2 डिब्बे बेपटरी

**सिलीगुड़ी।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के न्यू जलपाईगुड़ी के समीप रंगापानी स्टेशन पर बुधवार को मालगाड़ी (तेल टैंकर) के दो डिब्बे पटरी से उतर गये। एनएफआर के सूत्रों के मुताबिक दुर्घटना पूर्वाह्न 11.00बजे उस समय हुई जब मालगाड़ी के चालक ने आपातकालीन ब्रेक लगाया जिससे दो डिब्बे पटरी से उतर गये। घटना में किसी के हताहत होने की रिपोर्टें नहीं है लेकिन रेल यातायात पर असर पड़ा है। डेका ने ली छत्तीसगढ़ के 10वें राज्यपाल की शपथ

### डेका बने छत्तीसगढ़ के 10 वें राज्यपाल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नव नियुक्त राज्यपाल रमेन डेका ने बुधवार को राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित गरिमामय समारोह में राज्य के 10वें राज्यपाल के रूप में अपने पद की शपथ ली। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने उन्हें शपथ दिलाई। राज्यपाल श्री डेका ने हिंदी में ईश्वर के नाम पर शपथ ली।